रांची
बुधवार
09.11.2022
मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 01
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-23 अंक-273 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**
सभी को सुख देने की क्षमता भले ही हमारे हाथ में ना हो, किंतु किसी को दुःख ना पहुंचे यह तो हमारे ही हाथ में है।

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार

19 दिन


कुल आवेदन प्राप्त 38,45,464*
कुल निष्पादन 25,21,997*
कुल प्रक्रियाधीन 13,23,467*

*डाटा जानकारी 8/11/2022, 06:00 PM
स्रोत :- https://sarkaraapkedwar.jharkhand.gov.in/

PR No. 281709 (IPRD) 2022-23
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार



## रांची में दिखा 2022 का आखिरी चंद्र ग्रहण



**रांची।** साल का दूसरा और आखिरी चंद्र ग्रहण मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा के दिन लगा। चंद्र ग्रहण रांची सहित देश के कई शहरों में देखा गया। चंद्र ग्रहण कुछ जगहों पर स्पष्ट दिखायी दिया, तो वहीं कुछ जगह पर यह आंशिक दिखा। वैज्ञानिकों के मुताबिक इस तरह का पूर्ण चंद्र ग्रहण अब साल 2025 में देखने को मिलेगा।

# आयकर छापा में 100 करोड़ से अधिक के बेहिसाब लेन-देन के मिले साक्ष्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में दो कांग्रेसी विधायक प्रदीप यादव, अनूप सिंह, उद्यमी शाह ब्रदर्स और उनके करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान दौरान आयकर विभाग को दो करोड़ नकदी व 100 करोड़ से अधिक के संदिग्ध लेन-देन व निवेश से जुड़े साक्ष्य मिले हैं। आयकर विभाग की रांची, गोड्डा, बेरमो, दुमका, चाईबासा, जमशेदपुर, पटना, गुरूग्राम और कोलकाता में 50 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी के बाद सेंट्रल बोर्डस ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज (सीबीडीटी) के प्रवक्ता सौरभ अहलूवालिया ने यह जानकारी दी है। अहलूवालिया ने बताया कि चार नवम्बर को आयकर विभाग ने दो राजनीतिज्ञों के साथ-साथ कोल ट्रांसपोर्ट, कोल कारोबार, सिविल कांट्रैक्ट, आयरन ओर के खनन व स्पंज आयरन निर्माण के क्षेत्र में काम करनेवाले उनके करीबियों के यहां छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में अनियमितता से जुड़े कागजात व डिजिटल साक्ष्य आयकर को मिले हैं। इस मामले में अनुसंधान जारी होने की बात आयकर विभाग ने कही है।

- कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव, अनूप सिंह व शाह ब्रदर्स व उनके करीबियों के छापे में मिले साक्ष्य
- सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज (सीबीडीटी) ने दी जानकारी
- चार और पांच नवम्बर को हुई थी आयकर विभाग की छापेमारी



### अचल संपत्ति में किया गया निवेश

**आयकर** विभाग ने बताया है कि जब्त कागजात व डिजिटल साक्ष्यों के सूक्ष्म अवलोकन से यह जानकारी मिली है कि ये ग्रुप्स अलग-अलग मॉड्स ऑपरेंडी का इस्तेमाल टैक्स चोरी व उसके बचाव के लिए करते थे। गलत तरीके से कैश लोन पेमेंट, रिसिट में गड़बड़ी कर टैक्स चोरी के साक्ष्य मिले हैं। आयकर ने बताया है कि टैक्स चोरी व गलत तरीके से की गयी आमदनी का भारी निवेश अचल संपत्ति की खरीद में किया गया है। पूछताछ में अचल संपत्ति के स्रोत की जानकारी देने में राजनीतिज्ञ व कारोबारी असफल रहे।

### एकाउंट ठीक से मेंटेन नहीं

**आयकर** विभाग ने पाया है कि सिविल कांट्रैक्ट से जुड़ी जिस कंपनी के यहां छापेमारी की गयी थी, वहां पाया गया है कि उसका खाता रेगुलर मेंटेन नहीं था। रॉ मेटेरियल की खरीद की राशि में व्यय असामान्य है। कांट्रैक्ट लेने के लिए घूस देने की बात भी आयकर की जांच में सामने आयी है। घूस के तौर पर भारी रकम देने की बात आयकर विभाग ने पकड़ी है। कोल कारोबार व आयकर ओर खनन से जुड़ी कंपनी के साइट पर अघोषित आयरन स्टॉक की बरामदगी हुई है। इसकी कीमत भी करोड़ों में आंकी गयी है। जांच में यह बात सामने आयी है कि इस कंपनी ने शेल कंपनियों के जरिये टैक्स की चोरी की। साथ ही ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## प्रकाश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक और पवित्र दिन है। आज के इस पवित्र दिन को गुरु पूर्णिमा के रूप में भी मनाया जाता है। मुझे भी आज इस परिसर में गुरुग्रंथ साहिब के स्थापना स्थल पर मत्था टेकने का मौका मिला है। वैसे तो इस अवसर पर मैं यहां कई बार आ चुका हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक संकट कोरोन संक्रमण काल तथा अन्य विकट परिस्थितियों में सिख समुदाय गरीब-जरूरतमंद लोगों के बीच मजबूती के साथ खड़ी रही है। इनका सहयोग लोगों को हमेशा मिलता है। राज्य सरकार सिख समुदाय के साथ सदैव खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं गुरुनानक देव जयंती पर उन्हें नमन करता हूं। मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को 553वें प्रकाश पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मौके पर मुख्यमंत्री ने गुरुनानक स्कूल से कडरू रोड को जोड़ने वाली पीसीसी पथ का उद्घाटन किया।

## पीएम ने गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर दी बधाई

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिखों के पहले श्री गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर लोगों को बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने पंजाबी में ट्वीट करते हुए श्री गुरु नानक देव का वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि एक न्यायपूर्ण और करुणामय समाज के निर्माण के हमारे प्रयास में उनकी शिक्षाएं हमारा मार्गदर्शन करती रहें। प्रधानमंत्री ने सिख गुरु की 553वीं जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को आयोजित एक समारोह को संबोधित किया था। उन्होंने कहा था कि गुरु के विचारों से प्रेरित होकर देश 130 करोड़ भारतीयों के कल्याण की भावना से आगे बढ़ रहा है।



## विधायक के पीए ने देवघर में खरीदी करोड़ों की जमीन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य में आयकर विभाग की छापेमारी में शेल कंपनियों के जरिये ट्रांजेक्शन, कई संदिग्ध कंपनियों के जरिये अनिसक्योरड लोन का खुलासा तो किया ही है, करोड़ों के अचल संपत्ति में निवेश यानि खरीद की जानकारी ईडी को हासिल हुई है। आयकर विभाग के सूत्रों की मानें तो एक विधायक प्रदीप यादव के पीए रहे देवेंद्र पंडित के नाम पर देवघर में 40 करोड़ से अधिक की जमीन है। हालांकि, इस जमीन का मूल्य 12 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। आयकर विभाग के सूत्रों व सीबीडीटी ने स्पष्ट किया है कि विधायक व उनके करीबियों ने अचल संपत्तियों ने निवेश किया है। इन निवेश के सारे साक्ष्य जुटाये जा रहे हैं।

**निशिकांत ने ट्वीट कर घेरा :** सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज के जारी विज्ञप्ति के बाद गोड्डा सांसद ने ट्वीट के जरिये आयकर रडार पर आये दोनों कांग्रेसी विधायकों को घेरा है। उन्होंने लिखा है कि झारखंड कांग्रेस के विधायकों ने दो दिनों से चिल्ला-चिल्लाकर आयकर विभाग के छापे पर अपनी चोरी छिपाने की कोशिश की। सत्य सामने आया आयकर विभाग ने 100 करोड़ से ऊपर की चोरी पकड़ने की जानकारी जनता को दी। निशिकांत ने लिखा कि सब लिखी किताब बंद होगी।

# लुगुबुरु के समग्र विकास पर 30 करोड़ रुपये किये जायेंगे खर्च : हेमंत सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** लुगुबुरु घंटाबाड़ी धोरोमगाढ़ संताल आदिवासियों की आस्था और विश्वास का सबसे बड़ा केंद्र है। यह उनके धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा है। इस पवित्र धार्मिक स्थल के समग्र विकास पर 30 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आज यहां आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संताल सरना धर्म महासम्मेलन में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस राशि से यहां सौंदर्यीकरण के साथ पहाड़ तक जाने के लिए सड़क, लाइब्रेरी, शौचालय समेत अन्य सुविधाएं मुहैया करायी जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी बाहुल्य गांव में जनजातीय परंपराओं को बनाये रखने के लिए भवन बनाने की योजना सरकार बना रही है। यहां मानकी, मुंडा, परगनैत, मांझी शासन-व्यवस्था का संचालन बेहतर तरीके से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय के सभी पूजा स्थलों, सरना स्थलों की घेराबंदी की जायेगी।

- संतालियों के धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा है लुगुबुरु
- सांस्कृतिक और पारंपरिक व्यवस्था की अक्षुण्णता ही हमारी पहचान : हेमंत

**दो वर्षों के बाद भव्य और विशाल आयोजन :** मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना की वजह से दो सालों तक पूरी दुनिया की सारी व्यवस्थाएं ठप्प हो गयी थी। इस वजह से कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लुगु बाबा के दरबार में पूजा अर्चना करने हेतु श्रद्धालु नहीं आ सके थे। लेकिन, इस बार लुगू बाबा के दर्शन और आराधना के साथ अंतर्राष्ट्रीय संताल सरना महासम्मेलन में देश-विदेश से लाखों की ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### मुख्यमंत्री ने सपरिवार विधि-विधान से की पूजा-अर्चना



**मुख्यमंत्री** ने इस अवसर पर सपरिवार लुगुबुरु घंटाबाड़ी धोरोमगाढ़, ललपनिया, बोकारो में लुगु बाबा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्य की उन्नति-सुख-समृद्धि- शांति-सद्भाव और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री के यहां स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सीएम का आज पाकुड़ दौरा, करोड़ों की परिसंपत्ति का करेंगे वितरण

**पाकुड़।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आज पाकुड़ दौरे के मद्देनजर आगमन एवं योजनाओं के शिलान्यास व उद्घाटन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। मुख्य कार्यक्रम स्थल कृषि उत्पादन बाजार समिति में मंच पंडाल निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक सीएम 9 नवम्बर को ग्यारह बजकर चालीस मिनट पर हैलीपेड पर पहुंचेंगे एवं 11 बजकर 50 मिनट पर बाजार समिति में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। सीएम करोड़ों रुपये की परिसंपत्ति वितरण के साथ ही योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन भी करेंगे। कार्यक्रम स्थल के अलावे हैलीपैड की सुरक्षा चाक-चौबंद की गयी है। प्रमुख लोगों के अलावे कार्यक्रम में भाग लेनेवालों को सुरक्षा जांच घेरे से से गुजरना होगा। सीएम के कार्यक्रम को लेकर पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने सुरक्षा में तैनात जवानों एवं अधिकारियों के साथ बैठक भी की है।

# आज से मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मतदान में युवाओं की भागीदारी ज्यादा से ज्यादा सुनिश्चित करने के लिए नौ नवम्बर से आठ दिसम्बर तक मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 की शुरुआत हो रही है। इसमें 1 अक्टूबर 2005 से पहले जन्म लेनेवाला भारत का कोई भी नागरिक मतदाता पहचान पत्र के लिए आवेदन कर सकता है। यदि उसकी उम्र 18 वर्ष नहीं भी हुई हो, तो भी वह आवेदन कर सकता है। उसे आवेदन करने के लिए 18 वर्ष पूरा होने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उक्त जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। श्री कुमार ने कहा कि एडवांस एप्लिकेशन लेने का उद्देश्य मतदान में युवाओं की भागीदारी बढ़ाना है। साथ ही इससे समय की बचत होगी। उन्होंने कहा कि मतदाता पहचान-पत्र के लिए आवेदन करने की अहर्ता तिथि 1 अक्टूबर 2005 रखने का उद्देश्य यही है कि 17 वर्ष की आयु वाले भी इसके लिये आवेदन कर सकते हैं, ताकि आनेवाले वर्ष 2023 में 18 वर्ष पूरा होने पर वोटर आईडी उसके हाथ में रहेगा। इससे आने वाले मतदान में उसकी भागीदारी सुनिश्चित होगी।

- 01 अक्टूबर 2005 से पहले जन्म लेनेवाला भारत का कोई भी नागरिक मतदाता पहचान पत्र के लिए कर सकता है आवेदन

### युवाओं को फोकस में रखकर पुनरीक्षण कार्यक्रम तीन चरण में होगा पूरा



**मुख्य** निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि युवाओं को फोकस में रखकर पुनरीक्षण अवधि के दौरान तीन सप्ताह में कार्यक्रम तय किये गये हैं। जिसमें प्रथम सप्ताह में नौ नवम्बर से 15 नवम्बर तक शहरी क्षेत्रों के सभी अपार्टमेंट्स में, दूसरे सप्ताह में 16 नवम्बर से 22 नवम्बर तक सभी सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूल में जिसमें +2 में पढ़ रहे बच्चे जिनकी उम्र 17 वर्ष हो गयी हो, उनसे आवेदन लिये जायेंगे। तीसरे सप्ताह में 23 नवम्बर से सभी कॉलेज और विश्वविद्यालयों में कैंप का आयोजन किया जायेगा एवं बीएलओ द्वारा मतदाता पहचान पत्र बनाने के लिए आवेदन लिया जायेगा। साथ ही पंजीकरण/सुधार आदि हेतु दावा आपत्ति पत्र प्राप्त किये जायेंगे।

**राज्य में हैं 2 करोड़ 39 लाख 89 हजार 195 मतदाता :** नये वोटर लिस्ट का प्रकाशन पांच जनवरी 2023 को होगा, जिसको लेकर भारत निर्वाचन आयोग ने तैयारी शुरू कर दी है। आयोग के आंकड़ों के अनुसार राज्य में मतदाताओं की संख्या वर्तमान में 2 करोड़ 39 लाख 89 हजार 195 मतदाता है, जबकि अनुमानित जनसंख्या 4 करोड़ 14 लाख 71 हजार 111 है।

## 95 वर्ष के हुए लाल कृष्ण आडवाणी, पीएम मोदी समेत कई भाजपा नेताओं ने दी बधाई



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व उप प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सबसे लंबे समय तक अध्यक्ष रहे लाल कृष्ण आडवाणी मंगलवार को 95 वर्ष हो गये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत पार्टी के नेताओं ने उन्हें जन्मदिन के मौके पर बधाई दी। पार्टी के विकास के सूत्रधार माने जानेवाले आडवाणी को जन्मदिन की बधाई देते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि उन्होंने (आडवाणी) अपने अथक प्रयासों से देश भर में पार्टी संगठन को मजबूत किया और सरकार का हिस्सा रहते हुए देश के विकास में भी अमूल्य योगदान दिया। वहीं, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने आडवाणी को प्रेरणा स्रोत बताया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आडवाणी ने देश, समाज और पार्टी के लिए बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया है और उन्हें देश की दिग्गज हस्तियों में शुमार किया जाता है। अविभाजित पाकिस्तान के कराची शहर में 1927 में जन्मे आडवाणी कम उम्र में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) में शामिल हो गये और बाद में जनसंघ के लिए काम किया जहां उन्होंने अपनी संगठनात्मक क्षमताओं के साथ अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की। वह 1980 में भाजपा के संस्थापक सदस्यों में रहे और कई दशकों तक पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के साथ पार्टी का मुख्य चेहरा बने रहे। वाजपेयी सरकार में आडवाणी ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## न्यूज गैलरी

### उत्पाद विभाग की टीम ने अवैध शराब माफियाओं पर कसा शिकंजा

**रांची।** उत्पाद विभाग की टीम लगातार अवैध शराब माफियाओं पर शिकंजा कस रहा है। इसी कड़ी के तहत विभाग की टीम ने कांके के प्रेम नगर नदी किनारे स्थित अर्धनिर्मित मकान से 85 पेटी शराब बरामद की है। शराब की कीमत करीब ढाई लाख रुपए है। जानकारी के अनुसार उत्पाद आयुक्त कामेश्वर प्रसाद को गुप्त सूचना मिली कि कांके के प्रेम नगर में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। विभाग की टीम ने मंगलवार की सुबह प्रेम नगर पहुंची। हालांकि टीम के आने की खबर शराब माफियाओं को पहले ही लग गयी थी। इस वजह से जब विभागीय टीम पहुंची तो वे आने से पहले ही फरार हो गए। टीम ने मकान के दरवाजे में लगे ताला को तोड़ा। उसमें रखे शराब की पेटी को जब्त किया। अब टीम अर्धनिर्मित मकान के मालिका का पता लगा रही है। बता दें कि एक माह पहले विभाग की टीम ने सात सौ पेटी अवैध शराब रातू से बरामद किया था। टीम में एसआई प्रदीप शर्मा, प्रेम उरांव, अशोक कुमार, पंकज कुमार, अन्नू प्रताप समेत अन्य लोग शामिल थे। मामले में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### ऑटो की हुई चोरी, थाना में दिया आवेदन

**मांडर।** मांडर थाना क्षेत्र के ब्राम्बे साप्ताहिक बाजार से एक ऑटो की चोरी की जानकारी मिली है। चुन्द निवासी राजदेव नायक ईमली पेड़ के निकट ऑटो जेएच 08/1215 खड़ा कर सब्जी खरीदने दोपहर लगभग 4:30 बजे गया और लौट कर आने पर ऑटो नहीं पाकर उसके होश उड़ गए।बाजार में खोज बिन करने के बाद अन्तत: थाने आकर उसने ऑटो चोरी के संबंध में आवेदन दिया। मांडर पुलिस ने धारा 389 के अप्राथमिकअभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षण में रांची भेज दिया है। थाना कांड संख्या 28/16के अप्राथमिकी अभियुक्त मान सिंह मार्डी पिता दांतुस मार्डी झोपड़ी कलोनी घोंझर टोली, माराफारी बोकारो का रहने वाला है।

### नामकुम के राष्ट्रीय द्वितीयक कृषि संस्थान में दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**नामकुम।** राष्ट्रीय द्वितीयक कृषि संस्थान, नामकुम में 10 दिवसीय प्राकृतिक राल एवं गोंद विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के दूसरे दिन विनोद बिहारी महतो, कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, सासाराम, बिहार के बीएससी एवं एमएससी. (कृषि) संकाय के 44 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सह संस्थान के प्रभारी निदेशक, डॉ. निर्मल कुमार ने कहा कि लाख कीट पालन, प्रसंस्करण एवं उनके उपयोग के क्षेत्र में कृषि के छात्र-छात्राओं के लिए अपार संभावनाएं है तथा इसमें वे अपना भविष्य बना सकते हैं। समारोह में अपने संबोधन में डॉ ज्योर्तिमय घोष संयोजक ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को संस्थान के विषेषज्ञों के द्वारा लाख की खेती प्रसस्करण एवं विभिन्न उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात उन्हें अवश्य लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम के सह संयोजक डॉ. राहुल आर. बाकड ने किया।

### गरीब रथ और क्रिया योगा एक्सप्रेस ट्रेन में तिलचट्टे मिले तो अधिकारी निरीक्षण करने पहुंचे

**रांची।** रांची मण्डल के गरीब रथ और क्रिया योगा एक्सप्रेस ट्रेन में तिलचट्टे पाये जाने की पिछले दिनों यात्रियों ने शिकायतें की थी। यात्रियों की इन शिकायतों को रेल प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया और शिकायतों को दूर करने को लेकर अपर मण्डल रेल प्रबन्धक मनीष कुमार ने हटिया कोचिंग डिपो के वॉशिंग लाईन में सफाई की जा रही ट्रेनों का मंगलवार को निरीक्षण किया। इस दौरान ट्रेन संख्या 12877 रांची-नई दिल्ली गरीब रथ एवं ट्रेन संख्या 18616 हटिया-हावड़ा क्रिया योगा एक्सप्रेस के रेक का बारीकी से निरीक्षण किया। अपर मंडल रेल प्रबंधक ने कोचिंग डिपो अधिकारी व पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया कि सभी ट्रेनों में पेस्ट कंट्रोल और रोडेन्ट कंट्रोल अविलंब कराएं। साथ ही कहा कि कीटनाशकों का छिड़काव और प्रभावशाली तरीके से किया जाए जिससे भविष्य में यात्रियों को तिलचट्टों एवं चूहों के कारण कोई परेशानी न हो।

# आईपीएचसी की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए मुख्यमंत्री

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** समाज के विकास में मिशन संस्थाओं का महत्वपूर्ण योगदान-मिलजुल कर झारखंड को विकसित राज्य बनायें : हेमंतनवीन मेल संवाददातारांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि इंटरनेशनल पेंटेकोस्टल होलीनेस चर्च (आईपीएचसी) विगत 100 साल से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब, जरूरतमंद, पिछड़े-कमजोर तथा आदिवासी समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। यह संस्थान ऐसे वर्ग के लोगों को अपने पैरों पर खड़ा कर उन्हें बल देने का काम कर रही है। झारखंड अत्यंत पिछड़े राज्यों में से एक माना जाता है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में बसनेवाले लोग कठिन जीवन से गुजरते हैं, ऐसे लोगों के बीच पहुंचकर आपकी संस्था उन्हें मार्गदर्शन देकर आगे बढ़ने की ताकत दे रही है। आज मैं इस मंच के माध्यम से आप सभी को तहे दिल से धन्यवाद देता हूं। उक्त बातें मुख्यमंत्री ने आज सिरम टोली चौक रांची स्थित होटल मेपलवुड में आईपीएचसी के 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि मुझे कई जगह मिशन संस्थाओं के साथ काम करने तथा विकासात्मक योजनाओं पर विचार-विमर्श करने का मौका मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के आदिवासियों और मूलवासियों में जो शैक्षणिक और बौद्धिक विकास हुआ है इसमें कहीं न कहीं मिशन संस्थानों का महत्वपूर्ण भूमिका रहा है। सुदूर क्षेत्रों में जहां मूलभूत सुविधाओं जैसे सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा की कमी है वैसे क्षेत्रों में मिशन संस्थाओं ने सकारात्मक कार्य कर मील का पत्थर स्थापित करने का काम कर दिखाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा प्रयास रहा है कि हम सभी लोग मिलजुल कर इस राज्य को विकसित राज्य बनाने की ओर आगे बढ़ायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के लोग सरल स्वभाव के होते हैं। कभी-कभी इनके सरल स्वभाव का दुरुपयोग भी किया जाता है। यहां के लोग सरल तथा सीधे स्वभाव के होने के कारण कार्यपालिका की मकड़जाल को नहीं समझ पाते हैं और सरकार की भावी योजनाओं से वंचित रह जाते हैं, हमें उनके साथ खड़े रहने की आवश्यकता है। देश का 42 प्रतिशत खनिज संपदा झारखंड में निकलता है। झारखंड की संपदा देश में रोशनी तथा देश की अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा बना हुआ है।सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रहनेवाले लोगों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने की अपीलमुख्यमंत्री ने सभी से अपील करते हुए कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रहनेवाले चिन्हित गरीब-जरूरतमंद परिवारों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करने की जरूरत है।



> ◆मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि मुझे कई जगह मिशन संस्थाओं के साथ काम करने तथा विकासात्मक योजनाओं पर विचार-विमर्श करने का मौका मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के आदिवासियों और मूलवासियों में जो शैक्षणिक और बौद्धिक विकास हुआ है।

### लाली गांव में पानी की समस्याओं को लेकर ग्रामीणों की बैठक

## पानी की समस्या का निराकरण नहीं होने पर होगा आंदोलन : आरती कुजूर



नवीन मेल संवाददाता

**नामकुम।** लाली पंचायत के लाली महुवा टोली के ग्रामीण पानी व अन्य समस्याओं को समस्याओं को लेकर भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर ने ग्रामीणों के साथ मुलाकात की। इस मौके पर आरती कुजूर ने कहा कि गांवों में हजारों की अबादी होने के वावजूद लोगों को एक मात्र एक मात्र चुवा पर निर्भर रहना पड़ता है। वहीं पंचायत में बनने वाली प्रधानमंत्री आवास के नाम पर अवैध वसूली करने वाले पंचायत सेवक व दलाल पर करवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि पानी सहित अन्य समस्याओं का हल नहीं किया जाएगा तो आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर समाजसेवी अंजली लकड़ा रेखा देवी, सुनीता देवी, मुखिया जिरेन तोपनो, पंचायत समिति सदस्य बबिता देवी, सुरेंद्र महतो, लखींद्र नायक, छोटी कुमारी, मनीषा नायक, इतवारी देवी, ललिता देवी, हीरामणि देवी, रंथी देवी, जितेंद्र महतो इत्यादि उपस्थित थे।

## सुजीत मुंडा बेंगलुरु हुए रवाना, फ्लाइट छूटने पर खेल विभाग ने तत्काल टिकट कराकर भेजा

**रांची ।** सुजीत मुंडा दिव्यांग क्रिकेट प्लेयर टी-20 वर्ल्ड कप के लिए आयोजित भारतीय टीम के कैंप में शामिल होने के लिए मंगलवार को बेंगलुरु रवाना हो गए। मंगलवार की सुबह ही उनको कैंप में शामिल होने के लिए जाना था। विमान सुबह 8 बजे उड़ान भरकर 10:30 बजे के करीब बेंगलुरु पहुंचती। सुजीत का टिकट किया था। मगर किसी ने उनकी टिकट देखकर बता दिया था कि उनकी फ्लाइट 10:30 बजे की है। वो इसी समय के हिसाब से अपने घर से एयरपोर्ट के लिए निकले। जब वो एयरपोर्ट के अंदर गए तो उन्हें एयरपोर्ट अधिकारियों ने इस बात की सूचना दी कि उनका फ्लाइट छूट गया। इसके बाद इसकी जानकारी मिलने के बाद खेल कूद एवं युवा कार्य निदेशालय द्वारा तत्काल टिकट कराया गया। इसके बाद निदेशालय प्रतिनिधि के रूप में जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार, शंकर पाल, मुकेश कुमार और कुश साहु व अन्य सुजीत मुंडा के आवास पहुंचे। फिर उसे रांची एयरपोर्ट पहुंचा कर टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप के कैंप में शामिल होने के लिए बेंगलुरु के लिए रवाना किया गया। मालूम हो कि सुजीत अभी 15 दिन के कैंप में भाग लेने के लिए जा रहे थे। सुजीत ळ20 ब्लाइंड वर्ल्ड कप में हिस्सा लेंगे और देश के लिए खेलेंगे। सुजीत एक फास्ट बॉलर है।

### गोपीनाथ जाधव को किया गया सम्मानित

## युवापीढ़ी को देश के प्रति जज्बे की जरूरत है : गोपीनाथ जाधव



नवीन मेल संवाददाता

**नामकुम।** 40 पुलवामा के सभी शहीद परिवारों के घर जाकर 61000 किलोमीटर की यात्रा कर उनके आंगन से मिट्टी लेकर दिल्ली पहुंचे वाले महाराष्ट्र निवासी उमेश गोपीनाथ जाधव मंगलवार को रांची पहुंचे। रांची से जमशेदपुर जाने के क्रम में नामकुम में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद् व समाजसेवी सह भाजपा वरीय नेता मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में गोपीनाथ जाधव के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया। समारोह कार्यक्रम में श्री जाधव ने कहा कि 40 पुलवामा शहीद परिवार बल्कि और अन्य शहीद परिवारों के 1 लाख 40 हजार किलोमीटर की यात्रा तय किया है। यात्रा का उद्देश्य युवाओं को शहीद व उनके परिवारों के प्रति नई सोच के साथ नमन करने के लिए प्रेरणा देने का काम किया है। युवापीढ़ी को देश के प्रति जज्बे की जरूरत है। वहीं इस दौरान अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद् के पूर्व प्रदेश मंत्री सुशील कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष डॉ कमल शुक्ला, जिला महामंत्री दिनेश सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## बुंडू के ताऊ में अंबेडकर आवास की नहीं मिल रही दूसरी किस्त की राशि

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** बगैर छत के रहने को मजबूर है सोनका देवी का परिवार, मामला बुंडू अनुमंडल अंतर्गत बुंडू प्रखंड क्षेत्र के ताऊ पंचायत के कॉलेज रोड का है. जहां यह विधवा महिला अंबेडकर आवास स्वीकृत होने के उपरांत पहली किस्त 40000 प्राप्त किया. जिसके उपरांत मकान बनाना शुरू किया गया. ब्लाक के आवास योजना के कर्मी द्वारा उन्हें दूसरी किस्त 85000 यह कहकर देने से इनकार किया गया कि उनका घर नक्शा के अनुरूप नहीं है. पीड़ित महिला ने कहा की वह अपने दो बच्चों के साथ बगैर छत के इस आवास में रहने को मजबूर है. बुंडू प्रखंड विकास पदाधिकारी संध्या मुंडू के द्वारा उन्हें नक्शा अनुरूप घर बनाने का नोटिस थमाया है परंतु महिला का कहना है पहले किस्त प्राप्त करने के उपरांत 2 माह बीत जाने के बाद भी प्रखंड के किसी भी कर्मी के द्वारा उनसे संपर्क नहीं किया गया. जिसके बाद वह मिस्त्री से संपर्क कर लिटर्न लेवल तक मकान बनाया लेकिन दूसरी किस्त के अभाव में घर का छत की ढलाई नहीं कर पा रही है. इसको लेकर वह तमाड़ विधायक विकास सिंह मुंडा, बुंडू प्रमुख फेकला गोंझू, तथा डीडीसी रांची को शिकायत कर चुकी है. लेकिन दूसरी किस्त नहीं दी गई है. महिला द्वारा बीडीओ. मैडम पर बकाया किस्त नहीं देने का आरोप लगाया गया है. महिला त्रिपाल लगाकर घर में रहने को मजबूर है. महिला ने इसको लेकर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी आवास की दूसरी किस्त दिलाने की गुहार लगाई है. राशि की प्राप्ति नहीं होने पर पीड़ित महिला प्रखंड कार्यालय बुंडू में जाकर आत्मदाह करने की बीडीओ बुंडू को चेतावनी दी है.



## मेला हमारी संस्कृति धरोहर है इसे बचाने की आवश्यकता है : सांसद



नवीन मेल संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड के बारीडीह मे कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगाने वाला रास पूजा मेला का उदघाटन सांसद आदित्य प्रसाद साहु ने फीता काटकर किया। कार्तिक पुर्णिमा मेला मे नागपुरी आरकेस्ट्रा का दर्शक खुब आनंद लिया । मेला के मुख्य अतिथि सांसद आदित्य प्रसाद साहु ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मेला हमारी संस्कृति धरोहर है। इसे बचाने की आवश्यकता है। आगे सांसद आदित्य साहु ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की माताओं बहनो को खाना बनाने के लिए गैस और शौचालय देकर उनका संम्मान बढाया है। गरीबों को मुफ्त मे 5 लाख तक ईलाज कराने के लिए आयुष्मान योजना के तहत ईलाज कराने का सहारा दिया है।इसके साथ ही गरीब परिवार के प्रत्येक व्यक्ति को खाने के लिए प्रति महीना 5 किलो चावल देने का काम किया है। इस अवसर पर मुख्य रूप से राज्य सभा सांसद आदित्य साहु, अमरनाथ चौधरी, मानकी राजेंद्र साही, सिकन्दर महतो, अमित साहु, आमब्रिका महतो, ब्रजकिशोर महतो, अलख नाथ महतो, ब्रहमदेव नायक, रामकुमार पाहन, भुषण कुमार, चन्दरु नायक, सुजीत नायक, शिवचरण नायक, अशोक नायक, जलेश्वर नायक, प्रभू नायक, फुरेन्दर महतो, बिरेन्द्र कुमार, तिरतू महतो, धनंजय महतो सहित भगवान श्रीकृष्ण भक्त उपस्थित थे।

### 58वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे के प्रसाद में उमड़ा जनसैलाब

## 1700 से अधिक श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद किया ग्रहण



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद महाराज द्वारा संचालित रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एवं धार्मिक संस्था एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट राँची एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है। चन्द्र ग्रहण,गुरुनानक देव जयन्ती, कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर संस्था के संस्थापक और संरक्षक श्री श्री 1008 संत शिरोमणी स्वामी सदानंद जी महाराज के जनसेवा को समर्पित (50) स्वर्णिम वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण में संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल के द्वारा वहा के जरूरतमंद, निर्धन, दिव्यांगों एव आसपास के गांवों के रहने वाले श्रद्धालुगण एवं मंदिर परिसर आये हुए भक्त प्रेमियों एवं राहगीरों के बीच 58वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे के प्रसाद का विधिवत उद्धाटन कर संस्था के सदस्यों के द्वारा वितरण कार्य शुरू किया गया॥ नर सेवा नारायण सेवा के कथन को पुरा कर रहे है श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट राची एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि) दिल्ली शाखा रांची के सदस्य संत सदानंद महाराज के कथन अनुसार (भूखे को भोजन) ग्रहण के दिन निर्धन लाचार एवं जरूरतमंदों को भोजन खिलाने से बड़ा कोई भी पुण्य का कार्य नहीं है।॥ अन्न दान महा दान॥ के कथन को पूरा कर रहे गुरू जी सदानंद जी महाराज के शिष्य संस्था के सदस्यों को श्री कृष्ण प्रणामी निःशुल्क भंडारे का वितरण करते हुए आज 58 सप्ताह हो गया है। श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे मे प्रत्येक रविवार को लगभग 1000 से 1500 सौ जरूरतमंद ग्रामीण,भक्तजन,एव मंदिर के आस पास के ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालु गण प्रत्येक रविवार को भंडारे के प्रसाद ग्रहण करते है। आज का भंडारा संस्था के सदस्यों एव उनके परिवार के सदस्यों के सौजन्य से 58वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे में मंगलवार को 1700 से अधिक श्रद्धालुओं ने श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। आज संस्था के भजन गायक मनीष जी सोनी ने चन्द ग्रहण,गुरुनानक जयन्ती एवं कार्तिक पूर्णिमा के शुभअवसर पर श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में भजन कीर्तन किया गया। संस्था के सदस्यो ने आज भजन कीर्तन की प्रवाह बहाई सभी श्रद्धालुगणभजन कीर्तन बहुत ही भाव विभोर होकर सुन रहे थे और सभी ने भजन सत्संग आनन्द लिया।

### राशन कटौती और वितरण संबंधित मामलों को लेकर चान्हो प्रखंड डीलर संघ की हुई बैठक

## अपनी मांगों को लेकर विधायक व आपूर्ति पदाधिकारी से मिलेंगे



नवीन मेल संवाददाता

**चान्हो।** चान्हो प्रखंड डीलर संघ ने प्रखंड मुख्यालय के लीची बागान में मंगलवार को सितंबर में आवंटन में कटौती और वितरण संबंधित मामलों को लेकर रामवृक्ष साहू की अध्यक्षता में बैठक की गई। इस दौरान डीलर संघ ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत किये गए राशनो के आवंटन में भारी कटौती कर दिया गया है ,जबकि वितरण के समय जितना भी अनाज बकाया रहता है वो हर माह कटौती कर के आवंटन की जाती है मगर इस तरह उसके बाद भी भारी कटौती करना डीलरों के गले नहीं उतर रहा है। शशि कुमार ने बताया कि डीलरों को सितंबर माह का राशन ई पोस मशीन में पूर्व के तरह पुरा आवंटन दिखा रहा है जबकि अनाज भारी कटौती के साथ मिला है ऐसे में डीलर लाभुकों के बीच किस तरह से राशन का वितरण करें ये समझ में नहीं आ रहा है। वंही लगातार जिले के अधिकारियों व अखबारों के माध्यम से लोगों को पूरा राशन उपलब्ध कराने की बात कही जा रही है मगर वास्तविक स्थिति कुछ और ही है। बैठक में डीलर संघ ने निर्णय लिया जो कटौती के साथ अनाज दिया जा रहा है इसके कारण हम लोग वितरण के लिए असमर्थ है इसीलिए इस मामले का निदान नहीं होता तब तक उठाया गया राशन वितरण नहीं किया जाएगा। बैठक मैं डीलर संघ ने मांडर विधायक, जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपने के लिए एक मांग पत्र बनाया है जिसमें अगस्त माह 2022 से नवंबर माह 2022 तक के आवंटन और वितरण को लेकर जो भी समस्या आ रही है उसको दूर करने की मांग की गई है साथ ही कोरोना काल के दौरान मृत्यु हुए डीलरों के आश्रितों को पूर्व की भांति जन वितरण प्रणाली का दुकान आवंटित किए जाने की तथा सरकारी नौकरी दिया जाने की मांग किया गया है। मौके पर शशि कुमार साहू,मोहम्मद गयास, मोहम्मद मुमताज,शिलबेज कुजूर,विजय कुमार, जियाउल रहमान, टूना भगत, तनवीर आलम, मोहम्मद शमीम ,सहित प्रखंड के सभी डीलर उपस्थित थे।

## सभी ट्रेनों में पेस्ट कंट्रोल एवं रोडेन्ट कंट्रोल के लिए कीटनाशकों का छिड़काव

**रांची ।** हाल के दिनों में रांची मण्डल के गरीब रथ एवं क्रिया योगा एक्सप्रेस ट्रेन में तिलचट्टे पाये जाने की यात्री शिकायतें मिली थीं क रेल प्रशासन द्वारा इसे गंभीरता से लेते हुए यात्री शिकायतों को दूर करने हेतु, मंगलवार को अपर मण्डल रेल प्रबन्धक मनीष कुमार द्वारा हटिया कोचिंग डिपो के वॉशिंग लाईन में सफाई की जा रही ट्रेनों का निरीक्षण किया गया क विशेषकर ट्रेन संख्या 12877- रांची - नई दिल्ली गरीब रथ एवं ट्रेन संख्या 18616 हटिया - हावड़ा क्रिया योगा एक्सप्रेस के रेक का बारीकी से निरीक्षण किया गया क अपर मंडल रेल प्रबंधक द्वारा कोचिंग डिपो अधिकारी एवं पर्यवेक्षकों को निर्देश दिए गए कि सभी ट्रेनों में पेस्ट कंट्रोल एवम रोडेन्ट कंट्रोल हेतु कीटनाशको का छिड़काव और प्रभावशाली तरीके से किया जाए ताकि भविष्य में यात्रियों को तिलचट्टों एवं चूहों के कारण कोई परेशानी न हो।

### रातू आदिवासी बाल विकास विद्यालय में स्व. कार्तिक उरांव की 98 वां जयंती समारोह आयोजित

## आदिवासियों के मसीहा थे कार्तिक उरांव : अशोक भगत



नवीन मेल संवाददाता

**रातू।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद् के संस्थापक अध्यक्ष कार्तिक बाबू आदिवासियों के मसीहा थे। वह अलौकिक व विलक्षण प्रतिभा के भी धनी थे। स्व कार्तिक उराँव ऐसे गांव के थे जहां साधन था न ही शिक्षा की कोई व्यवस्था थी। ऐसे व्यक्ति देश के अंदर अपनी पहचान बनाने में सफल हुये। उनके संघर्ष के कारण उनके पास डिग्रियों का अंबार था। गरीबी के बावजूद उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त कर करोड़ों लोगों की प्रेरणास्त्रोत बने। स्व उरांव आजीवन समाज सेवा से जुड़े रहे। परिषद् का गठन कर वह देश के आदिवासियों को एक मंच पर लाने की कोशिश की। सामाजिक बदलाव व आर्थिक उन्नति तथा शैक्षणिक वातावरण बनाने का भी प्रयास किया। यह बात पद्म श्री से सम्मानित व विकास भारती के साचिव अशोक भगत कही । वह मंगलवार को अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद रातू के तत्वधान में आयोजित स्व कार्तिक उरांव की जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। श्री सिंह ने कहा कि आज आदिवासियों के भोलेपन, गरीबी, अशिक्षा का फायदा उठा कर उन्हें दूसरी दिशा में ले जाया जा रहा है।उन्होंने आदिवासियों के हित मे चलाये जा रहे योजनाओ को आगे बढ़ाने की बात कही। इससे पूर्व स्व कार्तिक उरांव की स्मृति में पौधा रोपण किया गया। इसके उपरांत उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद समारोह का दीप जला कर उद्घाटन किया। समारोह में हटिया विधायक नवीन जयसवाल, आदिवासी बाल विकास के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव शंकर उरांव, राँची सांसद संजय सेठ, मांडर के पूर्व विधायक गंगोत्री कुजर, राँची कपड़ा मंच के अध्यक्ष मुखेश कोबरा,सरणक मंच के अध्यक्ष मेघा उरांव, जनजाति सुरक्षा मंच के संयोजक संदीप उरांव विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित थे उन्होंने कहा कि कार्तिक बाबु का ही देन है कि आज के परिवेश में गांव देहात के गरीब मजदूर भी अपने बच्चो को अच्छी शिक्षा दे पा रहे है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण मन को बड़ा कर बच्चो को अच्छी शिक्षा दे।


झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND
मसलिया- रानीश्वर
मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना
हेमन्त सरकार दे रही
दुमका जिला को ऐतिहासिक सौगात
₹1313.25 करोड़
की लागत से होगा
सिंचाई परियोजना
का निर्माण
शिलान्यास समारोह
मुख्य अतिथि
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड
विशिष्ट अतिथि
श्री आलमगीर आलम
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य,
पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग
श्री सत्यानंद भोक्ता
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन,
प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
श्री शिबू सोरेन
माननीय सांसद (राज्यसभा)
श्री सुनील सोरेन
माननीय सांसद, दुमका लोकसभा
श्री नलिन सोरेन
माननीय विधायक,
शिकारीपाड़ा विधानसभा
श्री बसंत सोरेन
माननीय विधायक,
दुमका विधानसभा
श्रीमती जोयेस बेसरा
अध्यक्ष, जिला परिषद, दुमका
दिनांक - 9 नवंबर, 2022 (बुधवार)
स्थान - ग्राम-मुरगुनी, प्रखण्ड-रानीश्वर
मुख्य बातें -
22,283 हेक्टेयर
भूमि होगी सिंचित
1 लाख से अधिक
आबादी होगी लाभान्वित
मसलिया के 204
और रानीश्वर प्रखंड के
72 गांवों को मिलेगा लाभ
PR No. 281707 (IPRD) 2022-23
जल संसाधन विभाग, झारखण्ड सरकार

## न्यूज गैलरी

### कोलेबिरा के उज्ज्वल ने जेपीएससी में सफलता प्राप्त की



**कोलेबिरा।** झारखंड लोक सेवा आयोग के द्वारा सहायक अभियंता परीक्षा में कोलेबिरा के युवा ने पाई सफलता। कोलेबिरा निवासी स्वर्गीय प्रदीप कश्यप के पुत्र उज्जवल कुमार कश्यप ने झारखंड लोक सेवा आयोग के द्वारा आयोजित परीक्षा में सफलता प्राप्त कर प्रखंड के साथ साथ पूरे जिले का गौरव बढ़ाया है। उज्ज्वल कश्यप के इस सफलता से उनके परिजन के साथ साथ कोलेबिरा प्रखंड वासी काफी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उज्जवल ने बताया कि वह भुनेश्वर के किट इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक की पढ़ाई कर रहे हैं इसी दौरान उसने यह प्रतियोगिता परीक्षा दिया जिसमें वह अपने पहले प्रयास में ही सफलता प्राप्त किया। इधर सदर प्रखंड के रहने वाले मनरेगा के कनीय अभियंता अनुज केरकेट्टा ने जेपीएससी सहायक अभियंता परीक्षा में सफलता पाई है। फिलहाल ही मनरेगा जेई अनुज का स्थानांतरण सिमडेगा प्रखंड से कुरडेग प्रखंड में हुआ है। अनुज एवं उज्ज्वल की सफलता पर लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

### 12 नवंबर से सिल्ली में शुरू होगी कांग्रेस पार्टी का भारत जोड़ो यात्रा

**सिल्ली।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा चलाए जा रहे महत्वकांक्षी कार्यक्रम भारत जोड़ो यात्रा के उद्देश्यों को प्रत्येक गांव के जन-जन तक पहुंचाने के लिए सिल्ली विधान सभा में इसकी शुरूआत आगामी 12 नवंबर से होने जा रही है। प्रथम चरण में सोनहातू प्रखंड के हारिण पंचायत के बारेडीह गांव से यह यात्रा प्रारंभ होगी जो सोनहातू तक जाएगी। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सह सिल्ली विधानसभा प्रभारी डॉ राकेश किरण महतो ने प्रखंड कमेटी को निर्देश दे दिया है। विदित हो कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के तहत कन्याकुमारी से कश्मीर तक लगातार पैदल चल रहे हैं जिसमें जनसैलाब उमड़ रहा है और जनता का अपार जन समर्थचन प्राप्त हो रहा है। इसलिए जिन राज्यों से यह यात्रा नहीं गुजर रही है वहां स्थानीय इकाइयां अपने स्तर से यह यात्रा का आयोजन कर रही है। इसी कड़ी में यह यात्रा सिल्ली विधानसभा के सोनाहातू प्रखंड में आयोजित होने जा रही है।

### झखराटांड़ में मोटरसाइकिल से गिर कर युवक घायल

**रातू।** रातू-ढुकरगांव मार्ग स्थित झखराटांड़ में मंगलवार की दोपहर एक अपाची सवार अनियंत्रित होकर गिर गया। जिसके कारण उसके चेहरे व पैर में गंभीर चोट लग घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक युवक अपनी अपाची बाइक जेएच01डीएन 4486 में काफी तेज रफ्फतार से काठीटांड से ठाकुरगांव की ओर जा रहा था। उसके उपरांत व बाइक से अपना नियंत्रण खो बैठा और सड़क किनारे रखे ईट को टक्कर मार दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगो ने युवक को रातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद पहुंचाया जहां उसका इलाज कराया गया। युवक की पहचान रातू थाना क्षेत्र के परहेपाट के रहने वाले कलीम अंसारी के 18 वर्षीय पुत्र सुहेल अंसारी के रूप में हुई। चिकित्सको के मुताबिक युवक खतरे से बाहर है।

### हर घर नल-जल योजना के तहत बनने वाली जलमीनार का शिलान्यास

**गिरिडीह ।** शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने मंगलवार को डुमरी प्रखंड के ससरखों में हर घर नल से जल योजना के तहत बनने वाली जलमीनार का शिलान्यास किया। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस योजना पर 27 करोड़ 46 लाख रुपये खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 24 तक 23 गांवों के 4341 घरों में शुद्ध जल नल के माध्यम से आपूर्ति की जायेगी। मंत्री ने इस मौके पर जन सभा को सम्बोधित करते हुए 11 नवम्बर को झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र का सीधा प्रसारण टीवी पर देखने की अपील की। उन्होंने लोगो से अपने बच्चों को पढ़ाने की अपील की ताकि डोमिसाइल और रिजर्वेशन का लाभ उठा सकें।

### कतरास में विहिप की बैठक, हर घर से हितचिंतक बनाने का निर्णय

**धनबाद / कतरास ।** रानी बाजार स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद ,बजरंग दल की बैठक कतरास प्रखंड मंत्री अनूप रॉय की अध्यक्षता में हुई । इस दौरान बजरंग दल के पूर्व विभाग संयोजक विकास बजरंगी ने कहा कि कतरास प्रखंड के अन्तर्गत एक एक गांव ओर हर मोहल्ला से अधिक से अधिक हितचिन्तक बनाया जाएगा । बैठक में सभी ने संकल्प लिया की हर घर जाकर हिंदू समाज को विश्व हिंदू परिषद का हितचिंतक बनाया जायेगा व संगठन से जोड़ा जायेगा। बैठक में धनबाद महानगर बिहिप सह मंत्री रंजित रवानी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचे उपायुक्त

**गिरिडीह ।** आपकी योजना -आपकी सरकार-आपके द्वार₹ कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को गिरिडीह के विभिन्न प्रखंडो के चयनित पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान ₹आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर शिकायतों का निष्पादन व आवेदन प्राप्त किए गए। गिरिडीह प्रखंड के बेरगोंडा पंचायत में आयोजित पंचायत स्तरीय शिविर का उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने निरीक्षण कर ग्रामीणों को मिल रही सरकारी योजनाओं व उसके लाभ की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का भी जायजा लिया।

### कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर नदी में स्नान करके पूजा पाठ की गयी

**सिल्ली।** कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर सिल्ली मुरी के श्रद्धालु द्वारा सुबह उठकर स्वर्णरेखा नदी पहुंचे जहां श्रद्धालुओं ने कार्तिक स्नान किया तत्पश्चात महिलाओं के द्वारा नदी तट पर ही सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर पूजा पाठ किया एवं तट पर ही महिलाओं के द्वारा घर से बनाए हुए भोजन बैठ कर ग्रहण किया।

---

#### झालसा ने चलाया विधिक सेवा व जागरूकता कार्यक्रम

# नि:शुल्क विधिक सहायता की दी गयी जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिल्ली।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में पैन इंडिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 31 अक्टूबर से 13 नवम्बर तक रांची जिला के सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में चलाया जाएगा। वही सिल्ली प्रखंड के हलमाद एवं लोवादाग के लोहागढ़ा गांव में डोर-टू-डोर जाकर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में पीएलवी सम्पा दास प्रीति पाल, पम्मी देवी, स्नेहलता दुबे, पिंकू कुमारी, तारा मिंज, संगीता सिंह, संगीता देवी, युधिष्ठिर महतोएवं राजा उपस्थित थे। डालसा के पीएलवी ने उपस्थित लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलने वाली सुविधाओं तथा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, लेबर कार्ड एवं लोक अदालत के बारे में बताया। पीएलवी प्रीति पाल ने लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी। सम्पा दास ने नालसा एवं झालसा के द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। संगीता सिंह एवं संगीता देवी ने उपस्थित लोगों को पीड़ित मुआवजा तथा लोक अदालत के बारे में बताया। ज्ञात हो कि आगामी 12 नवम्बर को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी गयी, लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को सुलझाने का लक्ष्य रखा गया हैं। अंत में पीएलवी के द्वारा उपस्थित लोगों के बीच पम्पलेट एवं लिफलेट का वितरण भी किया गया।

### ग्रामीणों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**मुरी।** मुरी पूर्वी के ग्रामीणों ने सिल्ली बीडीओ पावन आशीष लाकड़ा को 15 वे आयोग मत द्वारा नाली मरम्मती कार्य अधूरा कर बंद कर दिया गया है इसे पूरा करने के लिए एक ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने मांग किया है कि मुरी पूर्वी में मकसूद आलम के घर से नकुल महतो के घर तक नाली का कार्य को पूरा नहीं किया गया एवं बीच में ही कई व्यक्तियों ने नाली को अतिक्रमण भी किया है। जिससे नाली का पानी निकासी नहीं हो पा रहा है। जिस कारण से घरों में मलेरिया डेंगू जैसी बीमारी फैलने की पूरी संभावना बनी हुई है। इससे पूर्व में भी ग्रामीणों द्वारा आवेदन दिया गया था मगर अभी तक किसी तरह का पहल नहीं किया गया है। इस मौके पर एस के रहमत, अब्दुल कलाम, एम अनीश, मेहताब आदि ग्रामीण शामिल थे।

# 17 दिसंबर से आयोजित होने वाले क्रिसमस मेला को लेकर हुई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में पूर्व विधायक बसंत कुमार लोंगा एवं फादर किशोर लकड़ा की अध्यक्षता में विकास केन्द्र सामटोली सिमडेगा में क्रिसमस गैदरिंग सह मेला महोत्सव 17 से 19 दिसम्बर 2022 की तैयारी को लेकर उउ अ सिमडेगा की बैठक हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि पिछले वर्ष के भाँति इस वर्ष भी क्रिसमस गैदरिंग सह मेला महोत्सव धूमधाम से मनाने के लिए और-शोर से तैयारी करने हेतु संयोजक मंडली के सभी सदस्यों को कार्य संचलान हेतु संयोजक मंडली का पूर्ण गठन किया गया। साथ यह भी निर्णय लिया गया कि जिला म स्थित सभी चर्चो में एवं विद्यालयों में एकल / सामूहिक गायन एवं नृत्य प्रस्तुति हेतु नाम माँग गया है। साथ ही अलबर्ट एक्का स्टेडियम का निरीक्षण संयोजक मंडली की सदस्यों के द्वारा किया गया। बैठक में संयोजक मंडली फा किशोर लकड़ा, गाब्रियल लकडा, पतरस एक्का, विशाल तिर्की,, जोनसन मिंज, नवीन बिरेंद्र तिर्की ,दिलीप तिर्की, अनिल खेस, वरदान लकड़ा, ओलिवर लकड़ा, प्रताप बाड़ा, कंचन कबीर, अनुप लकड़ा, शांति बाला केरकेट्टा, नोमिला बा, विकास कडुलना, मुकुल बरला, आनंन्द डाँग, शिशिर कुल्लु, अंचल केरकेटा, शाशी बाड़ा, अशीष सुरीन, विलशन माँझी, संदीप मिंज, अनुग्रह मिंज आदि उपस्थित थे।

# बरवाटोली दक्षिणी कोयल नदी तट पर कार्तिक पूर्णिमा मेला में उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड के बरवाटोली में दक्षणी कोयल नदी तट पर मेला का आयोजन किया गया। आयोजित मेला में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिप सदस्य रामलखन प्रसाद ने कहा क्षेत्र में संस्कृति कार्यक्रम आयोजित होने से युवाओं के बीच संस्कृति का ज्ञान अर्जित करने का अवसर प्राप्त होता है। साथ ही कार्तिम माह की विशेषता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा यह माह सनातन धर्म के लिए महत्वपूर्ण तिथि है। जिसमें भक्ति व श्रद्धा काफी देखने को मिलता था। जानकारी के अनुसार बता दें कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेला का आयोजन किया गया। और मेला के माध्यम से लोगों को संगठित हो भाईचारा के साथ प्रेम बाटने का संदेश दिया गया। आयोजित मेला में प्रखंड क्षेत्र के अलग अलग गाँव से 14 खोडहा दल भाग लिया जिसके द्वारा नृत्य संगीत प्रदर्शन करने पर सभी खोड़हा दल को कमिटी एवं अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस प्रशासन मुस्तैद नजर आई इसके अलावे गठित कमिटी सदस्य द्वारा भी शांति व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया था। इस मौके पर परमानंद महतो,शिवनंदन लोहरा कार्तिक पूर्णिमा मेला कमिटी अध्यक्ष सुखदेव भगत,सचिव शिवचरण पहान,कोषध्यक्ष अरुण महतो, पप्पू महतो, प्रकाश उरांव सहित कार्यकर्ता एवं ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

#### लोहरदगा में श्री राज राजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन की जन्मोत्सव धूमधाम से मनी

# शिक्षा के प्रति जागरूक हो रहे समाज के लोग: महेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** स्थानीय गुदरी बाजार स्थित खेमराज स्मृति भवन में हैहयवंशीय क्षत्रिय कांस्यकार युवा मंच लोहरदगा के तत्वाधान में श्री राज राजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन जी की जन्मोत्सव धूमधाम से मनाई गई। जन्मोत्सव का शुभारंभ पूजा अर्चना, दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। संरक्षक ओम प्रकाश कांस्यकार ने बताया कि आज हमारा प्रयास समाज के सभी प्रबुद्ध जनों को एक साथ ले कर चलना है और वर्तमान के दौर में राजनीतिक गतियों के साथ अपने समाज को एक विशेष पहचान दिलाना है। महेश कांस्यकार ने कहा कि आज हमारे समाज के अभिभावकों और बच्चो का शिक्षा के प्रति काफी जागरूकता आई है। हमारे बच्चे डॉक्टर और इंजीनियर बन रहे है। वही मनीष कुमार ने श्री राज राजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन जी के वीरगाथा का एवम उनके अविरल साहस, हैहयधिपति की गरिमा का वर्णन किया। अध्यक्ष अक्षय कुमार ने भविष्य में समाज को एक नई बुलंदी पे ले जाने की बात कही। उपाध्यक्ष गौरव हैहयवंशी ने बताया कि हमारा युवा मंच सामाजिक उत्थान के लिए दृढ संकल्पित है। स्वजातीय मेधावी बच्चों के प्रतिभा का सम्मान में ईशानराज, आकांक्षा कुमारी , अंशु कुमारी, बबली कुमारी, नवदीप कुमार, पीयूष कुमार, सुप्रिया कुमारी, अदिति कुमारी को प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया।

### बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति

कार्यक्रम में नन्हे बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। जिसमे मुख्यरूप से प्रथम आकांक्षा कुमारी, द्वितीय रूपाली कुमारी, तृतीय हनी कुमारी अव्वल रही। धन्यवाद ज्ञापन अनूप कांस्यकार ने किया। जन्मोत्सव में युवा मंच के संरक्षक भीम कांस्यकर, महेश कांस्यकार, प्रदीप कांस्यकार, ओम प्रकाश कांस्यकार, अनूप कांस्यकार, मनीष कुमार, प्रदीप कुमार (पूर्वअध्यक्ष), सुभाष कुमार , अखिलेश कुमार , सूरज कुमार , आनंद कुमार, कमलेश कुमार , निखिल कुमार , नितिन कुमार , ओम कुमार, कंचन कुमार, विक्की कुमार, शंकर कुमार, विकाश कुमार, श्रवण कुमार, चंदन कुमार, संतोष कुमार, अविनाश कुमार, पप्पू कुमार, वीरेंद्र कुमार, रवि कुमार आदि के साथ ही बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं और बच्चे भी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

#### पंचायत समिति की बैठक में विकास योजनाओं पर हुई चर्चा

# क्षेत्र में संचालित योजनाओं के बारे में दी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** प्रखंड कार्यालय सभागार में पंचायत समिति की बैठक प्रमुख मनीषा उरांव की अध्यक्षता में आयोजित कि गई।

बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार ने सरकार के द्वारा चलाई जा रही कार्यक्रमों और संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी, कहा कि जन कल्याण के लिए प्रखंड में कई योजनाएं चलाई जा रही है, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया, पंचायत सचिव समन्वय स्थापित कर अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाएं तथा टाइड-अनटाइड मद में पंचायत समिति के पास जो राशि है उसे कल्याणकारी योजनाओं को लेकर ससमय पैसे का सदुपयोग करें।

पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने कहा कि दो तीन बार पंचायत समिति की बैठक हो चुकी है इसके बाद भी एक भी खराब पड़े चापानल और जलमीनार की मरम्मत नहीं हुई है, इसपर बीडीओ ने कहा कि इसके लिए रास्ता निकाला जा रहा है इसे जल्द ही ठीक करा लिया जाएगा।

आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लिए जा रहे आवेदन पर हो रही कार्रवाई एवं कूप का नए निर्माण, समेत विभिन्न समुदायों पर सदस्यों ने चर्चा किया।

सदस्यों ने पंचायत समिति मद के राशि को विकास योजनाओं में खर्च करने पर चर्चा किया गया।

बैठक में प्रमुख मनीषा उरांव, उप प्रमुख अश्वीनी मिश्रा, पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, नीलम देवी, तारा देवी, मनीता देवी, अनीता देवी, लिलामनी कुमारी, लाछो देवी, लीलावती देवी, अनुरोध कुजूर, सुनीता देवी, बलकू मुंडा, रिंकी उरांव, बुधन गंझू समेत कई लोग शामिल थे।

# हाइवा की चपेट में आए बाइक सवार दो युवक की हुई मौत, एक घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** झारखंड-बिहार सीमा पर स्थित जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गोसाईडीह गांव के पास बीते रात हाइवा ने मोटरसाइकिल को चपेट में ले लिया। जिसमें दो युवक थाना क्षेत्र के कांशीकेवाल गांव निवासी तुला यादव के 30 वर्षीय पुत्र अरविंद यादव एवं कनौदी-डाटम गांव निवासी बिगन साव के तीस वर्षीय पुत्र सतीश साव की मौत हो गई। जबकि तीसरा गंभीर रूप से घायल युवक भी कांशीकेवाल का ही रहने वाला है। हंटरगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद मगध मेडिकल कालेज घायल को रेफर कर दिया गया। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जबकि घायल को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी ने बताया कि तीनों युवक बाइक पर सवार होकर डोभी से हंटरगंज की ओर आ रहे थे। इसी क्रम में गोसाईडीह के पास विपरीत दिशा से आ रही हाइवा ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में दो युवक की मौत हो गई। दुसरी ओर घटना से आक्रोशित ग्रामीण गोसाईडीह स्थित एनएच 22 पर जमा हुए, हालांकि पुलिस ग्रामीणों को समझा बुझा कर शांत कराया।

### देवघर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**देवघर ।** देवघर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से जिले में शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को योजना से लाभान्वित करने के अलावा समस्याओं के समाधान को लेकर विभिन्न प्रखंडो के पंचायतों में मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ लेने के तरीकों से अवगत कराया गया, ताकि अपनी आवयश्कता अनुसार लोग योजना का लाभ प्राप्त कर सके। साथ ही सखी मंडल की दीदियों को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने के उद्देश्य से सहायता राशि प्रदान की गई। साथ ही सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सोना सोबरन धोती सारी योजना से लाभुकों को लाभान्वित किया गया।

#### हरिहरपुर जामटोली पहाड़ पर कार्तिक पूर्णिमा मेला महोत्सव का हुआ समापन

# अखंड हरिकीर्तन व भंडारा में उमड़े श्रद्धालु

**नवीन मेल संवाददाता**



**बेड़ो।** बेड़ो में कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर हरिहरपुर जामटोली पहाड़ स्थित शिव मंदिर का 15 वां वर्षगांठ समारोह सह मेला महोत्सव का समापन किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेला महोत्सव पर देवा दी देव महादेव बाबा भोलेनाथ की विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर 24 घंटा का अखंड हरिकीर्तन एवं भंडारा का आयोजन किया गया। जहां पहाड़ पर स्थित शिव मंदिर में पंडित राजा पाठक के द्वारा यजमान धनंजय महतो, संदीप प्रमाणिक चिंतामणि देवी एवं महावीर गोप के द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ भगवान शिव की पूजा कराया गया। वहीं केंद्रीय कीर्तन समिति के द्वारा आयोजित अखंड हरिकीर्तन में कीर्तन मंडली में हरिहरपुर जामटोली, हुटरी, कुरकुरा मंदरो, चोरया, गुड़गुड़ जाड़ी, चीगरी,करकट, करगे, कोकर, सोंस महिला कीर्तन मंडली, लुरंगी समेत कई टीम भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव मंदिर निर्माण एवं कार्तिक पूर्णिमा मेला समिति के अध्यक्ष मुकेश गोप, सचिव चरवा उरांव, कोषाध्यक्ष महावीर गोप, उपाध्यक्ष धनंजय महतो, संदीप प्रमाणिक, उपसचिव पिताम्बर गोप, संजय प्रमाणिक, आकाश गोप, संरक्षक-जयराम प्रेमी, दुर्गा महतो, सोमरा लोहरा, सोमरा महतो, सुरेन्द्र गोप, विशेश्वर हजाम, सक्रिय सदस्य-दीपक महतो, श्यामल गोप,रोहित गोप, संजय गोप, राजकिशोर लोहरा, शिवनारायण लोहरा, रमेश गोप, रामवृत गोप, शंकर गोप, अभिषेक उरांव, विशाल उरांव, संदीप महतो समेत कई ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# मुखिया ने जहनाबाज के चेनेया टोली में डीप बोरिंग का किया भूमि पूजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** बेडो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत अंतर्गत ग्राम जहनाबाज के चेनेया टोली में मंगलवार को जोहार योजना के अंतर्गत डिप बोरींग निर्माण का शुभारंभ पंचायत की मुखिया लक्ष्मी कोया ने पुर्व मुखिया सह युवा नेता सुनील कच्छप के साथ भूमि पुजन कर किया। जहां मुखिया लक्ष्मी कोया ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं से जोड़कर ग्रामीणों को सशक्त करना है। इस डिप बोरिंग के हो जाने से डीप बोरिंग के आसपास के क्षेत्रों के लोगों को पीने के पानी के लिए दूर तक जाना नहीं पड़ेगा। मौके पर समाजसेवी महाकाल लोहरा, वार्ड सदस्य महावीर लोहरा, ग्राम प्रधान बिरसा बारला, बिरेंद्र कच्छप व ग्रामीण मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### लोकतंत्र में धमकी वाली नीति नहीं चलेगी : प्रदीप सिन्हा

रांची। झारखण्ड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर तथा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की द्वारा मारकर टांग तोड़ देने तथा दौड़ा दौड़ा कर पीटने वाली बयान पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। प्रदेश के प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने कहा है कि झामुमो और कांग्रेस वालो का लोकतंत्र की नीति रीति से कुछ भी लेना देना नहीं, ये भाजपा द्वारा सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू की गई आंदोलन से इतने बौखला गए है कि इन्हें यह भी याद नही रहा है कि लोकतंत्र में विपक्षी दल के द्वारा सरकार के खिलाफ आंदोलन करना संवैधानिक अधिकार है। भाजपा उसी संवैधानिक अधिकार तथा विपक्षी दल की धर्म को निभा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और झामुमो इस मुगालते में न रहे कि भाजपा के कार्यकर्ता आपकी गीदड़ भभकी से डरने वाले हैं। अब भाजपा के भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू किया गया आंदोलन तब तक चलेगा, जब तक भाजपा राज्य की भ्रष्ट हेमंत सरकार को उखाड़ नहीं फेंकती है तब चैन की सांस नहीं लेगी। प्रदीप सिन्हा ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता जैसे को तैसा जवाब देना भी जानते हैं, लेकिन पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास और आस्था रखती है। हम राजनैतिक मर्यादाओं का पालन कर रहे हैं।

### वार्ड नंबर 39 और 40 में आज सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम

रांची । आपकी योजना -आपकी सरकार-आपके द्वारर कार्यक्रम के तहत आज रांची जिला के 15 प्रखंडों के चयनित पंचायतों और रांची नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 39 और 40 में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### सनातनी समाज से जुड़ाव को लेकर चल रहा है हितचिंतक अभियान : विहिप

रांची। विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रदेश कमेटी की ओर से मंगलवार को तीसरे दिन भी हितचिंतक अभियान चलाया गया। इस क्रम में राज्य के सभी जिला केंद्र, प्रखंड और पंचायत स्तर पर कार्यकर्ताओं ने सनातनी समाज के लोगों से सम्पर्क किया। परिषद के प्रांत मंत्री डॉ वीरेन्द्र साहू ने बताया कि हितचिंतक अभियान धन संग्रह नहीं, जन संग्रह का अभियान है। जाति, पंथ, राजनीति से ऊपर उठकर सभी हिंदुओं को इस अभियान से जोड़ा जा रहा है। अभियान के बाद हिंदू समाज के प्रमुख नेतृत्वकताओं को संगठन से जोड़कर विश्व हिंदू परिषद के सशक्त संगठन का गठन किया जाएगा। रांची के अभियान में विहिप के प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, रंगनाथ महतो, मिथिलेश्वर मिश्र, किशुन झा, विकास सिंह, नागेंद्र शुक्ला, विश्वरंजन कुमार, दीपक साहू, राम प्रताप सिंह, रेणु अग्रवाल, दीपा रानी कुंज, रोबिन कुमार, रोशन चौधरी, काजल सोनी समेत अन्य शामिल हुए।

### डीएसपीएमयू: शिक्षा मंत्रालय के नोडल संस्थान निपा के निदेशक का दौरा आज

रांची। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय शिक्षा के विभिन्न विषयों पर शोध अध्ययन करा है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन (निपा) अध्ययन करने के लिए एक नोडल संस्थान है। इसमें रूसा के तहत कॉलेज से विश्वविद्यालय में अपग्रेड हुए शिक्षण संस्थानों का अध्ययन कराया जा रहा है। इसी कड़ी में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, जो रांची कॉलेज से विश्वविद्यालय में अपग्रेड हुआ है, का दौरा बुधवार को निपा के निदेशक डॉ सुधांशु भूषण करेंगे। अध्ययन की रिपोर्ट शिक्षा मंत्रालय को जमा की जाएगी। डॉ सुधांशु सुबह 11 बजे विश्वविद्यालय पहुंचेंगे। वह कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य, सभी संकाय सदस्यों, डीन, विभागाध्यक्षों से अलग-अलग बैठक करेंगे। साथ ही, रूसा अनुदान से निर्मित आधारभूत संरचना आदि का भी जायजा लेंगे। कुलपति, संकाय सदस्यों, डीन व विभागाध्यों को ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी भी दी गई है, जिसमें परीक्षा, प्रशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदि से जुड़े प्रश्न पूछे गए हैं। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय वर्ष 2017 में रांची कॉलेज से विश्वविद्यालय में अपग्रेड हुई था।

### हाथियों के झुंड ने फसल रौंदी

रांची। प्रखंड के मानकीडीह और सावडीह गांव में सोमवार की देर रात हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। मानकीडीह गांव के किसान महावीर महतो, जयसिंह महतो, शिवेश्वर महतो, श्रीपदो की सब्जी और धान की फसल नष्ट कर दी। इधर, सावडीह के किसान निर्मल महतो, नरेश महतो, चन्द्रकांत महतो, सिदाम महतो, पुष्कर महतो, अक्षय महतो, मनोज महतो, जीतेंद्र महतो और दिनेश महतो की तीन एकड़ जमीन में तैयार धान और सब्जी हाथियों के झुंड ने खाने के साथ रौंदकर नष्ट कर दी।

### कार्तिक पूर्णिमा पर्व ईश्वरीय ज्ञान स्नान के प्रतीक के रूप में मनाया गया

# मनुष्यत्मायें अपने तन रूपी मंदिर में जब ज्ञान का मंथन करती है तो उनके बुद्धि रूपी कलश में अमृत भरता है : निर्मला

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चैधरी बगान, हरमू रोड, रांची में कार्तिक पूर्णिमा पर्व मंगलवार को ईश्वरीय ज्ञान स्नान के प्रतीक के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विशेष योगाभ्यास ज्ञान गंगा में आत्मदीप प्रज्ज्वलित करने के लिए किया गया तथा विशेष ज्ञान मुरली वाचन करके आत्म स्नान किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए केन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा परमात्मा ही ज्ञान रूपी क्षीर सागर हैं, मनुष्यत्मायें अपने तन रूपी मंदिर में अचल स्थिति में रह कर जब उस ज्ञान का मंथन करती है तो उनके



बुद्धि रूपी कलश में अमृत भरता है। पतित पावन परमात्मा शिव ज्ञान रूपी अमृत का कलश कलियुग के अंत में तथा सतयुग के आदि संगम काल पर ही देते हैं, क्योंकि कलियुग के अन्त में ही देवी-देवता धर्म के लोग पतित,

> अवधारणा को लेकर आज भी भक्तजन पानी की स्थूल गंगा में और कुंभ के मेले में हर-हर महादेव बोलते हुए डुबकियां और गोते लगाते हैं।

पीड़ित, पराजित और मृत्यु से परतंत्र होते हैं। ऐसी दुःखी और करूणामय अवस्था में ज्ञानसागर भगवान शिव उन्हें दानवी स्वभाव वाले लोगों से अधिक समय बनाने के लिए व मृत्यु पर विजय दिलाकर फिर से अमर देवपद दिलाने के लिए ज्ञान रूपी अमृत देते हैं जिसे पाकर मनुष्य सर्व दुःखों से छुट जाता है। इसी पुण्यकारी कल्याणकारी संगम की याद में गंगा यमुना सरस्वती के मिलाप स्थान का नाम संगम पड़ता है। परमात्मा शिव ब्रह्मा के मानवी तन में प्रवेश करके ज्ञान गंगा प्रवाहित करते हैं। गायन है कि भगीरथ धरा पर गंगा लेकर आए और उस गंगा ने पतितों का उद्धार किया। उसी अवधारणा को लेकर आज भी भक्तजन पानी की स्थूल गंगा में और कुंभ के मेले में हर-हर महादेव बोलते हुए डुबकियां और गोते लगाते हैं। वह यही महसूस करते हैं कि उनके जन्म-जन्मान्तर के पाप धुल गये लेकिन बिना ज्ञान के गंगा में बुद्धि को स्नान कराये मनुष्य पाप करके गंगा नहाता रहे तो पावन नहीं बनेगा।

## रांची के हिनू चौक पर गायिका अक्षरा सिंह ने गोलगप्पे और आलू कट का उठाया लुफ्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** खाने की शौकीन है गायिका अक्षरा अगर बिहार में हो तो इसे बगैर खाये नहीं रहती। अक्षरा सिंह जब झारखंड के डाल्टेनगंज में आयोजित अपने शो खत्म करने के बाद रांची लौट रही थी, तो हिनू चौक के पास एक पानी पूरी वाला दिख गया। गाड़ी रुकवा दी और पानी पूरी वाले से पूछा आलू कट है। इसपर पानीपुरी वाले ने बोला ये क्या होता है। फिर पूछा कि पका हुआ आलू है। पानीपुरी वाला ने बोला हां है, फिर क्या था वो गाड़ी से उतर गयी। पानीपुरी वाले को बोला कि जैसे-जैसे बताती हूं, वैसे ही बनाते जाओ। फिर खुद पानीपुरी वाले को सलाह देती गयी और पानीपुरी वाला वैसे-वैसे आलू कट बनाता गया। इस तरह अक्षरा का मनपसंद आलू कट तैयार हो गया। इसके बाद अशरफी ने बड़े ही चाव से आलू कट का लुफ्त उठाया। मौके पर उन्होंने कहा कि उन्हें बचपन से ही हलकट खाने का शौक है। अक्षरा सिंह ने वहां गोलगप्पे का भी आनंद लिया।

# सरकार अपराध पर नहीं लगा पा रही है रोक: सुनील कुमार सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने राज्य सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि राज्य में अपराधियों का मन पूरी तरह से बढ़ा हुआ दिखाई दे रहा है। जिस पर लगाम लगाने में सरकार पूरी तरह से असफल साबित हो रही। श्री सिंह ने कहा कि हेमंत सरकार के तीन वर्ष के कार्यकाल में लगभग पांच हजार से अधिक दुष्कर्म की घटनाएं घट चुकी है जो हम सभी के लिए एक चिंता का विषय है। उन्होंने ईडी द्वारा हेमंत सरकार को समन जारी करने पर कहा कि यह झारखंड के इतिहास में ऐसी पहली घटना है जो एक सीटिंग सीएम को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया गया है। यह झारखंड व झारखंडवासियों के लिए दुर्भाग्य व शर्म की बात है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपने अहंकार में ईडी को गिरफ्तार करने की चुनौती देकर डराने-धमकाने का काम कर रही है। जिसके कारण ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसी को भी सुरक्षा की गुहार लगाने के लिए पुलिस मुख्यालय को पत्र लिखना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में बालू, कोयला, पत्थर सहित खनिज संपदा की लूट मची है। राज्य में जब से हेमंत सोरेन की सरकार बनी है तब से लेकर आज तक विकास के काम ठप पड़े हैं। सरकारी अधिकारी हों या पुलिस-प्रशासन, सभी सरकार के संरक्षण में राज्य की संपत्ति व खनिज संपदा को लूटने में व्यस्त हैं। इन्हें जनता के हितों से कोई लेना-देना नहीं है।

## सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली के प्रति किया विरोध

**रांची।** टेट सफल सहायक अध्यापक संघ ने सभी जिला मुख्यालयों में सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली की प्रति को जलाकर विरोध जताया। संघ के प्रदेशाध्यक्ष प्रमोद कुमार व महासचिव मोहन मंडल ने कहा कि यह नियमावली सरकार द्वारा जबरन थोपी जा रही है। शिक्षा मंत्री से कई दौर की वार्ता होने और उनके द्वारा टेट सफल सहायक अध्यापकों को समायोजित कर वेतनमान देने पर सहमति बनी थी, लेकिन उस वार्ता से शिक्षा मंत्री मुकर रहे हैं। अब नयी नियुक्ति नियमावली के तहत विज्ञापन निकालने की बात कर रहे हैं। जो कहीं से न्यायोचित नहीं है। उधर, सरकार अल्पसंख्यक विद्यालयों में बिना टेट पास लोगों को नियुक्त कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बात करती है। इससे सरकार का दोहरा चरित्र प्रदर्शित होता है। महाधिवक्ता भी जेटेट सफल सहायक अध्यापक जो सहायक शिक्षक बनने की सारी अहर्ता को पूर्ण करते हैं।

# झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी द्वारा 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कृषि विज्ञान केन्द्र जामताड़ा में लोककल्याण संस्थान के द्वारा और झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम किया जा रहा है । 08.11.2022 दिन मंगलवार को दूसरे चरण के पांचवें दिन अर्थात प्रशिक्षण के तेरहवीं दिन झारखंड ट्राइबल डेवलपमेंट सोसाइटी के पदाधिकारी एवं भारतीय लोककल्याण संस्थान के प्रशिक्षकों ने भाग लिया । प्रशिक्षण का कार्य कृषि विज्ञान केंद्र जामताड़ा के ट्रेनिंग हाल में कराया गया। ट्रेनिंग हाल में प्रशिक्षण का कार्य मुख्य प्रशिक्षक आकाश कुमार सहायक प्रशिक्षण नेपाल महतो ने किया जिसमें



कुल 20 प्रशिक्षणार्थी ने भाग लिया । मुख्य प्रशिक्षक व सहायक प्रशिक्षकों ने मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न विषयों मुख्यतः मधुमक्खियों के रखरखाव, निर्वहन, मधुमक्खियों के भोज्य पदार्थ तथा मधुमक्खी पालन के लिए सुयोग्य वातावरण तथा कुछ सफल मधुपालक का परिचय व उनकी सफलता की कहानी बताया गया तथा इत्यादि विषयों को व्यवहारिक व प्रयोगात्मक रूप में अध्ययन कराया गया तथा प्रोजेक्टर लैपटॉप के द्वारा विभिन्न फोटो व वीडियो के माध्यम से आसान व विस्तृत रूप से भी सभी लाभुकों को समझाया गया तथा मधुमक्खी पालन करने को प्रेरित किया गया साथ ही साथ मानसिक व बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण के साथ-साथ मनोरंजन के लिए विभिन्न खेल भी कराया गया।

# जिला मंत्री हरिनाथ साहू ने सैकड़ों भाजपाइयों के साथ दिया भाजपा से इस्तीफा

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांके।** दानवीर भामाशाह नगर रिंग रोड सुकुरहुटू हरिनाथ ट्रेडर्स प्रतिष्ठान में प्रेसवार्ता कर रांची जिला ग्रामीण के जिला मंत्री सह ठाकुर गांव मंडल के संगठन प्रभारी हरिनाथ साहू ने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा के सभी पदों के साथ प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया। प्रेस से वार्ता करते हुए हरिनाथ साहू ने कहा कि पिछले 6 वर्षों से अधिक समय तक भारतीय जनता पार्टी में रहकर राष्ट्रवाद एवं अंत्योदय के विचारधारा के साथ प्रदेश एवं रांची जिला ग्रामीण के कई महत्वपूर्ण दायित्वों में पूरी निष्ठापूर्वक पार्टी के प्रति अपना तन मन और धन के साथ निरंतर सेवा भाव से कार्य करते रहे,परन्तु राष्ट्रवाद और हिंदूत्व के नाम पर भाजपा दलित ,आदिवासी एवं अति पिछड़ा जाति का बड़े पैमाने पर राजनीतिक शोषण कर रही है।भाजपा रांची जिला ग्रामीण टीम जातिवाद एवं सामाजिक तुष्टीकरण से ग्रसित है ऐसे में खुद को अपमानित, शोषित एवं ठगा हुआ महसूस करते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं रांची जिला ग्रामीण



अध्यक्ष के नाम त्यागपत्र दे रहा हूं। पार्टी से इस्तीफा देने में मुख्य रूप से मेरे साथ भाजपा रांची जिला ग्रामीण मीडिया प्रभारी किसान मोर्चा के प्रदीप ठाकुर, कांके मंडल उपाध्यक्ष बेनी साहू, अल्पसंख्यक मोर्चा कांके मंडल अध्यक्ष सलामत अंसारी, सरवर अंसारी, भाजपा झारखंड प्रदेश विधि प्रकोष्ठ के रविंद्र साहू, भाजपा कांके मंडल किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष नंदकिशोर महतो, सुदर्शन ठाकुर, किसान मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष दशरथ साहू, कांके मंडल से बाबूलाल साहू, कुंज बिहारी लाल, कांके प्रखंड के पंकज साहू, अरुण कुमार, जयप्रकाश साहू, पवन कुमार, डॉ मुरारी गुप्ता सहित सैकड़ों भाजपा समर्थकों ने अपना सदस्यता से त्यागपत्र की घोषणा की।

### रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में होगा झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का अष्टम अधिवेशन

# पूरे राज्य में 1001 नये सदस्यों को जोड़ने का संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अष्टम अधिवेशन रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में होगा। अधिवेशन का उद्घाटन मारवाड़ी भवन में 13 नवंबर को महामहिम राज्यपाल रमेश बैस करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास मुख्य अतिथि के बतौर शामिल होंगे। यह जानकारी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के जिला अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री ललित कुमार पोद्दार एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि कोरोना काल के बाद पहली बार झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का ऐसा कोई भव्य आयोजन हो रहा है। इसके कारण सदस्यों में काफी उत्साह है। अधिवेशन के दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल अपने पद की शपथ लेंगे। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन गाड़ोदिया के नेतृत्व में सम्पन्न होगा। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों की इस अधिवेशन में बड़ी संख्या में भागीदारी होगी। अधिवेशन में बड़ी संख्या में राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ ही विभिन्न प्रदेशों के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। सम्मेलन के वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ ही कई पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों की भी भागीदारी होगी। अधिवेशन के आलोक में जमशेदपुर जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा बड़े पैमाने पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। जिस स्थान पर मारवाड़ी समाज के मात्र पांच लोग भी रहते हों, वहां तक पहुंचने का प्रयास है। पूरे राज्य में 1001 नए सदस्य जोड़ने का संकल्प है। इस आलोक में रांची में भी नए सदस्य बनाने की दिशा में प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें 87 साल पुरानी अपनी सामाजिक संस्था पर गर्व है। वर्ष 1935 में अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की स्थापना कोलकाता में हुई थी। यह संस्था देश भर के मारवाड़ी समाज के सदस्यों के बीच समन्वय करती है।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन गाड़ोदिया ने बसंत मित्तल को दी बधाई



रांची। अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन गाड़ोदिया ने बसंत मित्तल को प्रांतीय अध्यक्ष पद की बधाई दी है। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का अष्टम प्रान्तीय अधिवेशन 12 एवं 13 नवम्बर को मारवाड़ी भवन, रांची में होगा। उदघाटन समारोह की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल करेंगे। समापन समारोह के अतिथि के बतौर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, कोयलांचल विवि के प्रोवीसी पवन पोद्दार एवं धनबाद के पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल शामिल होंगे। सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन गाड़ोदिया ने अपने संदेश में कहा है कि झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन ने स्थापना काल से ही अपनी अलग पहचान बनाई है।

### सेवा सदन में क्लीनिकल हेमेटोलॉजी की हुई शुरुआत

# डॉ. अभिषेक की देखरेख में मरीजों का होगा इलाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मंगलवार को नागरमल मोदी सेवा सदन में एक प्रेस कान्फ्रेंस कर सदन में क्लीनिकल हेमाटोलॉजी विभाग आरम्भ होने से संबंधित विषय पर कार्यक्रम आयोजित की गयी। यह विभाग डॉ. अभिषेक रंजन डीएम क्लीनिकल हेमाटोलॉजी की देख-रेख में कार्यरत है। यह विभाग झारखंड में पहली बार सदन में खोला गया है, जिसमें रक्त एवं रक्त से संबंधित सभी तरह की बीमारियों का इलाज एवं जांच किया जायेगा। अभी तक झारखंड राज्य के सरकारी मेडिकल कॉलेज या अस्पताल में यह विभाग उपलब्ध नहीं है। डॉ. अभिषेक रंजन अपना डीएम क्लीनिकल हेमाटोलॉजी की पढ़ाई देश के प्रसिद्ध मद्रास मेडिकल



कॉलेज, चेन्नई से किया है। उन्होंने रक्त के सभी बेनाइन एवं ब्लड कैंसर से संबंधित बीमारियों (एनिमिया थैलीसिमिया, सिकल सेल एनिमिया, प्लेटलेट संबंधित बिमारी, एप्लास्टिक एनिमिया, हिमोफिलिया, ब्लड कैंसर इत्यादि) का इलाज में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। यहां ब्लड कैंसर से संबंधित बीमारी जैसे- माइलोडिस्प्लास्टिक सिन्ड्रोम, एक्युट माइलवाइड लूकिमिया, एक्युट लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकिमिया, मल्टीपल माइलोमा, माइलोप्रोलिपिरेटिव न्यूप्लाजम जैसे कॉनिक माइलोवाइड लूकिमिया, इत्यादि कॉनिक लिम्फोसिटिक लूकिमिया, नॉन हॉजकिंस एवं हॉजकिंस लिमफोमा व ब्लड कैंसर का इलाज किया जाएगा। डॉ. अभिषेक रंजन ने बॉन मैरो ट्रांसप्लांटेशन में भी प्रशिक्षण प्राप्त किया है। क्लीनिकल हेमाटोलॉजी विभाग में बॉन मैरो एवं मोलीक्यूलर टेस्ट की सुविधा रहेगी जिससे कि बीमारी का सटीक डायग्नोसिस एवं इलाज हो सके। नागरमल मोदी सेवा सदन में बल्ड कैंसर का इलाज पहली बार शुरू किया गया है। ब्लड कैंसर का इलाज के लिए लोग राज्य से बाहर जाते हैं जिसमें 10-20 लाख खर्च होते हैं, इस तरह की सुविधा होने से लोगों का काफी आसानी होगी। हिमोफिलिया के मरीज को समय से जांच कर उसके होने वाले जटिलता को रोका जा सकता है। सेवा सदन अस्पताल द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि आयुष्मान योजना के तहत ब्लड कैंसर एवं अन्य रक्त संबंधित बीमारियां के मरीजों का इलाज किया जा सके। वर्तमान में सदन में डॉ. अभिषेक रंजन द्वारा जरूरतमंद मरीजों का लगभग आयुष्मान योजना के दर में ही ब्लड कैंसर का इलाज किया जा रहा है। सदन द्वारा प्रयास है कि झारखण्ड सरकार की मिली-जुली मदद से रक्त संबंधित सारी बिमारियां जैसे (एनिमिया थैलीसिमिया, सिकल सेल एनिमिया, प्लेटलेट डिसऑर्डर, हिमोफिलिया, ब्लड कैंसर इत्यादि का इलाज सदन में किया जा सके। ज्ञातव्य है नागरमल मोदी सेवा सदन 64 वर्षों से कम खर्च पर समुचित इलाज पर जनमानस की स्वास्थ्य सेवा करता आ रहा है। समय-समय पर सदन द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजित किया जाता रहा है। सदन में सायंकालीन ओपीडी की भी सुविधा उपलब्ध है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सदन के निम्नलिखित चिकित्सक एवं पदाधिकारीगण उपस्थिति हुए- डॉ. सुनील रुंगटा, चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. अभिषेक रंजन, डीएम क्लीनिकल हिमोटोलॉजी तथा सदन के पदाधिकारियों में अध्यक्ष अरुण छावछरिया, मानद सचिव आशिष मोदी, पवन शर्मा, आलोक तुलस्यान, श्री वरुण जालान मौजूद थे।

> क्लीनिकल हेमाटोलॉजी विभाग में बॉन मैरो एवं मोलीक्यूलर टेस्ट की सुविधा रहेगी जिससे कि बीमारी का सटीक डायग्नोसिस एवं इलाज हो सके। नागरमल मोदी सेवा सदन में बल्ड कैंसर का इलाज पहली बार शुरू किया गया है।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स में महिलाओं के अधिकार पर कार्यशाला का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के महिला उद्यमिता उप समिति ने महिलाओं के अधिकार और जॉब ऑपरच्यूनिटी विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित रिनपास की एचओडी मतिशा किरण ने महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर अपने विचार साझा किया। वहीं अधिवक्ता डॉ अनुराधा वत्स ने महिला अधिकार के बारे में अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने समाज में महिलाओं की भागीदारी और उनके उत्थान के लिए सरकार और समाज की संयुक्त भागीदारी पर भी अपनी बातें रखी। मौके पर चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने देश और राज्य के आर्थिक विकास में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। यह भी आश्वस्त किया कि व्यापार के क्षेत्र में महिलाओं को आगे लाने की दिशा में झारखंड चैंबर द्वारा हरसंभव सहयोग किया जायेगा। मौके पर उन्होंने अधिकाधिक महिलाओं को चैम्बर की सदस्यता लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया। महिला उद्यमिता उप समिति की चेयरपर्सन आस्था किरण ने कहा कि उप समिति द्वारा महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिए हर जरुरी उपाय किये जायेंगे। व्यापार उद्योग के क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं की व्यापारिक जटिलताओं के समाधान की भी पहल की जाएगी ताकि महिलाएं आसानीपुर्वक व्यापार संचालन कर सकें। बैठक में अध्यक्ष किशोर मंत्री के अलावा उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, अमित शर्मा, सह सचिव शैलेश अग्रवाल, उप समिति चेयरपर्सन आस्था किरण, सदस्या शालिनी अखौरी, रखी कुमारी, बरखा सिन्हा, संध्या देवी, पूनम अस्थाना, सुनीता वर्मा, मधु वर्मा, रजनी, स्वाति सिन्हा, आरती वर्मा, अंजलि दत्ता, रश्मि सहाय, शिल्पी सिंह, दीपा चौधरी सहित अन्य महिलायें उपस्थित थीं।

## न्यूज गैलरी

### अग्निवीर वायु सेना भर्ती के लिए आवेदन शुरू

**मेदिनीनगर।** पलामू के वैसे युवा जो भारतीय वायु सेना में नौकरी करने की इच्छा रखने वाले है । उनके लिए अच्छी खबर है। भारतीय वायुसेना में अग्निवीर वायु भर्ती 2023 के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है। उम्मीदवार जो इस भर्ती के लिए आवेदन करना चाहते हैं वो अधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 7 नवंबर से शुरू हो गई है और आवेदन करने की आखिरी तारीख 23 नवंबर है। अग्निवीर वायु के लिए 12वीं में कम से कम मैथ, फिजिक्स, केमिस्ट्री एवं इंग्लिश में 50 फीसदी अंक प्राप्त छात्र या इंजीनियरिंग में 3 सालों का डिप्लोमा में 50 फीसदी अंक और अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक वाले अप्लाई कर सकते हैं। वहीं, साइंस के अलावा अन्य विषयों के लिए 50 फीसदी मार्क्स के साथ 12 वीं पास एवं अंग्रेजी में न्यूनतम 50 प्रतिशत मार्क्स हासिल करने वाले उम्मीदवार इसके लिए अप्लाई कर सकेंगे।

### ओबीसी मोर्चा ने जनसंख्या के अनुपात पर आरक्षण की मांग की

**मेदिनीनगर।** ईडब्ल्यूएस पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला गरीब सवर्णों के पक्ष में आया है। इस पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि गरीब सवर्णों को 10 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने से 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा रेखा अब टूट चुकी है। इसलिए, केंद्र सरकार अध्यादेश लाकर ओबीसी समुदाय को जनसंख्या अनुपात में 50 प्रतिशत आरक्षण प्रस्ताव को पारित करें। जिससे ओबीसी समुदाय को उनका हक मिल सके। उन्होंने कहा है कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा गरीब सवर्णों को आरक्षण देने के विरोध में नहीं है।

### झामुमो के शीर्ष नेताओं ने दी कार्यकर्ताओं को बधाई

**मेदिनीनगर।** झामुमो नेता सह केंद्रीय समिति सदस्य संजीव तिवारी, सुनील तिवारी और पार्टी के पुराने नेता देवेन्द्र तिवारी ने आज प्रेस विज्ञप्ति जारी कर झामुमो पलामू के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दिया। उन्होंने अपने बधाई संदेश में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले कुछ दिनों में पार्टी द्वारा किए गए सभी कार्यक्रम की अभूतपूर्व सफलता के लिए सभी पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं आम जनता को बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने कहा कि हमारे जिलाध्यक्ष सहित सभी जिला के पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष, कार्यकर्ता, युवा नेता, महिला मोर्चा और सभी साथीगण के अथक परिश्रम से आज ये संभव हो सका है कि झामुमो पलामू में सबसे मजबूत एवं जमीनी पार्टी के रूप में उभर कर सामने आई है। यह सिर्फ हम सबों की एकजुटता एवं मजबूती से ही संभव हो सका है। साथ वैसे लोगों को चेतावनी देता हूं जो अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए पार्टी से ऊपर खुद को समझते हैं। पार्टी किसी के निजी लाभ के लिए नहीं है, पार्टी में रहना है तो जिम्मेदारी के साथ रहें। ऐसे लोग जो मीडिया में बने रहने के लिए उटपटांग खबर छपवाते हैं और अपने आप को संगठन से ऊपर समझते हैं। ऐसे लोग अपनी हरकतों से बाज आएं। नहीं तो संगठन ऐसे लोगों पर कड़ी अनुशासनात्मत करवाई करने को बाध्य होगा। पार्टी को बढ़ाने में सबों का यथाशक्ति बराबर योगदान है। किसी को सिर्फ आकर्षण का केंद्र बनने से बचना चाहिए। पार्टी आगे बढ़ेगी तो नेता का कद अपने आप ही ऊंचा हो जाता है। पार्टी से ऊपर जाने की सोचना गलत ही नहीं मूर्खता भी साबित होगी। वैसे नेता जो सोचते हैं कि चंद दिनों में पार्टी को बढ़ाया है। ऐसे अखबारी नेता कुछ बोलने से पहले संभल जाएं, वरना उन पर पार्टी द्वारा सख्त कारवाई की जाएगी। झामुमो के लिए यहां के लोगों ने कई आंदोलन किए हैं, जेल तक गए हैं। वो पार्टी और उसके कार्यकर्ताओं का सम्मान करने सीखें खुद को पार्टी से बड़ा समझना बंद करें।

### संत मरियम स्कूल छात्रावास में गुरू नानक जयंती मनी

**मेदिनीनगर।** स्थानीय संत मरियम स्कूल छात्रावास में मंगलवार को गुरु नानक देव जी की जयंती मनाई गई । स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव द्वारा गुरु नानक देव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज का यह पावन पर्व प्रकाश पर्व के रूप में पूरे दुनिया में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है । गुरु नानक जयंती पहले सिख गुरु और सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव के जन्मदिन के रूप में मनाई जाती है। गुरु नानक देव ने अपने कर्मों, उपदेशों से सभी मानव जगत को यह संदेश दिया की हम सभी को समस्त प्राणी जगत के प्रति उदार और दयालुता का भाव रखना चाहिए।

### मनोज सिंह ने शुरू की घर-घर यात्रा अभियान

**मेदिनीनगर।** संगम तट पर बसे पवित्र व पावन भूमि सिंगरा से निगम के प्रबल दावेदार माने जा रहे मनोज सिंह ने मंगलवार को घर घर यात्रा अभियान की शुरूआत की। उनका एकमात्र लक्ष्य है कि नगरनिगम के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचा जाए । उन्होंने कहा कि नगरनिगम के वैसे क्षेत्रों में जो नए जूडे.थे। उन क्षेत्रों के निवासियों को कभी अहसास ही नहीं हुआ की वो भी निगम के वासी हो गए हैं । निगम के विकास की किरण इन क्षेत्रों में आज तक क्यों नहीं पहुँची, यह एक बड़ा सवाल है। निगम के सबसे महत्वपूर्ण छठ घाट अमानत छठ घाट है। जहां इस छठ घाट के सौंदर्यीकरण पर निगम द्वारा आज तक कोई पहल नहीं की गई। उन्होंने कहा कि नगरनिगम चुनाव में अगर उन्हें जनमत मिला तो वो अमानत छठ घाट को ऐतिहासिक छठ घाट बनाने का संकल्प लेते हैं। उन्होंने कहा कि आज सिंगरा की सबसे बड़ी समस्या यह है कि खेती योग्य जमीन की भी निगम में टैक्स लगता है वो अगर चुनाव जीते तो खेती योग्य जमीन को टैक्स फ्री करने की पहल करेंगे। घर घर यात्रा कार्यक्रम के शुभारंभ के पूर्व सिंगरा के सैकड़ों लोगों ने मनोज सिंह का भव्य स्वागत किया और फुल माला पहनाकर आशीर्वाद दिया। यात्रा में प्रेम सिंह, विजय कुमार सिंह, प्रयाग राम, मेश्वर राम, मुटूर राम, अवधेश पाठक, गंगा साव, जगन्नाथ राम, साकेत शुक्ला, नीरज सिंह, ददन सिंह, नवल किशोर सिंह, गणेश सिंह, आनंद सिंह, हरेन्द्र सिंह, महेश्वर सिंह, उमेश सिंह व बलराम पाठक सहित काफी संख्या में वार्ड नंबर एक के निवासी शामिल थे।

### साक्षरता अभियान के संचालन को लेकर समिति ने की बैठक

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला साक्षरता समिति के कर्मियों ने मंगलवार को जिला साक्षरता समिति के कार्यालय में जिला सचिव शिव शंकर प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक की । जिसका संचालन जिला प्रबंधक रामानुग्रह सिंह ने किया । बैठक में नव भारत साक्षरता अभियान के संचालन एवं क्रियान्वयन के संबंध में अपनी बातों को रखते हुए जिला सचिव ने कहा कि केंद्र द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम का पत्र उपायुक्त को प्राप्त हो चुका है । पूर्व में कार्यरत साक्षरता कर्मी का जिक्र इस पत्र में नहीं है । हम सभी कर्मियों का एक डेली गेट जल्द ही उपायुक्त से मिलकर 1995-96 से संचालित साक्षरता अभियान में किए गए कार्यों का लिखित जानकारी दिया जायेगा।

---

### बीएलओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

# मतदाता सूची में सुधार के लिए प्रपत्र 8 भरने की दी गयी विस्तारपूर्वक जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 को लेकर प्रखण्ड के सभी बीएलओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया.बैठक में सहायक निर्वाचक निबन्धन पदाधिकारी सह बीडीओ श्रवण राम ने कहा कि सभी बीएलओ प्रशिक्षण को गंभीरता से लें। प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारी आपके लिये जरूरी है। प्रशिक्षक सह कम्प्यूटर ऑपरेटर मुखलाल उरॉव ने कहा कि 9 नवम्बर को सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा। सभी मतदान केंद्रों पर आगामी 12,13,19 व 20 नवम्बर



को विशेष शिविर आयोजित करना है। प्रशिक्षण के क्रम में उन्होंने बीएलओ को मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिये प्रपत्र 6, मतदाता सूची से मृत, स्थानांतरित मतदाताओं का नाम हटाने के लिये प्रपत्र 7 तथा मतदाता सूची में नाम,उम्र,पता आदि सुधार के लिये प्रपत्र 8 भरने की जानकारी विस्तार से दिया.उन्होंने कहा कि इस कार्य मे किसी तरह की परेशानी होने पर बीएलओ उनसे कभी भी सम्पर्क कर सकते है। मतदाता सूची प्रकाशन के लिये सभी बीएलओ को मतदाता सूची,मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य 2023 के प्रचार प्रसार के लिये पोस्टर व हैंडबिल उपलब्ध कराया गया। प्रशिक्षण में बीएलओ पर्यवेक्षक ममता लता, प्रशांत कुमार,सुजीत कुमार यादव, ज्ञानचन्द केशरी, कौशल कुमार,बीएलओ अनुप विश्वकर्मा, बिनोद ठाकुर,ज्ञान प्रकाश, विनोद महतो,ह्रदया प्रसाद गुप्ता, सुशील पांडेय,अनूप कुमार ठाकुर, अरविंद प्रताप देव, आशीष कुमार, अनोज राम, अनूप श्रीवास्तव, पूनम देवी,शिवकेश्वर निराला, गीता देवी,मधु सहाय, रेखा देवी, शशि देवी, प्रमिला देवी,उस्मान अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# राज्य सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ भाजपा का धरना 11 को

**नवीन मेल संवाददाता**



**भवनाथपुर।** राज्य सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आहूत राज्यव्यापी धरना प्रदर्शन कार्यक्रम के आलोक में आज भवनाथपुर भाजपा मंडल ईकाई की ओर से कार्यसमिति एवं पदाधिकारियों की बैठक बुलाई गई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव उर्फ जयप्रकाश यादव ने किया,बैठक में उपस्थित भाजपा कार्यकताओं ने अपने अपने विचार रखे तदोपरांत कार्यक्रम की सफलता हेतु पंचायतवार प्रभारियों की नियुक्ति की गई। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा कि ऽहेमंत सरकार के जनविरोधी नीतियों एवं पूरे राज्य में व्याप्त भय, भ्रस्टाचार,तुष्टिकरण की राजनीति, हत्या, अनाचार, बालू पत्थर की लूट और झूठ के विरोध में राज्यव्यापी प्रखंड स्तरीय धरना देने का निर्देश प्राप्त है। जिसके आलोक में भजपा मंडल कमिटी भवनाथपुर के तत्वाधान में 11 नवंबर को हजारों कार्यकर्ता प्रखंड कार्यालय भवनाथपुर में धरना प्रदर्शन करेंगे। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष रघुराज पाण्डेय, जिला कार्यकारिणी सदस्य विनय चौबे, अनिल चौबे,मनोज सिंह, संजय यादव, महामंत्री भानु गुप्ता, सुनील सिंह, ब्रजेश चौबे, सांसद प्रतिनिधि इंद्रदेव यादव, चंद्रदेव रावत, रामदेव मेहता, आनंद कमलापुरी, सुनील राम, दिनेश रावत, शैलेश चौबे, प्यारेमुहम्मद, अरुण गुप्ता,संगीता गुप्ता, सरिता विश्वकर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों के बीच आवश्यक सामग्री वितरित

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिले के बारेसांढ थाना क्षेत्र अंतर्गत सीआरपीएफ अ/218 वाहिनी एवं जिला पुलिस के द्वारा संयुक्त रूप से सामुदायिक पुलिसिंग के तहत अति नक्सल प्रभावित गांव नवाटोली, पिपिरढाबा में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**ग्रामीणों के बीच आवश्यक सामग्रियों का वितरण :** कार्यक्रम के माध्यम से नजदीकी कई गांव के ग्रामीणों के बीच खेती के लिए चना, मटर, सरसो, आलू समेत अन्य बीजो का वितरण किया गया। इसके आलावा ग्रामीणों के बीच मच्छरदानी छतरी समेत अन्य जरूरत का सामान वितरण किया गया। इस अवसर पर सीआरपीएफ के द्वारा मेडिकल कैम्प लगा कर चिकत्सक द्वारा आवश्यक दवाइयों का भी वितरण किया गया।

मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए 218 बटालियन के सहायक कामांडेन्ट आजाद अहमद हजाम ने कहा CRPF



गांव का विकास करना चाहती है। जिसके लिए ग्रामीणों का सहयोग काफी मायने रखता है। उन्होंने कहा कि जो लोग मुख्य धारा से भटक गए है। ऐसे लोग मुख्य धारा से जुड़कर परिवार के साथ सुखी संपन्न जीवन बिता सकते है। सीआरपीएफ उनके हर संभव मदद के लिए तैयार है। इधर, इस कार्यक्रम से ग्रामीण भी काफी उत्साहित नजर आए। मौके पर निरीक्षक भैरो सिंह, मुकेश कुमार, एके पांडे, विकास राय समेत काफी संख्या में सीआरपीएफ, जिला बल के जवान और ग्रामीण मौजूद थे।

### दुर्घटना के बाद चालक को सुरक्षित ले जा रहे पुलिस पर ग्रामीणों ने किया हमला

# जमादार सहित चार पुलिसकर्मी घायल, वाहन क्षतिग्रस्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** मंगलवार को सदर थाना क्षेत्र के पुलिस लाईन-नावाड़ीह मुख्य सड़क पर चंगेर नदी स्थित पुल के समीप पिकअप के चपेट में आने से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत मामले में ग्रामीणों द्वारा पकड़कर रखे गए ड्राइवर को सुरक्षित निकालना पुलिस बल को भारी पड़ गया। पुलिस को घेरकर ग्रामीणों द्वारा किए गए हमले में एएसआई शशिकांत ठाकुर सहित 4 पुलिस कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए, यहां तक कि एएसआई श्री ठाकुर की वर्दी फाड़ कर अर्धनग्न कर दिया गया। पुलिस वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। बड़ी मस्कत से घायल एएसआई को बचाया गया। घटना की सूचना पाकर दलबल के साथ मौके पर



पहुंचे एसडीपीओ अविनाश कुमार और थाना प्रभारी मनोहर करमाली आक्रोशित ग्रामीणों के साथ वार्ता के दौरान पुलिस और ग्रामीणों में भी झड़प हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव कर दिया, बचाव में सुरक्षाबलों ने भी लाठियां भांजी। सदर थाना क्षेत्र के डहुरी गांव की घटना। वहीं गांव में तनाव के माहौल को देखते हुए पुलिस लाइन से अतिरिक्त सुरक्षा बल की टुकड़ियां बुलाई गई। बीडीओ गणेश रजक और सीओ भागीरथ महतो आदि ने ग्रामीणों को समझा बुझा कर विधिस्मवत कार्रवाई व समुचित मुआवजा का आश्वासन देकर बड़ी मस्कत से शांत कराया और मृतक डहुरी गांव के 28 वर्षीय पप्पू कुमार के शव को कब्जे में लेकर कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। दूसरी ओर गांव में पथराव और लाठीचार्ज के बाद अफरा-तफरी का माहोल बन गया था। इसमें एक दर्जन से अधिक ग्रामीण और कई पुलिस कर्मी घायल हो गए हैं। सूत्रों की माने तो पुलिस घटना के विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार तीनों युवक डहुरी से बाइक पर सवार होकर चतरा की ओर आ रहे थे, तभी चंगेर के पास पिकअप वाहन ने तीनों को अपने चपेट में ले लिया। जिसमें दपप्पु की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंचे एएसआई श्री ठाकुर के द्वारा पुलिस वाहन से दोनो घायलों को अस्पताल भेजवाया गया था।

# योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही शिविर का एकमात्र उद्देश्य : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अवकाश के दिन भी जिले के दो पंचायतों में शिविर का आयोजन किया गया। इसी क्रम में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे पांकी के लोहरसी पंचायत में आयोजित शिविर में भाग लिये। यहां उपायुक्त श्री दोड्डे,बीडीओ सह सीओ निर्भय कुमार एवं स्थनीय जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर शिविर का उद्घाटन किया गया। मौके पर उपरोक्त के अलावे जिला परिषद



सुजाता देवी,प्रमुख पंचम प्रसाद,उप प्रमुख अमित चौहान,मुखिया चिंता देवी समेत बड़ी संख्या में लाभुक उपस्थित थे। मौके पर बीडीओ निर्भय कुमार ने कहा कि सरकार के 3 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम प्रखंड के 25 पंचायतों में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम चरण में कुल 11 पंचायतों यह शिविर आयोजित किया गया है।

**आपके घर में योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही शिविर का एकमात्र उद्देश्य : उपायुक्त**

पांकी के लोहरसी में आयोजित शिविर में लाभुकों की काफी भीड़ देखने को मिली। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत जिले में कहीं न कहीं डेली प्रोग्राम किया जा रहा है। कोई भी हो,किसी भी उम्र के हों सभी वर्ग के लिये सरकार द्वारा कोई न कोई कार्यक्रम चलाया जाता है । इन्हीं योजनाओं का लाभ आपके घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी को कोई भी समस्या हो तो वे बेझिझक अपनी समस्या संबंधित काउंटर पर रख सकते हैं। उन्होंने सभी से अपना ऑनलाइन निबंधन अनिवार्य रूप से करने की बात कही ,ताकि उस आवेदन पर क्या कार्रवाई हुआ उसको ट्रैक किया जा सके।

**लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण :**

शिविर के दौरान प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत 7 लाभुकों को गैस सिलेंडर व चूल्हा दिया गया। वहीं फूलो झानो के तहत सगलीम की 3 महिलाओं के बीच 60 हजार का चेक प्रदान किया गया। इसी तरह 100 से अधिक लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वहीं समाचार लिखे जाने तक सर्वजन पेंशन योजना के तहत 10 लाभुकों को ऑन स्पॉट पेंशन की स्वीकृति दी जा चुकी थी। वहीं जेएसएलपीएस के मुद्रा लोन के तहत 6 सखी मंडल की दीदियों को 3 लाख का ऋण दिया गया। वहीं कैश क्रेडिट लिंकेज के तहत 50 सखी मंडल की दीदियों के बीच 1 करोड़ का चेक प्रदान किया गया। इसी तरह कृषि विभाग से 6 लोगों के बीच एनएफएसएम योजना के तहत सरसो बीज का वितरण किया गया। इसी तरह अन्य विभागों की ओर से भी परिसंपत्तियों वितरण किया गया। कार्यक्रम में 15 वें वित्तीय आयोग अंतर्गत दो स्कूलों में पेयजल की व्यवस्था व पीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास भी किया गया।

# पूर्व निगम अध्यक्ष का डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान जारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पूर्व निगम अध्यक्ष पूनम सिंह ने नगर निगम क्षेत्र के हमीदगंज,आबादगंज में डोर टू डोर जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने कहा कि डाल्टनगंज शहर की स्थिति से सभी लोग वाकिफ हैं। यहां की सबसे बड़ी समस्या होल्डिंग टैक्स को लेकर है। अबतक के प्रतिनिधियों ने इस दिशा में ईमानदारी के साथ प्रयास नहीं किया। उन्होंने कहा कि जो यह कहते हैं की उनकी राज्य में सरकार नहीं है, वह क्या कर सकते हैं। वह 2019 के पहले क्या कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य को करने या कराने के लिए इच्छा शक्ति होना जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिनिधि की सोच है, अपना काम बनता, भांड में जाये जनता। उन्होंने कहा कि डाल्टनगंज की साफ सफाई व इसे सुंदर बनाने के साथ होल्डिंग टैक्स से निजात दिलाने उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि डाल्टनगंज शहर को शहर का रूप देने के लिए उनके पास बड़ा प्लान है। सभी सड़कों , नाली गली को बेहतर करने के साथ साथ आम नागरिकों को पेयजल की समुचित व्यवस्था कराने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से समर्थन का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि उनका परिवार क्षेत्र के विकास के लिए शुरू से कार्य करता रहा है।

# पलामू के गांधी की 97 वीं जयंती मनी

### कोयल पुल का नामकरण किया गया पूरन चंद सेतु

**नवीन मेल संवादाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के कोयल पुल का नाम छोटानागपुर के गांधी कहे जाने वाले स्वर्गीय पूरन चंद के नाम पर महापौर अरुणा शंकर ने निगम बोर्ड से नामकरण पारित कराते हुए उनके 97 वी जयंती पर पूरन चंद सेतु कर वर्षों पुराने सपने को साकार कर दिया। महापौर ने कहा कि इस पुल का शिलान्यास स्वर्गीय पूरन चंद जी द्वारा किया गया था। वे उस वक्त माइन्स मिनिस्टर थे। उन्होंने खनन राजस्व से इस पुल का निर्माण कराया था। आज मैं उस महान हस्ती के नाम कोयल पुल का नामकरण करते हुए अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रही।मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि स्वर्गीय पूरन चंद गरीब शोषित और वंचित के मसीहा थे। कार्यक्रम में समाजसेवी ज्ञानचंद पांडे ने कहा पूरन चंद के बारे कम शब्दों में व्याख्या नहीं किया जा सकता वे ऐसे




व्यक्तित्व के थे। जिन्हें लोग एक नोट एक वोट देते थे। बलराम तिवारी ने कहा पूरन चंद व्यक्ति नहीं विचार थे। उपमहापौर मंगल सिंह ने कहा कि पूरन चंद गरीबों के मसीहा थे। पिछड़े समाज के नेता देवेंद्र प्रसाद ने कहा कि पूरन नहीं वह आंधी थे ,झारखंड के गांधी थे। सभा में ओंकार प्रसाद, शशि भूषण अधिवक्ता, के डी सिंह,अहिल्या गुप्ता, रूपा सिंह ,दुर्गा प्रसाद, लल्लन गुप्ता, रामनाथ चंद्रवंशी, कृष्णा अग्रवाल, अनवर हुसैन, विनोद सोनी, विक्रांत सिंघानिया, अंकु चंद्रवंशी, संजय भगत रितेश प्रसाद आलोक माथुर, रंजीत मिश्रा, सुनील गुप्ता एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**व्यक्ति नही विचार थे पूरन चंद :** संत मरियम स्कूल के चैयरमैन, झामुमों नेता, सह सदस्य माटी कला बोर्ड के अविनाश देव ने स्वतन्त्रता सेनानी सह पूर्व मंत्री स्व ० पूरनचंद के जन्मदिवस के अवसर पर पंचमुहान स्थित उनकी प्रतिमा पर पहुंचकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित किया। मौके पर उन्होंने कहा की पूर्व मंत्री पूरनचंद जी एक व्यक्ति नही विचार थे। ऊंचा पद, सरकार में मंत्री होने के बावजूद वे आसानी से सर्वत्र उपलब्ध होते थे। सादगी और ईमानदारी की प्रतिमूर्ति के साथ साधारण व्यक्ति तक उनकी पहुंच होती थी। हम सभी को सदैव उनकी कर्तव्यनिष्ठा से प्रेरणा लेनी चाहिए।

# प्रशिक्षु छात्र छात्राओं का विशेष मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** किन्नी, चैनपुर, पलामू स्थित कुंवर पृथ्वीनाथ सिंह बीएड. महाविद्यालय में प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं में अध्ययन के प्रति गम्भीरता एवं नियमितता बनाये रखने के लिए 7 नवम्बर से 11नवंबर तक विशेष मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है । विश्वविद्यालय परीक्षा प्रारूप के अनुरूप परीक्षा आयोजन का मूल उद्देश्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की परीक्षा हेतु श्रेष्ठ तैयारी कराने के साथ - साथ उन्हें स्व - मूल्यांकन का अवसर प्रदान करना है । महाविद्यालय के अध्यक्ष श्याम किशोर सिंह ने कहा कि परीक्षा को पूर्णतया नकलविहीन व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने का सम्पूर्ण दायित्व महाविद्यालय के प्राध्यापकों का है। परीक्षा कार्य में लगाये गए सभी प्राध्नाध्यपक, कर्मचारी व प्रशिक्षु छात्र-छात्रा अपने दायित्वों का पूरी पारदर्शिता से व निष्ठा पूर्वक पालन करें। श्री सिंह ने बताया कि परीक्षा के आयोजन का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों के मन से परीक्षा के भय को निकालना तथा होने वाले आगामी विश्वविद्यालयी परीक्षा के लिए उन्हें तैयार करना है। आयोजित मूल्यांकन परीक्षा में महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य कर दी गयी है। परीक्षा के सफल आयोजन में व्याख्याता चन्दन कुमार गुप्ता, नन्दलाल विश्वकर्मा, अजय कुमार, महानन्द महतो, संजीव कुमार, अजय धर द्विवेदी सहित सभी कर्मचारी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

सम्पादक की कलम से...

# क्या ईडी की कार्रवाई रूक जायेगी?

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद लोगों के मन में ये सवाल घूम रहा है कि क्या मुख्यमंत्री के खिलाफ जारी हालिया ईडी की कार्रवाई रूक जायेगी। क्या हेमंत सोरेन की मुश्किलें खत्म हो गई हैं? दरअसल, उच्चतम न्यायालय ने शिवशंकर शर्मा द्वारा अवैध खनन पट्टा लीज और शेल कंपनी मामले की सीबीआई और ईडी जांच की मांग से संबंधित दाखिल जनहित याचिका को सुनवाई योग्य नहीं माना। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए टिप्पणी की याचिका राजनीति से प्रेरित लगती है। अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद लोगों के मन में ये सवाल घूम रहा है कि क्या मुख्यमंत्री के खिलाफ जारी हालिया ईडी की कार्रवाई रूक जायेगी। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब झारखंड हाईकोर्ट में इन याचिकाओं पर सुनवाई नहीं होगी। हाईकोर्ट ने दोनों मामलों पर सुनवाई करते हुए सभी पक्षों से जवाब देने को कहा था। अब सवाल है कि क्या सीएम के खिलाफ हालिया ईडी की जांच थम जाएगी। लेकिन ऐसा नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी अवैध खनन और मनी लाउंड्रिंग की ईडी जांच पर कोई असर नहीं पड़ेगा। दरअसल, कोर्ट ने ईडी की हालिया जांच अथवा कार्रवाई पर कोई टिप्पणी नहीं की है। कोर्ट ने केवल पीआईएल को सुनवाई योग्य नहीं माना है। दरअसल, पीआईएल में मुख्यमंत्री द्वारा अनगड़ा में लिए गये खनन पट्टा लीज तथा शेल कंपनी मामले की सीबीआई तथा ईडी जांच की मांग की गई थी। कोर्ट ने इसे निरस्त कर दिया। वही, अवैध खनन और मनी लाउंड्रिंग केस राज्य की निलंबित खान सचिव पूजा सिंघल, मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश उर्फ पीपी तथा बच्चू यादव की गिरफ्तारियों से जुड़ा है। इसमें ईडी को कई ऐसी जानकारियां मिली हैं जो सीएम से जुड़ी हैं और संदिग्ध हैं। उस मामले में ईडी ने सीएम हेमंत सोरेन को समन किया है। ये जानना भी जरूरी है कि क्या हुआ है। सोमवार को अदालत ने कहा कि याचिका राजनीति से प्रेरित है। जो आरोप हैं, उसमें साक्ष्य नहीं है। ऐसे में अर्जी सुनवाई को स्वीकार नहीं की जा सकती। सीएम को खनन लीज और शेल कंपनियों में सीएम के करीबियों के निवेश की सीबीआई और ईडी जांच के लिए शिवशंकर शर्मा ने हाईकोर्ट में अर्जी दी थी। हाईकोर्ट ने इन्हें सुनवाई योग्य मानते हुए सुनवाई शुरू भी कर दी थी। इसके बाद सरकार और सीएम ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की । 17 अगस्त को शीर्ष कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था और हाईकोर्ट में सुनवाई पर रोक लगा दी थी। दूसरा मामला जिसमें ईडी की जांच चल रही है वो साहिबगंज सहित संताल परगना के कुछ जिलों और राज्य के अन्य हिस्सों में अवैध खनन और मनी लाउंड्रिंग से जुड़ा है। ईडी ने अपने आधिकारिक बयान में कहा है कि राज्य में 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा का अवैध खनन हुआ है। बता दें कि बीते मंगलवार को देर रात ईडी ने मुख्यमंत्री को समन किया था। उन्हें 3 नवंबर को पूछताछ के लिए हाजिर होने के लिए कहा गया था। मुख्यमंत्री व्यस्तता का हवाला देकर हाजिर नहीं हुए और पत्र लिखकर ईडी से 3 सप्ताह का समय मांगा। अब खबरें हैं कि ईडी, मुख्यमंत्री के पत्र पर मंथन कर रही है और अगले सप्ताह फिर से समन जारी कर सकती है। ऐसे में साफ है कि ईडी की तलवार अभी भी मुख्यमंत्री पर लटक रही है। लगता है कि आने वाले दिनों में कुछ और होने वाला है।

## आज का इतिहास

**1715 :** स्पेन और पुर्तगाल के बीच युद्ध समाप्त हुआ।
**1716 :** ब्रिटेन और हॉलैंड के बीच गठबंधन का नवीनीकरण।
**1918 :** तीस वर्ष से अधिक की आयु की महिलाओं को ब्रिटेन में मतदान करने का अधिकार मिला।
**2009 :** राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल को महाराष्ट्र के राज्यपाल एससी जमीर ने डी लिट् की उपाधि से नवाजा।
**2010 :** दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 19वां अंतराष्ट्रीय पुस्तक मेला का समापन हुआ।
**2016 :** उत्तरी कोरिया ने कई संयुक्त राष्ट्र संधियों का उल्लंघन करते हुए बाह्य अंतरिक्ष में सैटेलाइट लॉन्च किया था।
**1778 :** ब्रिटेन ने फ्रांस के खिलाफ जंग का एलान किया।
**1778 :** फ्रांस ने अमेरिका को मान्यता प्रदान की।
**1788 :** मैसाचुसेट्स प्रांत अमेरिका के संविधान को मानने वाला छठा राज्य बना।
**1819 :** सर थॉमस स्टैमफर्ड रैफेल्स ने सिंगापुर की खोज की।
**1869 :** यूनान क्रीट छोड़ने को राजी हुआ।
**1890 :** भारत रत्न से सम्मानित महान स्वतंत्रता सेनानी खान अब्दुल गफ़्फार खान का जन्म।
**1891 :** उड़ान के क्षेत्र में अग्रणी डच-एंटन हरमान फोकर का जन्म।
**1899 :** स्पेन ने क्यूबा प्यूटो रिको गुआम और फिलीपींस अमरीका को सौंप दिए।
**1911 :** अमेरिका के एरिजोना में पहला वृद्धाश्रम खोला गया।
**1922 :** कार्डिनल एशिले रैट्टी पोप चुने गए।
**1941 :** ब्रिटिश सेना ने लीबिया के बेनगाजी शहर पर कब्जा किया।
**1942 :** द्वितीय विश्वयुद्धः यूनाइटेड किंगडम ने थाईलैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
**1951 :** अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
**1952 :** ब्रिटेन नरेश जार्ज छठे के निधन के बाद एलिजाबेथ द्वितीय गद्दी पर बैठीं।

# समय यात्रा की ओर एक ऊंची छलांग

"आधुनिक विज्ञान का प्रयास यह जानने का है कि उस पर हमारा कितना नियंत्रण है। प्रत्येक नया आविष्कार भौतिकी के उन नियमों की अवहेलना करता है जिन पर अब तक हमारा विश्वास था। अगर हमने अब तक समय के किसी तीर का अनुभव किया है, एक नया आविष्कार उस पर प्रश्नचिन्ह लगा सकता है। वैज्ञानिकों ने अभी सिद्ध किया है कि सैद्धांतिक रूप से समय यात्रा संभव है। अभी तक हमने देखा है कि समय यात्रा विज्ञान कथा की एक अवधारणा के अतिरिक्त कुछ नहीं थी, जिसका उद्देश्य रहा है हमारी कल्पना शक्ति को सक्रिय करना और हमारा मनोरंजन करना।"

हम अनादिकाल से ब्रह्माण्ड को समझने का प्रयास करते रहे हैं। आधुनिक विज्ञान का प्रयास यह जानने का है कि उस पर हमारा कितना नियंत्रण है। लेखक के मुताबिक वास्तविक जीवन में समय एक भौतिक अवधारणा नहीं है। समय क्या है? यह प्रश्न बहुत जटिल है, और इसका उत्तर देना असंभव-सा हो सकता है। समय का अस्तित्व नहीं भी हो सकता, अथवा समय एक भ्रम या एक अवधारणा भी हो सकता है, जिसका उपयोग हम अपने आस-पास की दुनिया को समझने के लिए करते हैं। समय है, या समय नहीं है, अथवा यह एक कोरी अवधारणा है, ऐसे प्रश्न हमारे तर्कों-कुतर्कों में फंसे रह सकते हैं, लेकिन वैज्ञानिकों ने एक कण को समय की उलटी यात्रा पर भेजने में सफलता पा ली है। हम अनादिकाल से ब्रह्माण्ड को समझने का प्रयास करते रहे हैं। आधुनिक विज्ञान का प्रयास यह जानने का है कि उस पर हमारा कितना नियंत्रण है। प्रत्येक नया आविष्कार भौतिकी के उन नियमों की अवहेलना करता है जिन पर अब तक हमारा विश्वास था। अगर हमने अब तक समय के किसी तीर का अनुभव किया है, एक नया आविष्कार उस पर प्रश्नचिन्ह लगा सकता है। वैज्ञानिकों ने अभी सिद्ध किया है कि सैद्धांतिक रूप से समय यात्रा संभव है। अभी तक हमने देखा है कि समय यात्रा विज्ञान कथा की एक अवधारणा के अतिरिक्त कुछ नहीं थी, जिसका उद्देश्य रहा है हमारी कल्पना शक्ति को सक्रिय करना और हमारा मनोरंजन करना। समय यात्रा का विचार 1800 के दशक का है जब वेल्स ने 'द टाइम मशीन' प्रकाशित की। यह एक अविष्कारक की कहानी है जो एक चौथे, अस्थाई आयाम के माध्यम से यात्रा करने वाले उपकरण का निर्माण करता है। किसी अन्वेषण के रास्ते प्रश्नों से खुलते हैं। प्रश्न है कि क्या होगा यदि समय यात्रा केवल कल्पना की दुनिया तक ही सीमित न हो? यह एक ऐसा प्रश्न है जिसका उत्तर वैज्ञानिक किसी ऐसी घटना का पटाक्षेप करने के प्रयास के जोखिम पर देने का प्रयास करते हैं जो जो हमारी प्रजाति के लिए नहीं है।

**ब्रह्माण्ड की गुत्थियों को सुलझाता मन :** वास्तविक जीवन में समय एक भौतिक अवधारणा नहीं है। इतिहास रचने वाले कुछ वैज्ञानिकों की रचनात्मकता के कारण हमने ब्रह्माण्ड और समय के निर्माण के बारे में अपने ज्ञान के बारे में काफी प्रगति की है। उदाहरण के लिए, आइंस्टीन के समीकरणों ने हमे क्वांटम क्षेत्र और समय के बारे में एक गहरा दृष्टिकोण दिया। परन्तु तर्कशास्त्री कर्ट गोडेल ने इसे एक कदम आगे बढ़ाया और यह पता लगाया कि आइंस्टीन के समीकरणों ने अतीत में समय यात्रा प्रशस्त की थी। समस्या यह थी कि अभी भी कोई ऐसा तरीका नहीं था जो हमारे भौतिक आधारों के अनुकूल हो। इसके उत्तर के हल के लिए आतुर आर्गन नेशनल लेबोरेटरी, मास्को इंस्टिट्यूट ऑफ फिजिक्स एंड टेक्नोलॉजी तथा ईटीएच ज्यूरिख के वैज्ञानिकों को प्रेरित किया। इस तरह उन्होंने सफलतापूर्वक एक कण को समय पर वापस भेजा। **भौतिकी के ऐसे नियम हैं जो भविष्य को अतीत से अलग नहीं करते हैं:** सामान्यतः गुरुत्वाकर्षण और भौतिकी के नियमों के कारण, जिन्हें स्कूलों में पढ़ाया जाता है, हम समय को रैखिक मानते हैं, जहा अतीत में पहुँचने का कोई रास्ता नहीं है और भविष्य में तेजी से आगे बढ़ने की कोई तकनीक नहीं है। यद्यपि यह सदैव सहमत होने वाला कथन नहीं है। भौतिकी के ऐसे नियम हैं जो भविष्य को अतीत से अलग नहीं करते हैं और कहते हैं कि वे सभी एक ही समय में काम करते हैं। कोई अतीत, वर्तमान या भविष्य नहीं। **क्या हम तर्कशील जानवर हैं? :** यह ऊष्मप्रवैगिकी के दूसरे नियम के विपरीत जाता है, जिसमे कहा गया है कि एक बंद प्रणाली सदैव क्रम से अवस्था की ओर बढ़ती है। उदाहरण के रूप में हम कह सकते हैं कि एक बार गेहूं को पीस कर आटा बना लें तो फिर आटे को गेहूं में वापस नहीं लाया जा सकता। ऊष्मप्रवैगिकी के उस दूसरे नियम के कारण, हमने माना कि समय रैखिक था, और एक ही दिशा में समय निरंतर आगे बढ़ रहा था। हमने इसे समय का तीर कहा। हमने मान लिया था कि प्रतंच्या से छोड़ने तीर की तरह समय एक ही दिशा में चलता है, और हम समय के रूप में प्रभाव देखते हैं। इसलिए समय को आगे बढ़ने के रूप में समझने की हमारी मानव-निर्मित प्रणाली काम करती है।

■ **डॉ. वीर सिंह**

# सुशासन का मलबा

प्रधानमंत्री ने कई भाषण दिये, सो मोरबी की घटना काफी हद तक दूर हो गई सुर्खियों से। काश, ऐसा न हुआ होता। इसलिए कि कुछ हादसे ऐसे हैं, जिनके मलबे में दिखती हैं भारत की राजनीतिक और प्रशासनिक कमजोरियों की तस्वीरें। मोरबी के उस टूटे पुल के मलबे को टटोलने का कष्ट आप करेंगे तो आपको दिखेगा एक ऐसा आईना। उस आईने में सबसे पहले दिखेगा कि बेमौत मारे गए थे मोरबी के एक सौ पैंतीस लोग, जिनमें बच्चों और औरतों की गिनती ज्यादा थी। कोई बड़ी प्राकृतिक आपदा आई होती, तो शायद समझ में आती मोरबी के उस अधिकारी की बात, जिसने हादसे के बाद कहा कि भगवान की मर्जी से यह हादसा हुआ था। यह न सिर्फ झूठ, बल्कि शर्मनाक झूठ है। सैर करने निकले थे वे लोग, जो पुल के टूटने से मरे थे। उनको मालूम होता कि पुल पर जाने से उनकी और उनके बच्चों की जानें जा सकती हैं तो कभी न चढ़ते पुल पर। कभी न खरीदते सत्रह रुपए के टिकट। किसी ने उनको नहीं रोका पुल पर जाने से। किसी ने नहीं उनको बताया कि अभी तक नगर पालिका ने इस पुल के सुरक्षित होने का सर्टिफिकेट नहीं दिया है। जिन्होंने ये बातें छुपा कर रखी थीं उस दिन, उन सब पर लगना चाहिए हत्या का आरोप। कुछ अधिकारी गिरफ्तार हुए हैं अभी तक, लेकिन गायब हो गये हैं उस कंपनी के मालिक, जिनको ठेका मिला था इस एक सौ तैंतालीस साल पुराने पुल की मरम्मत करने का। तामझाम से उन्होंने उद्घाटन किया था पुल का, उसके टूटने से कुछ दिन पहले, लेकिन उसके टूटने के बाद गायब हैं। गुजरात सरकार के आला अधिकारी भी ऐसे चुप बैठे हैं, जैसे कि उनका कोई दोष न हो। दोष सबका है और अगर किसी विकसित देश में यह हादसा हुआ होता, तो वहां के मुख्यमंत्री ने फौरन अपना त्यागपत्र दे दिया होता। यहां उल्टा हुआ। प्रधानमंत्री जिस दिन मोरबी पहुंचे हादसे की समीक्षा करने, उनके बगल में दिखे मुख्यमंत्री। उसके बाद कुछ कहे बिना चले गये। प्रधानमंत्री के आने की खबर सुनते ही मोरबी के स्थानीय अधिकारी अस्पताल की लीपापोती में व्यस्त हो गए। सफाई की गई, पुराने पानी के कूलर निकाल कर नये लाये गये, नये पलंग और चादरें खरीदी गईं, ताकि मोदीजी को खबर न हो कि उनके 'गुजरात माडल' में खामियां हैं बहुत सारीं। नहीं होतीं, तो न पुल टूटता और न बेकसूर लोगों के जीवन ऐसे बर्बाद होते कि आगे की जिंदगी उनकी दर्द से भरी रहेगी। जैसे एक पीड़ित मां ने एक पत्रकार को बताया, 'मेरा बेटा सात साल का था, वह चला गया, मेरी नौ साल की बेटी थी वह चली गई, मेरे पति नहीं रहे, तो अब जब आप पूछ रहे हैं कि सरकार से क्या मदद चाहती हूं। क्या कर सकती है मेरे लिए अब सरकार?' प्रधानमंत्री को पीड़ितों से दूर रखा गया। मोरबी के अस्पताल में मिलाया गया सिर्फ उनसे, जिनको सरकार से कोई शिकायत न थी।

■ **तवलीन सिंह**

# गुजरात जो तय करेगा

निस्संदेह, सभी दल बढ़-चढकर लोकतंत्र के इस महाकुंभ में हिस्सेदारी निभा रहे हैं और अब आठ दिसंबर का इंतजार है। उस दिन सिर्फ हार-जीत नहीं, देश की भावी राजनीति की दशा-दिशा का भी संकेत मिलेगा...। अगली आठ दिसंबर को गुजरात व हिमाचल विधानसभा चुनावों के नतीजे हिन्दुस्तान की भावी राजनीति की दशा-दिशा के लिए महत्वपूर्ण साबित होने जा रहे हैं। गुजरात पहले भी दो बार देश की राजनीति पर असर डाल चुका है। अपनी बात समझाने के लिए मुझे आपको पचास साल पीछे ले जाना होगा। कांग्रेस ने 1972 का विधानसभा चुनाव जबरदस्त बहुमत के साथ जीता था। उसे 168 में से 140 सीटें हासिल हुई थीं। इस जनादेश के जिन्न पर सवार कांग्रेस ने सवा साल बाद ही अपना मुख्यमंत्री बदल दिया था। चिमन भाई पटेल गांधी नगर के सत्ता-सदन में जा विराजे थे, पर साल बीतते-न बीतते खाद्यान्न, खाद्य तेल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में जबरदस्त वृद्धि के खिलाफ असंतोष पनपने लगा। छात्रों ने इसकी अगुवाई की। पुलिस-प्रशासन ने इसके जवाब में वही किया, जो उसे अंग्रेज विरासत में दे गये थे- बल प्रयोग। इसके बावजूद हालात हाथ से फिसलते चले गये। लगे हाथ विपक्षी दल भी असंतोष के इस अलाव में अपनी रोटियां सेंकने लगे। हालात इस कदर बिगड़ गये कि इंदिरा गांधी को अपनी ही पार्टी की सरकार भंग करवानी पड़ गई थी। गुजरात के सफल छात्र आंदोलन से प्रेरित हो मार्च, 1974 में बिहार के छात्रों ने भी आंदोलन शुरू किया। पहले गुजरात और अब बिहार में नौजवानों का जज्बा देख राजनीति से रिटायर हो चुके जयप्रकाश नारायण अपनी तंद्रा छोड़ मैदान में उतर पड़े थे। उन्होंने इसी दौरान 'संपूर्ण क्रांति' का आह्वान किया। वह मानते थे कि इंदिरा गांधी की 'तानाशाह प्रवृत्ति' से निपटने का अकेला तरीका यही है। आज के नीतीश कुमार, लालू यादव, रविशंकर प्रसाद, सुशील मोदी जैसे स्थापित नाम उसी दौर में चर्चा में आए। वे आज तक प्रदेश या देश की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। बिहार से शुरू हुआ यह आंदोलन देखते-देखते बड़े भू-भाग में फैल चुका था। इसी बीच इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इंदिरा गांधी का चुनाव रद्द कर दिया। घबराई इंदिरा गांधी ने इन हालात से निपटने के लिए देश पर आपातकाल थोप दिया। पौने दो बरस बाद, 1977 में उन्होंने आपातकाल हटाकर चुनाव की घोषणा की, पर परिणाम इंदिरा के पक्ष में नहीं आए। नतीजतन, पहली बार नई दिल्ली की सत्ता पर कोई गैर-कांग्रेसी सरकार विराज सकी। गुजरात से भभकी असंतोष की ज्वाला की यह तार्किक परिणति थी। तब से अब तक आठ गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री शपथ ले चुके हैं। इनमें से नरेंद्र मोदी अकेले ऐसे हैं, जिन्होंने दो लोकसभा चुनाव लगातार बहुमत के साथ जीते हैं। इस परिघटना के बरसों बाद मोदी से ही गुजरात से उपजे दूसरे परिवर्तन की शुरूआत हुई। आपको 26 जनवरी, 2001 को कच्छ में आया भयानक जलजला याद होगा। उस समय गुजरात में भारतीय जनता पार्टी के केशूभाई पटेल मुख्यमंत्री हुआ करते थे। पटेल इस आपदा से निपटने में असफल साबित हो रहे थे। पनपते जनरोष को थामने के लिए भाजपा आलाकमान ने नरेंद्र मोदी को मुख्यमंत्री की कुरसी पर बैठा दिया। तब तक मोदी के पास सरकार चलाना तो दूर, किसी सरकार में शामिल होने का भी अनुभव न था। वह संगठनकर्ता बहुत अच्छे थे, पर प्रशासक कैसे होंगे, इसको लेकर तमाम आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं। एक साल के अंदर उन्होंने जिस तरह भुज का कायाकल्प किया, उससे उनके आलोचक भी हक्का-बक्का रह गये। यहीं से 'ब्रांड मोदी' के पुख्ता होने की शुरूआत हुई, जिसकी चमक आज तक कायम है। वह लगातार तीन बार गुजरात विधानसभा और दो बार लोकसभा चुनाव जीतकर सियासत की नई परिभाषा गढ़ने में कामयाब रहे हैं। अब गुजरात से उपजने वाली तीसरी परिवर्तनकारी संभावना की चर्चा। यह चुनाव कई मायनों में अलग हैं। 2017 तक वहां कांग्रेस और भाजपा गुत्थमगुत्था होती थीं, मगर पहली बार आम आदमी पार्टी तीसरी शक्ति के तौर पर ताल ठोक रही है। तीन बार दिल्ली जीतने के बाद अरविंद केजरीवाल पंजाब में अकल्पनीय बहुमत लाकर अपना दम-खम साबित कर चुके हैं। पिछले दिनों उनकी पार्टी ने गुजरात के स्थानीय निकाय चुनावों में दो नगर निकायों में 28 सीट जीतकर सियासी आकलनकर्ताओं को अचरज में डाल दिया था। चुनाव आयोग ने जैसे ही चुनावी तारीखों का एलान किया, केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा- गुजरात की जनता इस बार बड़े बदलाव के लिए तैयार है। हम जरूर जीतेंगे। यह आत्मविश्वास है या जरूरत के मुताबिक चला गया चुनावी दांव? केजरीवाल के प्रशंसक कहते हैं कि दिल्ली और पंजाब की भांति गुजरात में भी कांग्रेस का वोट आप को 'ट्रांसफर' होगा। अगर ऐसा हो जाता है, तो आम आदमी पार्टी की तीन राज्यों में सरकार होगी और 2024 के चुनावों का विमर्श गढ़ने में उसकी प्रमुख भूमिका होगी।

■ **शशि शेखर**

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

भगवान विष्णु तो सर्वदा सभी प्राणियोंकी आराधनाके योग्य है। अतएव हे सिन्धुजे! उन देवाधिदेवको छोड़कर आप मेरा ध्यान क्यों कर रही हैं? ॥ 24 ॥

लक्ष्मी बोली- हे आशुतोष हे महेशान! हे शिव हे देवेश! हे दयानिधान। मेरे पतिने मुझे शाप दे दिया है; अतएव इस शापसे आप मेरा उद्धार कीजिये ॥ 25 ॥

हे शम्भो ! उस समय मेरे बहुत पूछने पर दयालु भगवान् विष्णुने शापसे मुक्तिका यह उपाय भी बतला दिया था' हे कमलालये। जब तुम्हें एक पुत्र उत्पन्न हो जायगा तब तुम शापसे मुक्त हो जाओगी और वैकुण्ठधाममें पुनः तुम्हारा वास होगा' ॥ 26-27 ॥

हे देव! श्रीविष्णुके इस प्रकार कहने पर मैं तपस्या करनेके लिये इस तपोवनमें आ गयी और सम्पूर्ण कामनाओं की पूर्ति करनेवाले आप परमेश्वरकी आराधना करने लगी ॥ 28 ॥

हे देवदेव! मुझ निरपराध पत्नीको छोड़कर वे विष्णु तो वैकुण्ठमें विराजमान हैं; अतएव पतिके सांनिध्यके बिना मैं पुत्र कैसे प्राप्त कर सकती हूँ? ॥ 29 ॥

हे देवेश! हे शंकर! यदि आप मुझपर प्रसन्न हैं तो मुझे वर दीजिये। आप तथा श्रीहरिमें निश्चितरूपसे कोई भेद नहीं है ॥ 30 ॥

हे गिरिजाकान्त! हे हर! जब मैं पतिदेवके पास थी तभीसे मुझे यह ज्ञात है कि जो आप हैं, वही वे हैं तथा जो वे हैं, वही आप हैं; इसमें संशय नहीं है ॥ 31 ॥

[आप तथा श्रीविष्णुमें] एकत्व जानकर ही मैंने आपका स्मरण किया है, अन्यथा हे शिव! आपका आश्रय लेनेसे मुझे दोष ही लगता ॥ 32 ॥

शिव बोले- हे देवि! हे सुन्दरि ! मेरे तथा विष्णुके एकत्वका ज्ञान तुम्हें किस प्रकार हुआ? सिन्धुजे । मुझे सच-सच बताओ ॥ 33 ॥

देवता, मुनि, ज्ञानी तथा वेदोंके तत्त्वदश विद्वान भी तरह-तरहके कुतर्कोंसे ग्रस्त पड़े रहने के इस ऐक्यभावको नहीं जानते ॥ 34 ॥

मेरे बहुत-से भक्त वासुदेव श्रीविष्णुके निन्दक है। तथा श्रीविष्णुके बहुत से भक्त मेरी निन्दामें लगे रहते हैं। हे देवि कालभेदके कारण कलियुगमें ऐसे लोग होगे। हे भद्रे दूषित आत्मावाले लोगद्वारा इ एकत्वको आप कैसे जान गयीं? मेरे तथा श्रीविष्णुका ऐक्यभाव जान पाना सर्वथा दुर्लभ है ॥ 35-36 ॥

व्यासजी बोले- प्रसन्न हुए भगवान् शंकरके इस प्रकार पूछनेपर अत्यन्त प्रसन्नमुखवाली हरिय लक्ष्मीजीने उस एकत्वसे सम्बन्धित] संग शिवजीसे कहना प्रारम्भ किया ॥ 37-38 ॥

- क्रमशः

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

# कुप्रभाव से बचें

आज के युग में लोग आधुनिक सुख-सुविधाओं की ओर काफी तेजी से मुड़ रहे हैं। इनमें से कुछ तो हमारे लिए लाभदायक है। वहीं कुछ हमारे लिए हानिकारक भी है। मोबाइल से लेकर टीवी तक हमारे घरों में मौजूद हैं। इसको लेकर बच्चों में दीवानगी देखी जा रही है। कई घरों में बच्चे मोबाइल से चिपके रहते हैं। वहीं कई घरों में कई -कई टीवी सेट हैं,जिनमें बच्चे से लेकर जवान व बूढ़ों तक के कार्यक्रम आते हैं। उनमें से कई कार्यक्रम व सिरियल तो बच्चों के लिए ठीक हैं। वहीं कई सिरियल सिर्फ फैशन व बड़े परिवारों के कलह व साजिश का जिक्र दिखाया जाता है। ऐसे में हमें अपने बच्चों का ख्याल रखना चाहिए ताकि हमारे बच्चे कहीं आधुनिकता के प्रभाव में अपनी नैतिकता न खो दें। साथ ही हमें बच्चों पर कड़ी नजर रखनी चाहिए कि वे कहीं कम उम्र में बहक तो नहीं रहे हैं। हमें उनकी दिनचर्या पर भी नजर रखनी चाहिए,क्योंकि कम उम्र में बच्चे अधिक बहकते हैं। ऐसे में हमें उनका ख्याल अवश्य रखना चाहिए और उनको प्यार से अच्छे व बुरे की पहचान करानी चाहिए।

■ **मनोज गुप्ता , मेदिनीनगर।**

# कार्य प्रणाली से परखनी होगी पार्टियों की नीतियां

राजनीति के आंकडे और समीकरणों के लिए नैतिकता को दर किनार करने वाले दलों ने गुजरात में ताल ठोकना शुरू कर दी है। मतदाताओं को रिझाने के लिए साम, दाम, दण्ड और भेद के सिध्दान्तों को अपनाया जा रहा है। गुजरात के चुनावों में सभी दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है। कांग्रेस ने गुजरात परिवर्तन संकल्प यात्राओं के माध्यम से मतदाताओं को रिझाने की रणनीति पर काम प्रारम्भ कर दिया है। कच्छ के भुज, सौराष्ट्र के सोमनाथ, उत्तरी गुजरात के बडगाम, दक्षिणी गुजरात के जंबूसर तथा मध्य गुजरात के बाला सिनोर से इन यात्राओं को प्रारम्भ किया जायेगा। कुल 5,432 किलोमीटर चलने वाली इन यात्राओं में 95 रैलियां की जायेंगी तथा 145 जनसभायें आयोजित करने की योजना है। वहीं आम आदमी पार्टी की मुश्किलें निरंतर बढती जा रहीं है। राज्य में अभी से गुटबाजी का माहौल बनने लगा है। असंतुष्टों की संख्या में इजाफा हो रहा है। वहीं दिल्ली के मंडोली जेल से मनी लान्ड्रिंग केस के आरोपी सुकेश चन्द्रशेखर ने पत्र धमाका कर दिया है। सुकेश ने आम आदमी पार्टी के सर्वेसर्वा अरविन्द केजरीवाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य सभा पहुंचाने के नाम पर केजरीवाल ने 50 करोड की मांग की थी, जिसे हमने पूरा भी कर दिया था। यदि हम पर ठगी के आरोप लगाये गये हैं तो केजरीवाल महाठग है। इस पत्र को सोशल मीडिया से लेकर विभिन्न संचार माध्यमों से खूब प्रचारित किया जा रहा। वहीं आम आदमी पार्टी की पंजाब में सरकार के बनने के बाद से वहां पर खालिस्तान समर्थकों को खुला संरक्षण देने की बात करने वाले, अनेक संदर्भित घटनाओं को प्रमाण के रूप में प्रस्तुत कर हैं। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद से हिमाचल के साथ तनावपूर्ण संबंधों की शुरूआत हो गई थी। खालिस्तान का नारा बुलंद करने वालों ने हिमाचल में अराजकता फैलाना, भय का माहौल बनाना तथा वहां की राज्य सरकार को चुनौती देना शुरू कर दिया था। शिमला के अतिसंवेदनशील क्षेत्र में खालिस्तान के झंडे लगाने, पंजाब से खालिस्तान के झंडे लगी गाडियों का काफिला लेकर हिमाचल में जाने तथा धमकी भरे पत्रों को भेजने जैसी घटनायें होने लगीं हैं। इन आतंकवादी घटनाओं पर अंकुश लगाने की गरज से हिमाचल की सरकार व्दारा कदम उठाते ही पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार के इशारे पर हिमाचल की गाडियों पर पंजाब में मनमाने ढंग से चालानी कार्यवाही की जाने लगी। हाल में ही हिन्दू नेता सुधीर सूरी की पंजाब पुलिस की मौजूदगी में कोट बाबा दीप सिंह निवासी संदीप सिंह सन्नी ने 32 बोर की पिस्तौल से हत्या कर दी। सुधीर सूरी मूर्तियों की बेअदवी के विरोध में अपने समर्थकों के साथ प्रदर्शन कर रहे थे। उस समय सूरी की सुरक्षा में पंजाब पुलिस के 15 जवान तैनात थे, मगर सुरक्षाकर्मियों ने न तो जबाब में गोलियां ही चलाई और न ही हिन्दू नेता को बचाने हेतु कोई प्रभावी कार्यवाही ही की। कनाडा में बैठा खालिस्तान का स्वयंभू नेता लखवीर सिंह लड्डा ने पाकिस्तान में छुपे अपने सहयोगी हरन्दिर सिंह रिंदा के साथ मिलकर इस हत्याकाण्ड को अंजाम दिलवाया और डंके की चोट पर भारत को धमकी देते हुए कहा कि यह तो अभी शुरूआत है। आम आदमी पार्टी पर खालिस्तान समर्थकों के साथ मिलकर राष्ट्र विरोधी षडयंत्र करने के आरोप भारतीय जनता पार्टी सहित अनेक सामाजिक संगठन लम्बे समय से लगाते आ रहे हैं। हिन्दू नेता की हत्या ऐसे समय पर की गई जब श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व नजदीक था। सूरी की हत्या के बाद हिन्दू संगठनों ने बंद का आह्वाहन किया तिस पर सिख तालमेल कमेटी के प्रधान हरपाल सिंह चड्डा ने भडकाऊ वक्तव्य देकर हिन्दू-सिख सौहार्द को आग लगाने का प्रयास किया। चड्डा ने हिन्दू नेता हत्या की निंदा करने के स्थान पर इस घटना को कर्मो का फल निरूपित कर दिया। मगर हिन्दू संगठनों ने संयम बरते हुए कहा कि प्रकाश पर्व पर निकाली जाने वाली शोभा यात्रा में बंद का असर नहीं होगा। कोई भी हिन्दू संगठन शोभा यात्रा के विरोध में नहीं हैं।

■ **डा. रवीन्द्र अरजरिया**

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः** BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## न्यूज गैलरी

### किसान का बेटा पथ निर्माण विभाग में बना एसडीओ, क्षेत्र का नाम किया रोशन



**बरकट्ठा।** कहते हैं 'होनहार वीरवान के होत चिकने पात' इस कथन को सच साबित कर दिखाया है प्रखंड क्षेत्र के एक छोटे से गांव बरवां के साहेब कुमार मंडल ने । माता पिता ने इनका नाम साहेब रखा। शायद इनके माता-पिता व परिजनों को उनके जन्म होते ही आभास हो गया था कि मेरा बेटा एक न एक दिन साहब जरूर बनेगा। साहेब कुमार बरवां निवासी गोपाल प्रसाद के पुत्र हैं। इन्होंने जेपीएससी परीक्षा में पथ निर्माण विभाग में एसडीओ पद पर सफलता पाकर अपने माता-पिता समेत पुरे क्षेत्र में नाम रौशन किया है। पिता पेशे से किसान हैं व माता गृहनी है। साहेब कुमार मंडल माता पिता का इकलौता पुत्र है।उनकी इस कामयाबी से प्रखंड समेत पुरे क्षेत्र के लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। मंगलवार को जारी हुए जेपीएससी रिजल्ट में साहेब कुमार मंडल ने 54 वीं रैंक प्राप्त कर? सफलता का परचम लहराया है। जेपीएससी का रिजल्ट आने के बाद साहेब कुमार मंडल एवं उनके माता-पिता को लोग बधाई दे रहे हैं। इनकी सफलता पर सोशल मीडिया पर भी जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों व समाजसेवियों ने बधाई देने का सिलसिला जारी रखा है।

### मरकच्चो मध्य पंचायत में दूसरे चक्र में 327 आवेदन मिले

**मरकच्चो।** आपकी योजना आपका अधिकार सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रखंड के मध्य पंचायत स्थित सचिवालय के समीप दूसरे बार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ पप्पु रज्जक, सीओ राम सुमन प्रसाद, मुखिया रानी सिंह, समाजसेवी सह 20 सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष रविशंकर सिंह रिंकू, उप मुखिया प्रदीप राम, वार्ड सदस्य ममता सिंह के अलावे प्रखंड के कई पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान मनरेगा खाद आपूर्ति, उद्योग, राजस्व, पेंशन, कृषि ऋण, स्वास्थ्य विभाग समेत कई विभागों के स्टाल लगाए गए थे। कार्यक्रम में पंचायत के विभिन्न गांव के लोगों ने अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान बिभिन्न विभागों का 327 आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर बीसीओ लक्ष्मी नाथ लोहरा, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी अशफाक अमहद, बीपीओ राकेश रंजन, राजेश कुमार, पंचायत सेवक टोकन साव, सीएचसी के डॉ दिनेश कुमार, कृष्णा सिंह, प्रदीप कुमार, अजीत कुमार समेत प्रखंड व अंचल कर्मी मौजूद थे।

### विहिप के तत्वाधान में आठ दिवसीय योग शिविर का आयोजन कल से

**बरकट्ठा।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के तत्वावधान में प्रखंड क्षेत्र के ग्राम शिलाड़ीह स्थित काली मंडा के परिसर में आगामी 10 नवंबर सुबह 5:30 बजे से योग शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आयोजन कताओं ने योगा शिविर में अधिक से अधिक लोगों को भाग लेने की अपील की है।विहिप अध्यक्ष मुकेश पांडेय ने कहा की योग में शामिल होने वाले लोग अपने साथ आसन,चटाई, बेडशीट आदि लेकर आयें। वही मीडिया प्रभारी मंटू पांडेय ने बताया की कार्यक्रम 8 दिवसीय रखा गया है जिसमें योग गुरु महेंद्र प्रसाद और रविंद्र पांडेय के द्वारा योगाभ्यास कराया जाएगा साथ ही निरोग रहने के कई टिप्स दिए जाएंगे। विदित हो कि दोनों योग शिक्षक हाल ही में पतंजलि योग विद्यापीठ हरिद्वार से योगाभ्यास के कई चरण सीख कर आए हैं। वहीं आयोजन कताओं ने बताया कि इसका प्रचार-प्रसार हम लोगों ने किया है। उम्मीद है सैकड़ों लोग इसमें शामिल होंगे।

### फरार अभियुक्त के खिलाफ निकला वारंट, चिपकाये गये इश्तेहार

**बरही।** रंगदारी मांगने के मामले में कांड संख्या 224/14 के फरार अभियुक्त बाराटांड़ निवासी आनंद रविदास पिता विजय रविदास के घर पर बरही पुलिस के द्वारा इश्तहार चिपकाया गया। पुलिस निरीक्षक ललित कुमार ने बताया कि फरार अभियुक्त पर प्रखंड के तत्कालीन एम ओ चंद्रशेखर सिंह से रंगदारी मांगने को लेकर धारा 384 के तहत मामला दर्ज है। मामला दर्ज होने के बाद से ही अभियुक्त फरार चल रहा है। कोर्ट के निर्देश पर इश्तहार चिपकाए गए हैं। यदि एक महीने के अंदर अभियुक्त के द्वारा आत्मसमर्पण नहीं किया गया तो कुर्की वारंट जारी किए जाएंगे। इश्तहार सब इंस्पेक्टर ओमप्रकाश और शिवनाथ प्रसाद के द्वारा चिपकाया गया।

### सकरी नदी में श्रद्धालुओं ने लगायी डुबकी

**सतगावां।** प्रखंड में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार को संकरी नदी में श्रद्धालुओं के द्वारा आस्था की डुबकी लगाई गई जिसके बाद श्रद्धालुओं के द्वारा नदी के किनारे घी के दीपक जलाए गए। प्रखण्ड में सुबह के चार बजे से ही संकरी नदी में महिलाओं की भीड़ लगनी शुरू हो गई। वहीं अहले सुबह से ही विभिन्न मंदिरों में घण्टी की आवाज से क्षेत्र गुंजायमान रहा। महिलाओं के द्वारा कार्तिक पूर्णिमा के पांच दिन पहले से ही नदी में स्नान कर दीपक जलाने का काम किया जा रहा था। नदी के किनारे व मंदिरों में ज्यादातर महिलाएं और लड़कियों की भीड़ ही देखी गई। वहीं प्रखण्ड से बहुत लोग इस अवसर पर गंगा स्नान करने भी गए। प्रखण्ड के विभिन्न मंदिरों बाली महादेव मंदिर, घुरमेश्वर धाम मंदिर, मैसरवा आदि जगहों पर श्रद्धालुओं ने माथा टेका और अपने परिवार के खुशहाली की मन्नते मांगी।

### घरेलू विवाद में युवक ने खाया जहर

**कोडरमा।** मंगलवार को कोडरमा थाना अंतर्गत बेकोबार में दिलीप शर्मा (उम्र 30 साल, पिता गिरधारी शर्मा) अपने घर से अलग होने के लिए मां से विवाद करके शराब के साथ जहर मिलाकर पी गया। परिवार जनों को जब यह पता चला तो उसे सदर अस्पताल लाया गया जहां पर इसका इलाज किया जा रहा है।

### युवती ने की आत्महत्या, सदर अस्पताल में शव छोड़कर भागे परिजन

**कोडरमा।** चंदवारा थाना अंतर्गत उरवां मोड निवासी अर्जुन दास की पुत्री रूबी कुमारी (18 साल) ने घर मे हुए किसी विवाद के बाद जहर खा लिया। परिजन को पता लगने पर रूबी कुमारी को सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। चिकित्सकों ने परीक्षण किया तो उसकी मौत हो चुकी थी। युवती रूबी कुमारी की मौत की खबर मिलने पर परिजन शव को सदर अस्पताल कोडरमा में छोड़कर भाग गए। इधर कोडरमा थाना मृत युवती के शव को रखवा कर परिजन को तलाश कर रहे हैं।

---

## सिख धर्म के संस्थापक श्री गुरुनानक देव जी का धूमधाम से मनाया गया 553वां प्रकाश उत्सव

# रागी जत्थों ने गुरुवाणी के गायन से साध संगत को किया निहाल







■ दिन में श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल और रात्रि में श्री गुरुद्वारा साहिब में सजा विशेष दीवान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश उत्सव पर 8 नवंबर को गुरुनानक पब्लिक स्कूल परिसर में विशष दीवान सजाया गया। प्रातः 8:00 बजे अखंड पाठ संपन्न हुआ। इसके बाद गुरुनानक स्कूल में सुबह का दीवान 10:30 से 2:45 बजे तक सजा। जिसके बाद लंगर का वितरण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और लंगर लिया। रात का दीवान 8:30 बजे श्री गुरुद्वारा साहिब में सजा। जो 12:15 बजे समाप्त हुआ। इस दौरान रागी जत्थों द्वारा गुरुवाणी के गायन का दौर चलता रहा। इस क्रम में बलविन्दर सिंह जी रंगीला चंडगढ़, हजूरी रागी जत्था भाई सरबजीत सिंह, भाई मोहिन्दरजीत सिंह खालसा ने अपने गुरूवाणी से संगत को निहाल किया। वहीं, हेड ग्रंथी बाबा गुरजीत सिंह ने भी सिख इतिहास के गौरशाली गाथा से साध संगत को अवगत करवाया।

**डीसी, एसपी हुए शामिल :** प्रकाश उत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए डीसी माधवी मिश्रा एवं एसपी पीयूष पांडे सहित कई गणमान्य लोग पहुंचे। जिन्होंने अरदास किया। इस क्रम में उन्हें प्रबंधन की ओर से सरोपा देकर सम्मानित किया गया।

**लंगर का वितरण :** रागी जत्थों द्वारा गुरुवाणी गायन के उपरांत गुरु के लंगर का वितरण किया गया। लंगर लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग गुरुनानक स्कूल परिसर पहुंचे। जहां उन्हें लंगर प्रदान किया गया।

**विद्यालय परिसर की आकर्षक रूप से हुई सजावट :** श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश उत्सव को लेकर श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल परिसर को आकर्षक तरीके से सजाया गया था। जिससे स्कूल परिसर भव्य प्रतीत हो रहा था।

**ये हुए शामिल :** कार्यक्रम में प्रधान सरदार परमदीप सिंह कालरा, मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, तेजिंदर सिंह सोनी, जोगिंदर सिंह जग्गी, बलजीत सिंह बेदी, देवेंद्र सिंह अरोरा, इंद्रजीत सिंह कोहली, मीडिया प्रभारी करमजीत सिंह जग्गी, नरेंद्र पाल, यश छाबड़ा, गुरप्रीत चना, जितेंद्र सिंह पवार, गुरप्रीत सलूजा, राजू जस्सल ,सुरेंदर सिंह बेदी, इकबाल सिंह, रघुवीर होरा, हरजीत सिंह छाबड़ा, इन्दरपाल सिंह सैनी, जगजीत सिंह सोनी, रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, धनंजय कुमार पुटूस, विंकल कालरा, रंजीत सिंह छाबड़ा, देवेंद्र सिंह सोनी, हरदीप होरा, रमन कोहली, नवल मल्होत्रा, राजू जस्सल, हरिंदर छाबड़ा, बन्नी गांधी, अमरपाल आनंद, स्नेहा गांधी, रघुवीर सिंह छाबड़ा, प्रीतम सिंह कालरा, डॉक्टर नरेंद्र सिंह सोनी, टोनी गांधी रौनक, सुरजीत सिंह छाबड़ा, जसकीरत सिंह भाटिया, गुरु नानक स्कूल के चेयरमैन हरपाल सिंह अरोड़ा, वाइस चेयरमैन कुलजीत सिंह कालरा, परमिंदर जस्सल, डिप्टी चेयरमैन मनमोहन सिंह लांबा, बंटी चमन, सतपाल होरा, करमजीत सिंह जग्गी, हरजाप सिंह गांधी, भूपेंद्र सिंह चंडोक, रविंद्र सिंह छाबड़ा, राजू कालरा, दलजीत सिंह छाबड़ा, इंद्रपाल सिंह जस्सल, विकी छाबड़ा, गुरजीत सिंह सलूजा अजैब सिंह छाबड़ा, पम्मी कालरा जसमीत कौर सोनी करमजीत कौर जग्गी, सुम्मी जोली सीमा कोहली रंजू अरोरा सहित हजारों लोग शामिल हुए।

---

## मोबाइल दुकान से लाखों की चोरी मामले में छह गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**




**मरकच्चो।** मोबाइल दुकान से लाखों की चोरी मामले में 6 लोगों को पकड़ा गया है। थाना क्षेत्र के बरियाडीह चौक स्थित बृंदावन टेलीकॉम मोबाइल दुकान का ग्रिल व दरवाजा का ताला तोड़कर 25 अक्टूबर को लाखो के सामान के साथ डेढ़ दर्जन से अधिक मोबाइल फोन चोरी हुई थी। इसे लेकर मूर्कमनाय टांड निवासी कुंदन कुमार सिंह पिता नकुल प्रसाद सिंह ने मरकच्चो थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने 6 चोरों को धर दबोचा है। वही इनके पास मोबाइल, चार्जर, हेडफोन, टेम्पर सहित एक ग्लैमर मोटरसाइकिल जेएच 11 पी 3873 से नम्बर बदलकर जेच 11 एजी 1995 किया गया बरामद किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी सुमित कु. साव ने प्रेस वार्ता आयोजित कर मामले का उद्भेदन करते हुए बताया कि मरकच्चो थाना कांड संख्या 104/22 धारा 461/380 भादवि कोडरमा पुलिस कप्तान कुमार गौरव के निर्देश पर तकनीकी शाखा के सहयोग से एक टीम के साथ छापेमारी करने के दौरान कांड में चोरी गई मोबाइल को दिनांक 7 नवंबर को तकनीकी शाखा के सहयोग से बरामद किया गया। दीपक कुमार पिता विश्वनाथ राम साकिन बरियाडीह के घर पर छापेमारी किया गया तो छापेमारी के दौरान दीपक कुमार घर पर उपस्थित पाया। उसके बाद दीपक कुमार को पूछताछ हेतु थाना लाया गया पूछताछ के आधार पर सारे मोबाइल को बरामद किया गया इसके अलावा मरकच्चो थाना कांड संख्या 74/22 में चोरी हुई ग्लैमर मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त दीपक कुमार उम्र 19 वर्ष पिता विश्वनाथ राम साकिन बरियाडीह थाना मरकच्चो, कुंदन कुमार व उपेंद्र कुमार दोनों पिता सत्यनारायण राम साकिन रेम्बा थाना हीरोडीह जिला गिरिडीह तथा बिट्टू राम पिता मुन्ना राम बरियाडीह थाना मरकचो व दो नाबालिग को गिरफ्तार किया गया। इन सभी के पास एलिमेंट्स कंपनी का चार्जर, यूएसबी केबल, सैमसंग गैलेक्सी मोबाइल ए03, हेडफोन, विवो का एंड्राइड मोबाइल, ओरैमो कंपनी का चार्जर, सैमसंग मोबाइल मेट्रो 313 छोटा, टेक्नो पोप स्प्रो मोबाइल, रियल मी मोबाइल, लोहे का रड करीब 2.5 फीट, ग्लैमर मोटरसाइकिल, रेडमी मोबाइल, सैमसंग मोबाइल गुरु 1200 बरामद किया गया छापेमारी में शामिल थाना प्रभारी सुमित कुमार साव, एसआई कुंदन कुमार तकनीकी शाखा कोडरमा की टीम एवं सशस्त्र बल मौजूद थे।

---

### आज बरसोत पंचायत भवन में पहुंचेगी राज्य सरकार

## अधिकाधिक संख्या में पंचायतवासी शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं को रखें : मोतीलाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही।** जनता की समस्याओं को जनता के द्वार पर ही संपादित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार के द्वारा जनता दरबार पार्ट टू के दूसरे चरण की शुरूआत आगामी एक नवंबर हो चुका है। इसी क्रम में आज बुधवार को बारसोत पंचायत भवन में जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प मुखिया मोतीलाल चौधरी के द्वारा जोर शोर से प्रचार-प्रसार किया गया है। उन्होंने लोगों से अपनी समस्याओं से संबधित सभी दस्तावेजो के साथ शिविर में आने की अपील किया है। उन्होंने बताया कि शिविर के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सावित्रीबाई फुले आशीर्वाद योजना, मनरेगा के तहत जॉब कार्ड, पशुधन योजना, राशन कार्ड अभी से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा। मुखिया ने आज लगने वाले शिविर में पंचायतवासियों से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर समस्याओं का समाधान करवाने का अपील किया है।

---

### लोहे का गेट लगाने के दौरान छज्जा गिरने से युवक की मौत

**कोडरमा।** जिले के जयनगर थाना अंतर्गत मंगलवार की सुबह 11 बजे महुआटांड़ के समीप लोहे का गेट लगाने के दौरान एक व्यक्ति के उपर छज्जा के अचानक गिर जाने से युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान मुकेश कुमार (उम्र 38 वर्ष, पिता राजेंद्र सिंह, ग्राम महुआटांड़, जयनगर) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपने घर के बगल में ही एक लोहे का गेट लगाने के दौरान छज्जा अचानक उसी व्यक्ति पर गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे कोडरमा सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में ही मौत हो गई। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को दी गयी और शव को अंत्यपरीक्षण के लिए भेजा गया है।

---

## शराबी चालक से अनियंत्रित होकर घर में घुसा ट्रक, मकान हुआ क्षतिग्रत, बाल-बाल बचे लोग



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** मंगलवार के करीब सवा बारह बजे दिन जीटी रोड डीएवी मोड़ के पास एक ट्रक संख्या डब्ल्लूबी 23बी 4942 के मकान में अचानक घुस जाने से मकान का सामने का हिस्सा ढह गया। जाको राखे साइयां के तर्ज पर घटना के वक्त कमरे में पढ रहा आयांश हल्की चोट के साथ पूरी तरह सुरक्षित रहा। घटना स्थल पर मौजूद लोगो ने बताया कि चालक नशे में धुत था। जिसकी खाली ट्रक धनबाद की ओर से आ रहा था, परंतु शराबी चालक से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित महाबीर ठाकुर के घर में तड़पता हुआ घुस गया। घायलों को पुलिस के द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल भर्ती किया गया, जिन्हे प्राथमिक ईलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। घायल चालक बगरो, कोडरमा निवासी चालक सरयू यादव पिता बबून यादव ने बताया कि दुर्घटना के कुछ ही मिनट पहले आधे किमी दूर स्थित धोबीयाडीह पेट्रोल पंप के पास से गाड़ी लेकर कोडरमा के लिए चले थे। अचानक गाड़ी कैसे तड़प गई और दुर्घटना घटी उन्हें समझ में नही आया। मौके पर मौजूद मकान मालिक सरस्वती देवी एव उनके बच्चो ने बताया कि वे सभी घर में थे और बच्चे सामने के कमरे में पढ़ रहे थे। अचानक ट्रक के जोरदार धमाके से पूरा मकान हिल उठा और मकान के सामने का दोनो कमरा क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से क्षतिपूर्ति का मांग किया है।

---

## चित्रांश परिवार की बैठक सम्पन्न आय-व्यय की विवरणी की प्रस्तुत

### अनुमंडलस्तरीय जातीय सम्मेलन करवाने की बनी सहमति



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** प्रखंड अध्यक्ष मनोज घोष की अध्यक्षता में चित्रांश समाज की बैठक मुख्य संरक्षक उपेंद्र प्रसाद के आवास पर संपन्न हुई। जिसका संचालन सचिव आशुतोष कुमार सिन्हा ने किया। बैठक की शुरूआत अराध्यदेव चित्रगुप्त के प्रार्थना के बाद विगत बैठक के प्रस्तावों की संपुष्टि के साथ हुई। कोषाध्यक्ष श्याम कुमार सिन्हा के द्वारा चित्रगुप्त मंदिर निर्माण व इस वर्ष के चित्रगुप्त पूजा के आय व्यय के विवरणी प्रस्तुत किया गया। जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में ही सर्वसम्मति से अनुमंडल स्तरीय जातीय सम्मेलन करवाने का प्रस्ताव लिया गया। इसके लिए शीघ्र ही बैठक बुलाकर रणनीति तय की जाएगी। बैठक में संरक्षक राजेंद्र रुखरियार, विनय कुमार सिन्हा, चंदन कुमार सिन्हा, जयदीप कुमार सिन्हा, प्रभात कुमार सिन्हा, लक्की कुमार सिन्हा आदि सहित कई लोग उपस्थित थे।

---

### मुर्रामकला में महिला समूह की बैठक सम्पन्न



**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 30 मुर्रामकला में मंगलवार को महिला स्वयं सहायता समूह की बैठक संपन्न हुई। जिसके बतौर मुख्य अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो उपस्थित हुए। समूह के सदस्यों द्वारा मनोज कुमार महतो का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। बैठक में समूह को मजबूत बनाने के लिए बल दिया गया और पिछले दिनों में किये गए कार्यों की समीक्षा की गई। मौके पर मनोज कुमार महतो ने बताया कि महिलाएं स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आर्थिक रूप से विकसित हो सकती हैं। आत्मनिर्भर बनने के लिए व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने विकास एवं समाज कल्याण के लिए आगे आना चाहिए। महिलाओं के आर्थिक विकास के द्वारा अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। महिलाएं संगठित होकर अच्छे से व्यवसाय या आर्थिक गतिविधियां संचालित कर सकती हैं। महिलाएं समाज के विकास के लिए रचनात्मक कार्य भी करें। बैठक में मुख्य रूप से डिया महतो, अनिल पटेल, मैनेजर महतो, सीआरपीलाजवंती देवी, आरती देवी, सुनीता देवी, पार्वती देवी, ललिता देवी, नीतू देवी, अनिता देवी, शिला देवी, मंजू देवी, नीता कुमारी आदि उपस्थित थे।

### बहू ने सास, श्वसुर, पति सहित भगिना व भगिनी के खिलाफ थाना में लिखाई रपट, न्याय की लगाई गुहार

**बरही।** दुधपनिया निवासी सरिता देवी पति रंजीत ठाकुर ने अपने ही सास कबूतरी देवी, श्वसुर राजेंद्र ठाकुर और पति के खिलाफ महिला थाना में रपट लिखवाई है। दिए आवेदन में आरोप लगाया कि बीते सोमवार को उसके श्वसुर और पति शराब पीकर उसके साथ मार पीट कर घर से निकाल दिए है। साथ ही पति के द्वारा दूसरी शादी करने का भी धमकी दिया गया। इतना ही नहीं भगना गणेश ठाकुर और भागिनी शीतल कुमारी के द्वारा भी ईट फेंककर मारा गया। जिससे वह घायल हों गई, जिसका इलाज मंडली अस्पताल में कराया गया। साथ ही सास के द्वारा भी गलियां व मार पीट की गई। संबंधित मामले में महिला ने थाना प्रभारी से न्याय की गुहार लगाई है।

### राज्य के विद्यालयों में शारीरिक शिक्षकों के अभाव की वजह से खेलो झारखंड का लक्ष्य पूरा होना मुश्किल : रमेश महतो



**रामगढ़।** झारखंड प्रशिक्षित बेरोजगार शारीरिक शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव रमेश कुमार महतो ने 8 नवंबर को विज्ञप्ति जारी किया है। विज्ञप्ति में उन्होंने कहा है कि 11 नवंबर से राज्य में खेलो झारखंड 2022-23 की शुरूआत होनेवाली है। बताया कि इसमें एथलेटिक्स, जैबलिन, थ्रो, हॉकी, तीरंदाजी, कुश्ती, कबड्डी, वालीबॉल, फुटबॉल आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन हो रहा है। कहा कि यह राज्य के प्रतिभागियों और खेल प्रेमियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की रिपोर्ट के अनुसार राज्य में कुल 34850 प्राथमिक व मध्य विद्यालय और 2690 हाइस्कूल व प्लस टू उच्च विद्यालय हैं। कहा कि राज्य में प्रति एक लाख आबादी पर 106 प्राथमिक व मध्य विद्यालय और आठ हाइस्कूल व प्लस टू विद्यालय हैं और सरकार के पास सिर्फ 648 बहाल किये गये शारीरिक शिक्षक हैं। ऐसे में प्रतियोगता आयोजन का उद्देश्य पूरा नही हो पाएगा। श्री महतो ने कहा कि जबतक राज्य के सभी विद्यालयों में शारीरिक शिक्षक बहाल नही किये जायेंगे। इस प्रकार के आयोजन सफल नही हो सकेंगे। इसलिए राज्य के सभी विद्यालयों में शारीरिक शिक्षकों को बहाली की जाए।

---

### हितचिंतक अभियान का हुआ शुभारंभ, दो सप्ताह में एक करोड़ लोगों को जोड़ने का लक्ष्य

## डेढ़ लाख गांवों तक पहुंचेगा विहिप का हितचिंतक अभियान : मुकेश पांडेय

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरकट्ठा।** हितचिंतक अभियान के तहत मंगलवार को प्रखंड अंतर्गत शिलाडीह पंचायत में विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने डोर टू डोर लोगों से संपर्क कर इस अभियान में जुड़ने का आग्रह किया। इस क्रम में लग्नवां, डोंडहरा, शिलाड़ीह, महरैनियाग-ढा, लेंबुआ आदि कई गांव में हित चिंतक अभियान से लोगों को जोड़ने का प्रयास किया गया। इसमें मुख्य रूप से विहिप शिलाड़ीह पंचायत के अध्यक्ष मुकेश पांडेय, पंसस प्रतिनिधि राजकुमार गिरी, सूरज देव प्रजापति, राजन चौधरी, सूरज सिंह, प्रदीप पांडेय, दीपक पांडेय समेत दर्जनों लोगों ने भाग लिया। वहीं मुकेश पांडेय ने कहा यह अभियान 6 नवंबर से प्रारंभ हुआ है जिसमें विश्व हिंदू परिषद् देश के डेढ़ लाख गांवों तक पहुंच कर एक करोड़ से अधिक हिन्दूओं को जोड़ेगा। 2024 में विश्व हिन्दू परिषद् की स्थापना के साठ वर्ष पूर्ण हो जायेंगे। इस निमित्त षष्टि पूर्ती के अवसर पर विहिप के इस देश व्यापी हितचिंतक अभियान को सर्वस्पर्शी बनाने हेतु 6 नवंबर से 20 नवंबर तक हम समाज के हर जाति, संप्रदाय से संपर्क कर उन्हें हिन्दू समाज व राष्ट्र हित के कार्यों से जोड़ेंगे।

अभियान में विशेष वर्ग के लोगों को जोड़ने हेतु विशेष संपर्क भी किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत सभी वर्गों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। सूरज देव प्रजापति ने कहा कि हितचिंतक अभियान की टोलियों का लक्ष्य विहिप के कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी देना है। इस अभियान के अंतर्गत समाज के वंचितों को अधिक से अधिक जोड़ना, नई पीढ़ी में सनातनी संस्कारों का संचार करना, गौवंशों की रक्षा, सामाजिक समरसता, नारी सशक्तीकरण, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण व मठ-मंदिरों की सुव्यवस्था के साथ ही हिंदू समाज को संगठित करते हुए उसकी सुरक्षा के संकल्प का भाव जगाना मुख्य उद्देश्य है।

## न्यूज गैलरी

### विश्व स्नूकर के नॉकआउट दौर में आडवाणी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के शीर्ष खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने ग्रुप चरण में अपने सभी मैच जीतकर तुर्की के अंताल्या में चल रही विश्व पुरुष स्नूकर चैम्पियनशिप के नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई किया। आडवाणी ने ग्रुप के में अपने पहले मैच में स्थानीय खिलाड़ी अब्दुर्रहमान इलमाज को 3-0 (62-2, 117-8, 75-15) से हराया और फिर मिस्र के अहमद समीर को 3-0 (57-23, 80-34, 61-22) से पराजित किया। उनका तीसरा मैच नीदरलैंड के मार्को रेइजर्स से था, जिन्हें उन्होंने 3-0 (73-01, 78-03, 66-01) से हराया। नॉकआउट चरण बुधवार से शुरू होगा। आडवाणी ने पिछले महीने कुआलालंपुर में विश्व चैम्पियनशिप के बिलियर्ड्स फाइनल में हमवतन सौरव कोठारी को हराकर अपना 25वां विश्व खिताब जीता था।

### ऐश बार्टी की आत्मकथा 'माइ ड्रीम टाइम' विमोचित

**मेलबर्न (एजेंसी)।** विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ऐश बार्टी का टेनिस में वापसी करने या किसी अन्य खेल को अपनाने का कोई इरादा नहीं है। मेलबर्न पार्क में अपनी आत्मकथा के विमोचन के अवसर पर इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि उनकी उच्च स्तर के खेलों में वापसी करने की कोई इच्छा नहीं है और भविष्य में भी वह ऐसा नहीं करेगी। इस साल के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीतनेवाली बार्टी ने सोमवार को ऑस्ट्रेलियाई एसोसिएट प्रेस से कहा कि नहीं मेरा वापसी का कोई इरादा नहीं है। मैंने जो हासिल करना था, कर लिया है। बार्टी ने तीन ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं और वहां 121 सप्ताह तक विश्व की नंबर एक खिलाड़ी रही हैं। उन्होंने ब्रिसबेन हीट की तरफ से पेशेवर क्रिकेट भी खेला है और वह गोल्फ में खेलती रही हैं। इससे कयास लगाए जा रहे थे कि टेनिस छोड़ने के बाद वह किसी अन्य खेल में हाथ आजमा सकती हैं। अपनी आत्मकथा 'माइ ड्रीम टाइम' का विमोचन करते हुए बार्टी ने स्पष्ट किया कि वह अपनी नयी जिंदगी से बेहद खुश हैं और उनका पेशेवर खेलों में वापसी का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे अपनी जिंदगी में कभी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि कोई शून्य है जिसे भरा जाना जरूरी है क्योंकि मुझे जो हासिल करना था वह मैं कर चुकी हूं।

### ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, नीदरलैंड प्रबल दावेदार, लेकिन भारत को हल्के में नहीं लें : ग्लेन टर्नर

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हॉकी खिलाड़ी ग्लेन टर्नर को लगता है कि उनका देश, मौजूदा चैम्पियन बेल्जियम और नीदरलैंड आगामी पुरुष हॉकी विश्व कप जीतने के प्रबल दावेदार हैं, लेकिन उन्होंने टोक्यो ओलिम्पिक कांस्य पदक विजेता भारत को अपने ही घर में हल्के में लेने के खिलाफ चेतावनी दी। ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, नीदरलैंड, मेजबान भारत, अर्जेंटीना, जर्मनी, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, फ्रांस, कोरिया, मलेशिया, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका, जापान, चिली और वेल्स टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करनेवाली 16 टीमें हैं जिसकी मेजबानी भुवनेश्वर और राउरकेला में संयुक्त रूप से 13 से 29 जनवरी तक की जाएगी। दो बार के ओलिम्पियन टर्नर ने कहा कि मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलिया के पास एक बड़ा मौका है। उन्होंने हाल ही में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता है। वे एक स्तरीय टीम हैं। मुझे पता है कि वे कैसे प्रशिक्षण लेते हैं और वे जीतने के लिए प्रशिक्षण लेते हैं। उनके मूल और बुनियादी सिद्धांत बहुत अच्छे हैं और मुझे लगता है कि यही उन्हें अलग करता है। वर्ष 2010 और 2014 में लगातार दो विश्व कप जीतनेवाली ऑस्ट्रेलियाई टीम के सदस्य रहे टर्नर ने कहा कि मुझे लगता है कि बेल्जियम भी दावेदार हैं क्योंकि वे काफी अच्छी फॉर्म में हैं।

# आईपीएल के नये चेयरमैन धूमल बोले- विदेशी लीग्स में नहीं खेलेंगे भारतीय



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के नए चेयरमैन अरुण धूमल का मानना है यह टी-20 टूर्नामेंट अगले पांच वर्षों में दुनिया की सबसे बड़ी लीग बन जाएगी और कहा कि महिला आईपीएल को लेकर बोर्ड की राय स्पष्ट है। धूमल ने पीटीआई से बातचीत में आईपीएल को लेकर लंबी अवधि की योजनाओं के बारे में बात की। आईपीएल ने 2023-2027 चक्र के लिए 48,390 करोड़ रुपए में मीडिया अधिकार बेचे जिससे वह प्रति मैच के मूल्य के मामले में विश्व की दूसरी सबसे मूल्यवान खेल लीग बन गई है। आईपीएल में ढाई महीने में 10 टीम के बीच 94 मैचों का आयोजन करने की योजना है। धूमल ने कहा कि नई योजनाओं के साथ आगे बढ़ना समय की मांग है और ऐसा कोई कारण नजर नहीं आता है जिससे कि आईपीएल दुनिया की सबसे बड़ी लीग न बन सके। धूमल से पूछा गया के आईपीएल को आगे बढ़ाने के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की क्या योजनाएं हैं, उन्होंने कहा कि आईपीएल अभी जो है उससे कहीं बड़ा होगा और यह विश्व की नंबर एक खेल लीग बन जायेगा। उन्होंने कहा कि हमारी इसमें निश्चित तौर पर नई चीजें जोड़ने की योजना है जिससे कि यह प्रशंसकों के अधिक अनुकूल बन सके। जो लोग इसे टीवी पर देखते है और जो स्टेडियम में आकर देखते हैं हम उन्हें बेहतर अनुभव देना चाहते हैं। धूमल ने कहा कि अगर हम आईपीएल का कार्यक्रम काफी पहले तैयार कर देते हैं तो विश्व भर के प्रशंसक उसके अनुसार अपना यात्रा कार्यक्रम बना सकते हैं। बीसीसीआई ने आईपीएल में दो नई टीमें जोड़कर 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की लेकिन धूमल ने कहा कि इसमें अभी और टीमों को जोड़ने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि टीमों की संख्या 10 ही रहेगी। अगर इनकी संख्या बढ़ाई जाती है तो फिर एक साथ टूर्नामेंट का आयोजन करना मुश्किल हो जाएगा। हमने पहले दो सत्र में 74 मैच और फिर 84 मैच का आयोजन करने पर विचार कर रहे हैं और अगर चीजें अनुकूल रही तो पांचवें साल में 94 मैच आयोजित किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम खुद की तुलना फुटबॉल या विश्व की अन्य खेल लीग से नहीं कर सकते, क्योंकि क्रिकेट की जरूरतें पूरी तरह से भिन्न हैं। आप एक ही तरह की पिच पर छह महीने तक नहीं खेल सकते हैं।

### सेमीफाइनल के लिए रवि शास्त्री ने चुना पसंदीदा विकेटकीपर

**भारतीय** टीम आईसीसी इवेंट्स में अपने ट्रॉफी जीतने के सूखे को खत्म करने से सिर्फ दो मैच दूर है। सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला इंग्लैंड से होनेवाला है। इंग्लैंड जहां अपनी प्लेइंग इलेवन में बदलाव करता नहीं दिखेगा तो वहीं भारत भी परहेज करेगा। हालांकि, यह सवाल है कि ऋषभ पंत और दिनेश कार्तिक में से किसे मौका मिलता है। वहीं पूर्व भारतीय मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि विस्फोटक ऋषभ पंत के लिए दिनेश कार्तिक को बाहर कर देना चाहिए। जब उनके विकेटकीपर-बल्लेबाजों की बात आती है, तो रोहित शर्मा का पक्ष कमजोर दिख रहा है, क्योंकि न तो दिनेश कार्तिक और न ही ऋषभ पंत मौजूदा टी-20 विश्व कप में उन्हें दिए गए अवसरों को हथियाने में सक्षम हैं। हालांकि, टीम प्रबंधन ने अनुभवी कार्तिक का पक्ष लिया है, पर शास्त्री का मानना है कि इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण को देखते हुए पंत अधिक समझदार विकल्प हैं। शास्त्री ने रविवार को जिम्बाब्वे पर भारत की जीत के बाद ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स को बताया कि दिनेश एक प्यारा टीम खिलाड़ी है। लेकिन जब इंग्लैंड या न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच की बात आती है, तो बस उनके आक्रमण को देखते हुए, मुझे लगता है कि आपको एक मजबूत बाएं हाथ के बल्लेबाज की जरूरत है जो इसे चालू कर सके और मैच विजेता बने और बाएं हाथ का खिलाड़ी हो। पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया।

# टी-20 वर्ल्ड कप 2022 : रोमांचक होगी पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच जंग

**सिडनी (एजेंसी)।** मेहनत से ज्यादा किस्मत की बदौलत टी-20 विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंची बाबर आजम के नेतृत्ववाली पाकिस्तान की टीम बुधवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी। दोनों टीमों के बीच पहला सेमीफाइनल मुकाबला 9 नवम्बर को दोपहर 1.30 बजे से खेला जायेगा। आंकड़ो के लिहाज से पाकिस्तान का पलड़ा भारी दिखता है, मगर विश्वकप में अब तक शानदार प्रदर्शन कर रही न्यूजीलैंड के खिलाफ उसकी राह कतई आसान नहीं होगी। दोनों टीमों के बीच अब तक खेले गए सभी टी-20 विश्वकप में यह सातवीं भिड़ंत होगी। टी-20 विश्वकप मुकाबलों में अब तक कीवी टीम के खिलाफ पाकिस्तान के सिर चार बार जीत का सेहरा बांधा है जबकि दो बार उसे हार का सामना करना पड़ा है।

मौजूदा टी-20 विश्वकप से ठीक पहले न्यूजीलैंड को उसके घर में हराकर त्रिकोणीय श्रृखंला जीतने वाली बाबर की टीम पहले ही मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल कर चुकी है। सेमीफाइनल में पाक टीम इसका फायदा उठाने की पुरजोर कोशिश करेगी। शनिवार शाम तक पाकिस्तान के सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावनाएं काफी क्षीण बनी हुईं थी, मगर रविवार की सुबह उनके लिए आशा भरी किरण लेकर आई जब नीदरलैंड ने जबरदस्त उलटफेर करते हुए मजबूत दक्षिण अफ्रीका को 13 रन से हरा दिया। अब पाकिस्तान के लिए सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए सिर्फ बांग्लादेश को हराना था और महत्वपूर्ण मैचों में जीत की आदत रखनेवाली बाबर आजम की टीम ने इसे संभव कर दिखाया।

### पाकिस्तान के लिए आसान नहीं होगा न्यूजीलैंड को हराना

**उधर,** विश्वकप की चमचमाती ट्रॉफी को उठाने में सिर्फ दो कदम दूर केन विलियम्सन की टीम पाकिस्तान को बेपटरी करने के लिए अपना सर्वस्व झोंकने को तैयार होगी। कीवी टीम का मौजूदा विश्वकप का सफर अब तक काफी शानदार रहा है और अगर विलियम्सन के लड़ाके अपनी लय को बरकरार रख पाते हैं तो इनसे निपटना पाक के लिए कतई आसान नहीं होगा। आंकड़ों के लिहाज से देखे तो दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 28 टी-20 मैच हुए हैं जिसमें पाकिस्तान ने 17 और न्यूजीलैंड ने 11 में जीत हासिल की है। यहां दिलचस्प है कि न्यूजीलैंड को इन 11 मैचों में आठ में अपने घर में जीत हासिल हुई है, वहीं पाकिस्तान टीम दस मुकाबले घर के बाहर कीवी टीम से जीती है।




# रोनाल्डो ने विरोधी खिलाड़ी को गर्दन से पकड़कर जमीन पर पटका

**लिस्बन (एजेंसी)।** पुर्तगाल के स्टार फुटबॉल खिलाड़ी क्रिस्टयानो रोनाल्डो विवाद के बीच तब पाए गए, जब उन्होंने प्रीमीयर लीग के एक मैच में विरोधी खिलाड़ी को गर्दन से पकड़ कर मैदान में पटक दिया। प्रीमीयर लीग में मैनचेस्टर यूनाइटेड की ओर से खेलनेवाले रोनाल्डो रविवार को मैच के दौरान एस्टन विला के खिलाड़ी टाइरोन मिंग्स के साथ विवाद में पाए गए। यह घटना मैच के 60वें मिनट पर हुई जब मैनचस्टर की टीम 1-3 के गोल स्कोर से पिछड़ रही थी। मैच में मैनचेस्टरव यूनाइटेड की टीम लेफ्ट विंग की तरफ से अटैक करने की कोशिश कर रही थी। इसी बीच रोनाल्डो गोल पोस्ट के बिल्कुल सामने खड़े थे और एस्टन विला के खिलाड़ी मिंग्स उन्हें मार्क कर रहे थे। रोनाल्डो ने जगह बनाने कि कोशिश में मिंग्स को धक्का देते हुए, उन्हें गर्दन से पकड़ कर मैदान पर पटक दिया। रोनाल्डो की यह झड़प डब्लयूडब्लयूई के रेसलर के मूव से कम नहीं थी। मैच में इन दोनों खिलाड़ियों की बीच झड़प इतनी बढ़ गई कि अन्य खिलाड़ियों और रेफरी को बीच-बचाव करना पड़ा। विवाद को बढ़ता देख रेफरी एंथनी टेलर ने खेल को तुरंत रोक दिया और यहां तक कि घटना के लिए वीडियो रिप्ले भी चेक किया गया, लेकिन उनको दोनों खिलाड़ियों को लाल कार्ड दिखाने की आवश्यकता नहीं पड़ी। हालांकि, रोनाल्डो को उनके इस फाउल के लिए एक पीला कार्ड दिया गया। मैच की बात करे तो मैनचेस्टर की टीम अंतिम समय तक एस्टन विला के दो गोल की बढ़त कम नहीं कर पाई और मैनचेस्टर यूनाइटेड अंततः मैच 1-3 से हार गई। यह मैनचेस्टर की लीग में चौथी हार है।



# दनुष्का गुणथिलाका प्रकरण की जांच के लिए तीन सदस्यीय पैनल नियुक्त

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका के बल्लेबाज दनुष्का गुणथिलाका की सिडनी में बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में श्रीलंका क्रिकेट ने गुणथिलाका को निलंबित कर दिया था। अब बोर्ड की कार्यकारी समिति ने इस मामले पर जांच के लिए तीन सदस्यीय पैनल का गठन किया है। पैनल क्रिकेटर के आचरण और घटनाओं के क्रम के बारे में टीम मैनेजर से तत्काल स्पष्टीकरण मांगेगा। गुणथिलाका श्रीलंका के आईसीसी टी-20 विश्व कप से बाहर होने के बाद घर वापस जाने के लिए हवाई अड्डे के लिए रवाना से पहले रविवार सुबह टीम की बस से सिडनी पुलिस ने पकड़ा। न्यू साउथ वेल्स पुलिस विभाग के अनुसार 31 वर्षीय श्रीलंकाई क्रिकेटर व्यक्तिगत रूप से मिलने से पहले एक ऑनलाइन डेटिंग ऐप के माध्यम से कुछ दिनों के लिए एक महिला के साथ संवाद कर रहा था।



इसके बाद उसने 2 नवम्बर की शाम को कथित तौर पर उसका यौन उत्पीड़न किया। गुणाथिलका पर बलात्कार के चार मामले दर्ज हैं। एसएलसी ने एक बयान में कहा कि खिलाड़ी दनुष्का गुणथिलका से जुड़ी कथित घटना की जांच शुरू करने के लिए श्रीलंका क्रिकेट तीन सदस्यीय जांच पैनल की नियुक्ति की घोषणा करता है जिसमें न्यायमूर्ति सिसिरा रत्नायके (उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश), अटॉर्नी-एट-लॉ निरोशना परेरा और अटॉर्नी-एट-लॉ असेला रेकावा शामिल हैं। समिति विभिन्न कथित घटनाओं पर भी जांच पर ध्यान केंद्रित करेगी जो श्रीलंका क्रिकेट के ध्यान में आयी हैं और कहा जाता है कि कथित तौर पर ऑस्ट्रेलिया में राष्ट्रीय टीम के प्रवास के दौरान हुई थी। इस प्रक्रिया में टीम मैनेजर से उनके आचरण से संबंधित, ऐसी घटनाओं के होने के संदर्भ में पैनल तत्काल स्पष्टीकरण मांगेगा।

### पीसीबी के वीडियो शेयर करने पर भड़के अकरम

**कराची (एजेंसी)।** दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम और वकार यूनुस ने ड्रेसिंग रूम की बातें सोशल मीडिया पर साझा करने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की कड़ी आलोचना की है। पीसीबी ने टी-20 विश्व कप में भारत से हार के बाद ड्रेसिंग रूम में कप्तान बाबर आजम के भाषण का वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिया था। इसके बाद रविवार को जब टीम ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया तो बाबर और टीम के मेंटर मैथ्यू हेडन का वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा कर दिया गया था। अकरम और यूनिस ने कहा कि ड्रेसिंग रूम में जो कुछ भी होता है उसे गोपनीय रखना चाहिए। अकरम ने एक खेल चैनल से कहा कि अगर मैं बाबर आजम की जगह होता तो वीडियो बनानेवाले शख्स को उसी समय रोक देता, क्योंकि ड्रेसिंग रूम में कई व्यक्तिगत बातें भी होती हैं और अगर उन्हें सार्वजनिक कर दिया जाता है तो यह शर्मसार करनेवाली हो सकती है।

# नीदरलैंड के स्टीफन मायबर्ग ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



**एडिलेड (एजेंसी)।** टी-20 विश्वकप में दक्षिण अफ्रीका को सेमीफाइनल की रेस से बाहर करनेवाली नीदरलैंड टीम के सलामी बल्लेबाज स्टीफन मायबर्ग ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। मायबर्ग ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में लिखा कि हैंगिंग अप द बूट्स...। ईश्वर महान है। मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि मैं विश्व कप में अपना करियर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीत के साथ समाप्त करूंगा। यह याद हमेशा ताजा रहेगी। मैं केएनबीसी क्रिकेट और नीदरलैंड का आभारी हूं। जीसस, दोस्त, परिवार, प्रायोजक और सभी समर्थकों को मैं केवल धन्यवाद कह सकता हूं। उन्होंने कहा कि मैंने अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने के लिए संन्यास का मन बनाया है। हालांकि, वह क्लब स्तर पर खेलते रहेंगे। गौरतलब है कि पिछले रविवार को टी-20 विश्वकप के अपने अंतिम लीग मैच में नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को जबरदस्त उलटफेर करते हुए 13 रन से हरा दिया था। इस मैच में 38 वर्षीय मायबर्ग ने मात्र 30 गेंदों में 37 रन बना कर अपनी टीम को मजबूत आधार दिया जिसकी बदौलत नीदरलैंड चार विकेट पर 158 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा कर सकी थी। प्रिटोरिया में जन्मे मायबर्ग ने 2011 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया और अपने करियर में 22 वनडे और 45 टी-20 मैच खेले हैं। उन्होने इस साल की शुरूआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के बाद वनडे से संन्यास ले लिया था। मायबर्ग ने अपने टी-20 करियर में 21.78 के औसत और 114.51 के स्ट्राइक रेट से 915 रन बनाए हैं। वह मैक्स ओडॉव और बेन कूपर के बाद टी-20 इंटरनेशनल में नीदरलैंड के लिए तीसरे सबसे ज्यादा रन बनानेवाले खिलाड़ी हैं।

# अभ्यास सत्र के दौरान बाल-बाल बचे कप्तान रोहित शर्मा

**एडिलेड (एजेंसी)।** टी-20 विश्व कप से पहले भारतीय खिलाड़ियों की चोटें टीम मैनेजमेंट के लिए किसी बुरे सपने से कम नहीं रहीं। हालांकि, अहम खिलाड़ियों के चोटिल होने के बावजूद भी भारतीय टीम गबराई नहीं और टी-20 विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन के चलते सेमीफाइनल में जगह बनाने में कामयाब रही। भारत अब टूर्नामेंट के लगभग अंतिम पड़ाव तक पहुंच गया है, लेकिन चोटें भारतीय टीम का अभी तक भी पीछा नहीं छोड़ रही हैं। सेमीफाइनल से पहले भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा के नेट्स में चोटिल होने की खबर आई, लेकिन गनीमत रही कि चोट इतनी गंभीर नहीं थी। मंगलवार की सुबह भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों की लिए बुरी खबर लेकर आई, जब उन्हें पता चला कि हिटमैन रोहित नेट्स



सत्र के दौरान चोटिल हो गए हैं। नेट्स अभ्यास के दौरान एक तेज गेंद सीधे रोहित के दाएं हाथ पर जा लगी, यह गेंद इतनी जोर से कप्तान को लगी थी कि वह दर्द से कराहने लगे। चोट की गंभीरता को देखते हुए, टीम के फीजियो दौड़ते हुए रोहित के पास जा पहुंचे और उनकी चोट का संज्ञान लेने लगे।

रोहित को दर्द से निवारण दिलवाने के लिए फीजियो ने उनके हाथ पर मैजिक स्प्रे का इस्तेमाल किया। इस पूरे मामले के दौरान गनीमत यह रही कि रोहित की चोट गंभीर नहीं थी और वह चोट के बाद भी नेट्स में अभ्यास करते हुए दिखाई दिये। हालांकि, हिटमैन टी-20 विश्व कप में अपनी लय में नजर नहीं आ रहे हैं, लेकिन वह टीम के ऐसे खिलाड़ी हैं जो अकेले अपने दम पर ही मैच का रूख पलट सकते हैं। रोहित अब तक टूर्नामेंट के सुपर-12 चरण के पांच मैचों में कुल मिलाकर 89 रन ही बना पाए हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में एक अर्धशतक नीदरलैंड की टीम के खिलाफ जड़ा है। फॉर्म में नहीं दिख रहे रोहित से प्रशंसकों को सेमीफाइनल में बहुत सी उम्मीदें हैं। रोहित की भी कोशिश रहेगी कि वह सेमीफाइनल में टीम के लिए मैच जिताऊ पारी खेलें।

### टी-20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल : हमारा मुकाबला मजबूत टीम से - स्टोक्स

**एडिलेड (एजेंसी)।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने पत्रकारों से कहा कि सूर्य कुमार ने वास्तव में क्रिकेट जगत में अपनी चमक बिखेरी है। वह शानदार खिलाड़ी है और कुछ ऐसे शॉट खेलता है जिन्हें देखकर आप सिर खुजलाने के लिए मजबूर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि वह अभी शानदार फॉर्म में हैं लेकिन उम्मीद है कि हम उस पर अंकुश लगाने में सफल रहेंगे और उसे खुलकर नहीं खेलने देंगे। कोहली के बारे में स्टोक्स ने कहा कि उस जैसे खिलाड़ी को इतनी आसानी से चुका हुआ नहीं माना जा सकता। मैदान पर कोहली और स्टोक्स की स्वस्थ प्रतिद्वंद्विता जगजाहिर है। स्टोक्स ने कहा कि विराट बेहतरीन प्रदर्शन करने के बाद कुछ महीने अच्छा नहीं खेल पाते तो उन्हें चुका हुआ मान दिया जाता है। मैं नहीं जानता ऐसा क्यों। मेरा मानना है कि उन्होंने वह अधिकार हासिल किया है कि उन्हें कभी चुका हुआ नहीं माना जा सकता। स्टोक्स ने कहा कि जहां तक कोहली का सवाल है तो आंकड़े इसका गवाह हैं। उन्होंने कहा कि कोहली ने तीनों प्रारूपों में जिस तरह के आंकड़े अर्जित किये हैं और जैसी पारियां खेली हैं वैसा कोई अन्य नहीं कर सकता। स्टोक्स ने स्वीकार किया इंग्लैंड अपनी सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नहीं खेलने के बावजूद सेमीफाइनल में पहुंचा है और उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत की मजबूत टीम के खिलाफ ऐसा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमने अभी तक अपनी सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नहीं खेली लेकिन फिर भी हम यहां हैं और यह उत्साहजनक है।




## न्यूज गैलरी

### मुद्रा बाजार में रुपया 43 पैसे मजबूत होकर 81.92 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंचा




मुंबई। दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के कमजोर पड़ने और घरेलू शेयर बाजार में जारी तेजी को बदौलत आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 43 पैसे मजबूत होकर 81.92 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह पिछले कारोबारी दिवस रुपया 53 पैसे की तेजी लेकर 82.35 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। कारोबार की शुरूआत में रुपया 21 पैसे की बढ़त लेकर 82.14 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और बिकवाली से समर्थन पाकर 81.87 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। हालांकि लिवाली के दबाव में यह 82.32 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 82.35 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में 43 पैसे मजबूत होकर 81.92 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार, चीन के कोविड प्रतिबंध को पूरी तरह से समाप्त करने से इंकार करने की वजह से दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में गिरावट आई है, जिससे रुपये को समर्थन मिला है। इसके साथ ही घरेलू शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन भी तेजी रहने से रुपये को बल मिला है।

### फोनपे के स्मार्टस्पीकर के जरिए 100 करोड़ से ज्यादा का लेनदेन

**नयी दिल्ली।** फिनटेक प्लेटफॉर्म फोनपे के स्मार्टस्पीकर के जरिये अब तक 100 करोड़ से ज्यादा का अब तक लेनदेन हो चुका है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि अब तक भारत में 10 लाख स्मार्टस्पीकर का इस्तेमाल हो रहा है। साथ ही, कंपनी ने लॉन्च के सिर्फ.3 महीने में 100 करोड़ से ज्यादा का लेनदेन हो चुका है। इससे कंपनी को देश भर में अपने ऑफलाइन मर्चेंट पेमेंट सुविधा को बेहतर बनाने में मदद मिली है। इस साल अगस्त में मर्चेंट लोकेशन पर सुरक्षित और सुविधाजनक पेमेंट ट्रैकिंग के लिए इसकी शुरूआत की गई थी। उसने कहा कि इस डिवाइस के लिए कारोबारियों से बहुत अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। यही वजह है कि शहरी और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में हमारे कारोबार मालिकों के बीच स्मार्टस्पीकर की मांग लगातार बढ़ रही है।

### एसबीएफसी फाइनेंस की आईपीओ से 1,600 करोड़ रुपए जुटाने की योजना

नई दिल्ली। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए 1,600 करोड़ रुपए जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष शुरूआती दस्तावेज जमा किए हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दायर दस्तावेजों के मसौदे (डीआरएचपी) के मुताबिक, इस आईपीओ के तहत एसबीएफसी की तरफ से 750 करोड़ रुपए मूल्य के नए शेयर जारी किए जाने के साथ ही 850 करोड़ रुपए की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाई जाएगी। ओएफएस में कंपनी के प्रवर्तकों के पास मौजूद शेयरों की बिक्री की जाएगी। इसमें आर्पवुड पार्टनर्स इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स 398.19 करोड़ रुपए, एसबीएफसी होल्डिंग्स 275 करोड़ रुपए, आर्पवुड कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड 97.72 करोड़ रुपए और एट45 सर्विसेज 79.08 करोड़ रुपए के शेयरों की बिक्री करेंगी। दस्तावेजों के मुताबिक, कंपनी आईपीओ लाने के पहले 150 करोड़ रुपए के आईपीओ-पूर्व नियोजन पर भी विचार कर सकती है। ऐसा होने पर आईपीओ का आकार घट जाएगा। वर्ष 2017 में गठित एसबीएफसी इस निर्गम से जुटाई गई राशि का इस्तेमाल अपनी भावी पूंजी जरूरतों को पूरा करने में करेगी।

### गोदरेज प्रॉपर्टीज ने आवासीय परियोजना के लिए पुणे में 12 एकड़ जमीन खरीदी

नयी दिल्ली। रियल्टी कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज ने एक आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए पुणे में 12 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है। कंपनी ने मंगलवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि जमीन की अनुमानित बिक्री राजस्व क्षमता लगभग 2,000 करोड़ रुपये है। कंपनी ने शेयर बाजारों को बताया कि इसने पुणे के मुंडवा-पूर्व में 12 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया है। इस जमीन मुख्य रूप से एक प्रीमियम आवासीय परियोजना तैयार की जाएगी।

# गडकरी का ऐलान सुनकर गदगद हुए लोग, नयी तकनीक से मिनटों में छू-मंतर हो जाएगा प्रदूषण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एनसीआर समेत देश के कई राज्यों में प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए सरकारों की तरफ से तेजी से प्रयास किये जा रहे हैं। अब केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि अगले दो-तीन महीने में नई तकनीक लाई जाएगी। इस तकनीक में ट्रैक्टर में मशीन लगाकर खेत में पराली का इस्तेमाल बायो-बिटुमन बनाने में किया जायेगा। गडकरी ने कुछ सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखने के बाद आयोजित कार्यक्रम में कहा कि किसान अन्नदाता के साथ ऊजार्दाता भी बन सकते हैं। किसान बायो-बिटुमेन बना सकते हैं, जिसका उपयोग सड़क बनाने में किया जा सकता है। धान की फसल की कटाई के बाद खेत में बचे हुए उसके ठूंठ को पराली कहा जाता है। गडकरी ने कहा,



'मैंने नई तकनीक की रूपरेखा पेश की है, जिसे हम दो से तीन महीनों में जारी करेंगे। इस तकनीक में ट्रैक्टर पर लगी मशीन से किसानों के खेत पर जाकर पराली से बायो-बिटुमन बनाया जाएगा जिसका उपयोग सड़कों के निर्माण में किया जायेगा।' गडकरी ने मध्य प्रदेश के आदिवासी जिले मंडला में 1,261 करोड़ रुपये की लागत वाली सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखी। उन्होंने किसानों की बदलती भूमिका का जिक्र करते हुए कहा, 'मैं लंबे समय से कह रहा हूं कि देश के किसान ऊर्जा पैदा करने में सक्षम हैं। हमारे किसान केवल अन्नदाता ही नहीं बल्कि ऊजार्दाता भी बन रहे हैं और अब वे सड़क बनाने के लिए बायो-बिटुमन और ईंधन बनाने के लिए इथेनॉल का उत्पादन भी कर सकते हैं। गडकरी के मुताबिक, केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में पेट्रोलियम मंत्री ने जानकारी दी थी कि देश ने गन्ने और अन्य कृषि उत्पादों से निकाले गए ईंधन ग्रेड इथेनॉल को पेट्रोल के साथ मिलाकर 40 हजार करोड़ रुपये मूल्य की विदेशी मुद्रा बचाई है। गडकरी ने जल, जमीन और जंगल के समुचित उपयोग द्वारा विकास का नया मॉडल लागू करने के लिए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की प्रशंसा की।

### मंदी की आहट से क्यों सहमा है आईटी सेक्टर ? कर्मचारियों पर दिख रहा सबसे ज्यादा असर

**नई दिल्ली।** अमेरिका समेत दुनियाभर में मंदी को लेकर बहस छिड़ी हुई है। मंदी पर बहस से इतर ऐसे अर्थशास्त्रियों की सूची लंबी है जो मान रहे हैं कि दुनिया मंदी की चपेट में आ चुकी है। बीते कुछ समय भारत समेत वैश्विक स्तर पर टेक कंपनियों में छंटनी और हायरिंग फ्रीज होने की वजह से यह डर गहरा होता जा रहा है। मंदी की वजह से स्टार्टअप्स के सामने भी कई तरह की चुनौतियां आई हैं। आमतौर पर मंदी को परिभाषित देश की जीडीपी से किया जाता है। किसी देश की जीडीपी लगातार दो या तीन तिमाही तक दबाव में रहती है या सिकुड़न होता है तो उसे 'तकनीकी मंदी' कहा जाता है। अर्थव्यवस्था में सिकुड़न की वजह से ना सिर्फ निवेश का माहौल गड़बड़ होता है बल्कि उपभोक्ताओं के खर्च करने का मिजाज भी संकुचित हो जाता है।

### बजाज आलियांज लाइफ का 581% सॉल्वेंसी रेशियो इंडस्ट्री में सर्वोच्च

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने आज दो प्रमुख मापदंडों को साझा किया, जिन्होंने बाजार में इसकी स्थिति को मजबूत बनाया है, और इसके ग्राहकों के जीवन लक्ष्यों को सुरक्षित रखने हेतु इस बीमाकर्ता की वित्तीय क्षमता को प्रदर्शित किया है। बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस का सॉल्वेंसी रेशियो 150% की नियामक आवश्यकता के मुकाबले 581% (वित्त वर्ष'22) है। वैश्विक स्तर पर, बीमाकताओं द्वारा सॉल्वेंसी रेशियो उच्च बनाए रखा जाता है और यह कंपनी की वित्तीय स्थिति को उजागर करता है। बजाज आलियांज लाइफ का 581% का सॉल्वेंसी रेशियो इसकी अल्पकालिक और दीर्घकालिक देनदारियों दोनों को पूरा करने की क्षमता को इंगित करता है। इसके अलावा, कंपनी का दावा निपटारा अनुपात 99.02% (वित्त वर्ष'22 के लिए व्यक्तिगत दावा निपटारा अनुपात) है, जो इंडस्ट्री में दर्ज कराए गए सर्वोच्च अनुपातों में शामिल है। यह ग्राहकों से किए गए अपने वादे को पूरा करने के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता का संकेत है, जो ग्राहक की पॉलिसी पर किए जाने वाले दावे के निपटारे से जुड़ा है। पिछले पांच वर्षों की अपनी परिवर्तनकारी यात्रा के क्रम में हमने हरसंभव प्रयास किया है कि हम अपने ग्राहकों से किए गए अपने वायदे पर खरा उतरें। हमारा सॉल्वेंसी अनुपात और दावा निपटारा अनुपात इस प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हम भारत अन्य अनेकानेक ग्राहकों के जीवन लक्ष्यों को हासिल करने में सक्षम बनाने हेतु पसंदीदा जीवन बीमाकर्ता बनने की दिशा में लगातार निवेश जारी रखेंगे।

### विदेशी बाजारों में मंदी से सोयाबीन सीपीओ और पामोलीन में मामूली गिरावट

**नयी दिल्ली।** विदेशी बाजारों में गिरावट के रुख और गुरुपर्व के मौके पर देश में सोयाबीन और सरसों की अधिकतर मंडियों के बंद होने के बीच दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में मंगलवार को सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ), बिनौला और पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट आई। वहीं सोयाबीन तिलहन, सोयाबीन डीगम तेल, सरसों एवं मूंगफली तेल-तिलहनों के भाव पूर्ववत बने रहे। कारोबारी सूत्रों ने कहा कि मलेशिया एक्सचेंज में एक प्रतिशत की गिरावट आई है जबकि शिकॉगो एक्सचेंज में अधिक घट-बढ़ नहीं है। मलेशिया एक्सचेंज की गिरावट से तेल कीमतों पर दवाब कायम हो गया और सीपीओ तथा पामोलीन तेल हानि के साथ बंद हुए। जाड़े की मांग और शादी-विवाह के मौसम की मांग होने के बीच गुरु पर्व के मौके पर अधिकतर मंडियों के बंद होने से सरसों, मूंगफली तेल-तिलहन और और सोयाबीन तिलहन कीमतें पूर्वस्तर पर रहीं। सोयाबीन डीगम तेल के दाम भी पूर्वस्तर पर बंद हुए जबकि सोयाबीन दिल्ली और इंदौर नरम बंद हुए। सूत्रों ने कहा कि सरकार का सोयाबीन और सूरजमुखी तेल के शुल्कमुक्त आयात का कोटा निर्धारित करना व्यावहारिक रूप से ठीक नहीं है और इस फैसले के परिणामस्वरूप बाजार में कम आपूर्ति की स्थिति पैदा हो गई है जिससे इन तेलों के दाम सस्ता होने के बजाय महंगा हो गये।

## गोयल ने निर्यात संवर्धन परिषदों से निर्यात गति बढ़ाने के प्रयास करने को कहा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने निर्यात संवर्धन परिषदों से निर्यात वृद्धि की गति बनाये रखने के लिए प्रयास करने की अपील की है। श्री गोयल ने सोमवार को यहां निर्यात संवर्धन परिषदों तथा उद्योग निकायों के साथ निर्यात पर क्षेत्रवार प्रगति की समीक्षा के दौरान यह बात कही। उन्होंने परिषदों से निर्यात को बढ़ावा देने तथा पिछले वर्ष दर्ज विकास की तेज गति को बनाये रखने की अपील की। श्री गोयल ने प्रतिनिधियों से कुछ देशों द्वारा खाली की गई जगह को हासिल करने की वैश्विक व्यापार की बाधाओं को दूर करने के प्रयास करने को कहा। उन्होंने उद्योग जगत से राष्ट्रवाद की भावना से विकास को बढ़ावा देने के लिए एक दूसरे की सहायता करने की अपील की। वाणिज्य मंत्री ने निर्यात के



वाणिज्य सचिव सुनील बर्तवाल ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए मंत्रालय द्वारा उठाये गए विभिन्न कदमों की विस्तार से जानकारी दी।

अवसर के क्षेत्रों का पता लगाने के लिए अधिकारियों को सेक्टरों, कमोडिटी तथा बाजारों के आधार पर निर्यात डाटा का विश्लेषण करने को भी कहा। उन्होंने सरकार के साथ निर्यात संवर्धन परिषदों तथा उद्योग निकायों के बीच संवाद के चैनलों को खोलने की अपील की जिससे कि उनके सामने आने वाले मुद्दों पर गौर किया जा सके और उनका समाधान निकाला जा सके। वाणिज्य सचिव सुनील बर्तवाल ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए मंत्रालय द्वारा उठाये गए विभिन्न कदमों की विस्तार से जानकारी दी। विदेश व्यापार महानिदेशक संतोष सारंगी ने नई निर्यात प्रवृत्तियों तथा संभावनाओं पर एक प्रस्तुति दी। इस मौके पर केंद्रीय कपड़ा राज्य मंत्री दर्शना विक्रम जरदोश, कपड़ा सचिव रचना शाह, निर्यात संवर्धन परिषदों, उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि तथा वाणिज्य विभाग, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ममता बनर्जी माइक्रो ब्लागिंग साइट कू ऐप से जुड़ीं



नयी दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी माइक्रो ब्लागिंग साइट कू ऐप से जुड़ गई हैं। अपनी पहली कू पोस्ट में सुश्री बनर्जी ने नल के जरिये 50 लाख ग्रामीण परिवारों तक स्वच्छ पेयजल की पहुंच की घोषणा की। उन्होंने इस उपलब्धि को हासिल करने में शामिल सभी लोगों को शुभकामनाएं दीं। प्लेटफॉर्म पर सुश्री बनर्जी का स्वागत करते हुए कू ऐप के सीईओ और सह-संस्थापक अप्रमेय राधाकृष्ण ने कहा, ह्लहम अपने मंच पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के आने से प्रसन्न हैं। अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के अन्य नेता और एआईटीसी का आधिकारिक हैंडल भी हमारे मंच पर मौजूद है। दुनियाभर में लाखों बंगाली यूजर्स और देशभर में कई भारतीय सीधे ममता जी से अपडेट हासिल करना चाहेंगे। यह उनके लाखों फॉलोअर्स के लिए अपनी मातृभाषा में विभिन्न विषयों पर उनके विचारों को जानने और सुनने का सबसे अच्छा तरीका है। कू ऐप की लॉन्चिंग के बाद से करीब ढाई वर्षों में इसने पांच करोड़ डाउनलोड का आंकड़ा पार कर लिया है और हम ज्यादा से ज्यादा प्रमुख शख्सियतों को वृहद भारत से जुड़ने के लिए मंच पर आने के लिए आमंत्रित करते हैं।

### अंबुजा सीमेंट्स को मिला पर्यावरण सुरक्षा को लेकर पुरस्कार

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** अडानी समूह की सीमेंट क्षेत्र से जुड़ी कंपनी अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड ने जल दक्षता, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन पर अंकुश लगाने और पर्यावरण श्रेणी में समग्र नेतृत्व पर अपनी पहल के लिए ईएसजी इंडिया लीडरशिप अवाड्र्स 2022 हासिल किया है। अंबुजा सीमेंट्स ने रविवार को एक बयान में कहा कि कंपनी ने अपने संचालन में सतर्कता के लिए विशिष्ट दृष्टिकोण और रिपोर्टिंग में पारदर्शिता ने समाज और पर्यावरण के लिए स्थायी समाधान बनाने में उद्योग के मानक स्थापित किए हैं। अंबुजा सीमेंट्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय कपूर ने कहा, अपने सभी प्रकार के संचालन कार्यों में हमारी सतर्कता संबंधी पहलों के कारण हमें ईएसजी इंडिया लीडरशिप अवाड्र्स 2022 में मान्यता प्राप्त होने की खुशी है। इसी पहल के कारण हमने समाज और पर्यावरण के लिए स्थायी समाधान बनाने में उद्योग के मानक स्थापित किए हैं।

### आम्रपाली के होम बायर्स का इंतजार और बढ़ सकता है

**नई दिल्ली।** आम्रपाली के होम बायर्स की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। आम्रपाली के प्रॉजेक्ट्स में अतिरिक्त एफएआर बेचने के मामले में फैसला आने में अभी वक्त लगेगा। जानकारी के मुताबिक, अब सुप्रीम कोर्ट में नई बैंच इस मामले की सुनवाई करेगी। जो बैंच इस मामले में पहले से सुनवाई कर रही थी। उसके जज आज रिटायर हो रहे हैं और सोमवार को इसमें फैसला जारी हो नहीं पाया है। इसके चलते अब नई बैंच नए सिरे से मामले की सुनवाई करेगी। फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) की बिक्री को लेकर पिछले सप्ताह सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा लिया था, लेकिन कुछ दस्तावेज उस दिन जमा नहीं हो पाए थे। कोर्ट रिसीवर आर वैंकट रमानी ने सोमवार को दस्तावेज जमा किए। हालांकि सोमवार को फैसला जारी नहीं हो सका। इस पूरे मामले की सुनवाई सीजेआई यूयू ललित और बेला त्रिवेदी के नेतृत्व में ज्वाइंट बैंच कर रही थी। सीजेआई यूयू ललित मंगलवार को रिटायर हो रहे हैं, जिसके चलते अब नए सिरे से इस मामले में सुनवाई होगी और जो दस्तावेज सोमवार को जमा किए गए हैं उनका रिव्यू किया जाएगा। पिछले सप्ताह सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा था कि थोड़ी उदारता बायर्स को भी दिखानी होगी।

## सप्ताह के पहले दिन बाजार में उछाल, सेंसेक्स 235 अंकों की तेजी के साथ 61185 के स्तर पर बंद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय स्टॉक मार्केट सप्ताह के पहले दिन आज सोमवार 7 नवम्बर को शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स में 235 अंकों की तेजी आई और यह 61185 के स्तर पर और निफ्टी 85 अंकों के उछाल के साथ 18202 के स्तर पर बंद हुआ। आज ब्रिटानिया, एसबीआई, अडाणी एंटरप्राइजेज, बीपीसीएल और आयशर मोटर में सबसे ज्यादा तेजी रही। डिवी लैब्स, एशियन पेंट्स, सिपला, सन फार्मा और अडाणी पोर्ट्स में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। ब्रिटानिया में 8.43 फीसदी का उछाल रहा। 7 नवम्बर को शेयर बाजार के मुख्य सूचकांकों ने बार-बार कांटा बदला। शुरूआत अच्छी ओपनिंग के साथ हुई, लेकिन कुछ ही देर में सेंसेक्स ने अपने 400 अंकों की वृद्धि खो दी और निफ्टी ने भी लगभग 80 अंक गंवा दिए। हालांकि, बाजार के बंद होते-होते एक बार फिर बुल्स ने एंट्री की और निफ्टी व सेंसेक्स लगभग



अपनी ओपनिंग के पास आकर बंद हुए। बैंकिंग सेक्टर में अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन किया। आज ब्रिटानिया के शेयर में 8 फीसदी से अधिक उछाल देखने को मिला। इसके अलावा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के स्टॉक ने भी इंट्राडे में 5 फीसदी तक की उड़ान भरी। निफ्टी के सेक्टर्स की बात करें तो पीएसयू बैंक्स में 4 फीसदी से अधिक का जबरदस्त उछाल दिखा। किसी भी इंडेक्स में 4 फीसदी का उछाल काफी बड़ा माना जाता है।

### नोटबंदी के फायदों पर छह साल बाद भी जारी है बहस

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** नोटबंद के छह साल बीत जाने के बाद भी इसके फायदे-नुकसान को लेकर बहस जारी है। सरकार का दावा है कि इससे अर्थव्यवस्था को औपचारिक रूप देने में मदद मिली, जबकि आलोचकों का कहना है कि यह फैसला काले धन पर अंकुश लगाने और नकदी पर निर्भरता को कम करने में विफल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आठ नवंबर, 2016 को अर्थव्यवस्था में भ्रष्टाचार और काले धन की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से 500 और 1,000 रुपये के नोटों को चलन से बाहर कर दिया था। इस कदम का उद्देश्य भारत को 'कम नकदी' वाली अर्थव्यवस्था बनाना था। यह भी कहा गया कि इससे काले धन पर अंकुश लगाने तथा आतंकवाद के वित्तपोषण को खत्म करने में मदद मिलेगी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से पखवाड़े के आधार पर शुक्रवार को जारी धन आपूर्ति आंकड़ों के अनुसार, इस साल 21 अक्टूबर तक जनता के बीच चलन में मौजूद मुद्रा का स्तर बढ़कर 30.88 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह आंकड़ा चार नवंबर, 2016 को समाप्त पखवाड़े में 17.7 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह चलन में मौजूद मुद्रा का स्तर नोटबंदी से अब तक 71 प्रतिशत बढ़ा। एसबीआई के अर्थशास्त्रियों की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल दिवाली वाले सप्ताह में प्रणाली में नकदी या मुद्रा (सीआईसी) में 7,600 करोड़ रुपये की कमी हुई। लोगों के बीच डिजिटल भुगतान के लोकप्रिय होने के कारण ऐसा हुआ। रिपोर्ट में साथ ही कहा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था इस समय एक संरचनात्मक बदलाव के दौर से गुजर रही है। एसबीआई की शोध रिपोर्ट के मुताबिक भुगतान प्रणाली में सीआईसी की हिस्सेदारी 2015-16 में 88 प्रतिशत से घटकर 2021-22 में 20 प्रतिशत रह गई।

# अब बदलेगी अनिल अंबानी की किस्मत कर्ज में डूबी कंपनी को खरीदेगा बिड़ला ग्रुप

**नवीन मेल संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला कैपिटल, रिलायंस कैपिटल लिमिटेड की लाइफ इंश्योरेंस यूनिट आरएनएलआईसी के सफल बोलीकर्ता के रूप में उभरने की स्थिति में निप्पॉन लाइफ के साथ विलय की संभावना को लेकर संपर्क में है। सूत्रों की तरफ से यह जानकारी दी गई। बिड़ला सन लाइफ, आदित्य बिड़ला कैपिटल की इकाई रिलायंस कैपिटल की सहयोगी रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी (आरएनएलआईसी) में 49 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखने वाली जापानी कंपनी निप्पॉन लाइफ आगे चलकर रिलायंस निप्पॉन लाइफ और बिड़ला सन लाइफ इंश्योरेंस के विलय के बारे में सोच सकती है। बिड़ला सन लाइफ, आदित्य बिड़ला कैपिटल की ही एक इकाई है। आरएनएलआईसी दिवाला प्रक्रिया से गुजर रही ऋणग्रस्त कंपनी रिलायंस कैपिटल की सहयोगी है। बीमा नियामक इरडा के निदेशों के मुताबिक कोई भी कंपनी एक से



अधिक जीवन बीमा इकाइयों का संचालन नहीं कर सकती है। इस वजह से बिड़ला सन लाइफ के प्रवर्तकों के आरसीएल के सफल बोलीकर्ता के रूप में उभरने की स्थिति में उसके लिए रिलायंस निप्पॉन लाइफ के साथ विलय करना एक बाध्यता हो जाएगी। इस बारे में प्रतिक्रिया के लिए आदित्य बिड़ला कैपिटल को भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला है। सूत्रों का

> बिड़ला सन लाइफ, आदित्य बिड़ला कैपिटल की ही एक इकाई है। आरएनएलआईसी दिवाला प्रक्रिया से गुजर रही ऋणग्रस्त कंपनी रिलायंस कैपिटल की सहयोगी है।

कहना है कि दोनों बीमा इकाइयों के मूल्यांकन के आधार पर निप्पॉन लाइफ को विलय के बाद बनने वाली नई इकाई में अपनी हिस्सेदारी को 49 प्रतिशत से घटाकर करीब 15 प्रतिशत पर लेकर आना होगा। आरसीएल और उसकी अनुषंगियों के लिए बाध्यकारी निविदा जमा करने की अंतिम तारीख 28 नवंबर है। आरसीएल के बीमा समेत आठ कारोबार इस बोली प्रक्रिया का हिस्सा हैं। इसमें बोलीकर्ता कंपनी एवं उसकी अनुषंगियों के लिए सम्मिलित बोली लगा सकते हैं या फिर वे अनुषंगियों के लिए अलग-अलग बोली भी लगा सकते हैं

### एमआरएफ का सितंबर तिमाही का लाभ 32 प्रतिशत घटकर 130 करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली।** टायर विनिमार्ता एमआरएफ का एकीकृत शुद्ध लाभ 30 सितंबर को समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 32 प्रतिशत घटकर 130 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 190 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। हालांकि, कंपनी की परिचालन आय दूसरी तिमाही में बढ़कर 5,826 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 4,908 करोड़ रुपये थी। बीती तिमाही में कंपनी का कुल खर्च भी 21 प्रतिशत बढ़कर 5,730 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 4,741 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी के निदेशक मंडल ने 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए तीन रुपये प्रति शेयर (30 प्रतिशत) का अंतरिम लाभांश घोषित किया है।

## पेज एक के शेष

### आयकर छापा में...

अनसिक्योरड लोन और शेयर कैपिटल के तौर अघोषित पैसों के स्रोत छिपाये। जांच में कंपनी से जुड़े लोगों ने भी इस बात की पुष्टि की कि उन्होंने कंपनी के एकाउंटेंट के द्वारा बनाये गये कागजातों पर सिर्फ हस्ताक्षर किया था, उन्होंने कभी कागजातों को स्वयं सत्यापित नहीं कराया।

### लुगुबुरु के समग्र...

संख्या में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ यह बताने के लिए काफी है कि उनमे लुगू बाबा के प्रति कितनी आस्था है। हम विरासत में मिली इस परंपरा, रीति-रिवाज को और मजबूत करने के साथ आगे ले जाने का संकल्प लें।

**आदिवासियों को जागरूक और मजबूत होना होगा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि कम शिक्षित होने की वजह से आदिवासी समुदाय अपने हक और अधिकार से वंचित रह जाता है। आदिवासी समाज को आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक समेत हर दृष्टिकोण से मजबूत होना होगा। उन्हें अपने हक और अधिकार के लिए जागरूक होना पड़ेगा। तभी वे आगे बढ़ सकते हैं। आदिवासी समाज सशक्त और जागरूक होगा तो उनकी आने की पीढ़ी तरक्की के नये आयाम स्थापित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी, दलितों और अन्य वंचित वर्गों और तबकों के विकास के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार कई जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। आप सभी इन योजनाओं से जुड़े और लाभ लें। आप आगे बढ़ेंगे तो समाज और राज्य भी आगे बढ़ेगा। मेरा मानना है कि अगर आदिवासी समुदाय सशक्त और स्वावलंबी बन जाये तो उन्हें अपने और अपने परिवार के लिए सरकार से राशन का अनाज लेने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। इस अवसर पर मंत्री चंपई सोरेन, पूर्व विधायक जोगेंद्र प्रसाद महतो, जिला परिषद अध्यक्षा सुनीता देवी और लुगूबुरु घंटाबाड़ी धोरोगाढ़ आयोजन समिति के अध्यक्ष बबुली सोरेन समेत हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### 95 वर्ष के...

देश के गृह मंत्री रहे और बाद में उन्हें उपप्रधानमंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गयी। एक प्रमुख राष्ट्रीय राजनीतिक दल के रूप में भाजपा को स्थापित करने के लिए उन्होंने 1990 के दशक में राम जन्मभूमि आंदोलन को लेकर रथ यात्रा की। इस घटना को राष्ट्रीय राजनीति में एक युगांतकारी मोड़ के रूप में देखा जाता है जिसके बाद से भाजपा लगातार मजबूत होती चली गयी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More "

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## न्यूज गैलरी

### शिक्षा लाभ कमाने का व्यवसाय नहीं, ट्यूशन फीस होनी चाहिए सस्ती : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि शिक्षा लाभ कमाने का व्यवसाय नहीं है और ट्यूशन फीस हमेशा सस्ती होनी चाहिए। बता दें कि आंध्र प्रदेश सरकार ने फीस 24 लाख रुपये प्रति वर्ष बढ़ाने का निर्णय किया था, जो निर्धारित फीस से सात गुना अधिक थी। इसको बाद में हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया। जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच ने सोमवार को आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखते हुए यह टिप्पणी की। आंध्र प्रदेश सरकार ने छह सितम्बर, 2017 को अपने सरकारी आदेश में एमबीबीएस छात्रों की ट्यूशन फीस में वृद्धि की थी। अदालत ने कहा कि हमारी राय है कि हाईकोर्ट ने छह सितम्बर, 2017 के उस सरकारी आदेश को रद्द करने में कोई गलती नहीं की है, जोकि 2017–2020 के लिए ट्यूशन फीस बढ़ाने से जुड़ा हुआ है। कोर्ट ने कहा कि फीस को बढ़ाकर 24 लाख रुपये सालाना करना यानी पहले तय फीस से सात गुना ज्यादा करना बिल्कुल भी जायज नहीं था। शिक्षा लाभ कमाने का धंधा नहीं है। ट्यूशन फीस हमेशा सस्ती होनी चाहिए।

### दूसरे चरण के सेमी क्रायो इंजन का हुआ सफल परीक्षण

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप अग्निकुल कॉसमॉस ने मंगलवार को दूसरे चरण के सेमी क्रायो इंजन–अग्निलेट के एक संस्करण का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि यह परीक्षण तिरुवनंतपुरम स्थित प्रक्षेपण वाहनों के विकास के लिए इसरो के प्रमुख केंद्र विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) में आयोजित किया गया था। इसरो ने कहा कि इसने एक भारतीय अंतरिक्ष स्टार्ट–अप द्वारा विकसित रॉकेट इंजन के गर्म परीक्षण की सुविधा प्रदान की। इसरो ने कहा कि वीएसएससी ने सफलतापूर्वक मेसर्स अग्निकुल कॉसमॉस प्राइवेट लिमिटेड के लिए एग्निलेट इंजन का 15वां हॉट टेस्ट तिरुवनंतपुरम स्थित थुम्बा इक्वेटोरियल रॉकेट लॉन्चिंग स्टेशन में आयोजित किया। यह परीक्षण इसरो और मैसर्स अग्निकुल कॉसमॉस प्राइवेट लिमिटेड के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के हिस्से के रूप में किया गया था। यह समझौता भारतीय अंतरिक्ष स्टार्ट–अप इन–स्पेस के माध्यम से इसरो की सुविधाओं का उपयोग करने के लिए अवसर प्रदान करेगा। कंपनी द्वारा विकसित अग्निलेट सिंगल पीस 3डी प्रिंटेड रॉकेट इंजन है जिसे पूरी तरह से देश में डिजाइन और विनिर्मित किया गया है। कंपनी ने एक बयान में दावा किया कि वह अग्निकुल कॉसमॉस रॉकेट इंजन डिजाइन करने वाली पहली कंपनी बन गई है जिसे 3डी प्रिंटिंग तकनीक का उपयोग करके हार्डवेयर के एक टुकड़े के रूप में मुद्रित किया जा सकता है।

# भारत, रूस, चीन के दम पर आगे बढ़ा ब्रिक्स

## ब्रिक्स देशों का तेजी से बढ़ रहा है दायरा, अमेरिका की बढ़ेगी टेंशन

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** यूक्रेन युद्ध के बीच अमेरिका को अब ब्रिक्स से बड़ा झटका लगता दिखाई दे रहा है। दुनिया की पांच उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं भारत, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील के नेतृत्व वाले ब्रिक्स ने अब दुनिया में अपना प्रभाव बहुत तेजी से बढ़ा लिया है। इसमें रूस और चीन दो ऐसे देश हैं जो अमेरिका के धुर विरोधी हैं। वहीं, इससे इतर अमेरिका को अपने वैश्विक अजेंडे को परंपरागत सहयोगियों से इतर दुनिया के अन्य देशों में बढ़ाने में नाकों चने चबाना पड़ रहा है। ब्रिक्स देशों की अर्थव्यवस्था दुनिया की कुल जीडीपी के एक चौथाई से भी ज्यादा है। यही नहीं दुनिया की कुल आबादी का 40 फीसदी लोग इन्हीं ब्रिक्स देशों में रहते हैं। हाल ही में हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में 19 देशों ने हिस्सा लिया था। अब इसकी तुलना विकसित देशों के जी-7 गुट से होने लगी है। ब्रिक्स का नाम ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका से मिलकर बना है। यह एक औपचारिक गठबंधन नहीं है और इसके सदस्य देशों जैस भारत और चीन के बीच व्यापक मतभेद भी हैं।

### सऊदी अरब और तुर्की ने भी ब्रिक्स में शामिल होने की जतायी है इच्छा

**इसके** बाद भी उन्हें एक ऐसी चीज है जो आपस में जोड़े हुए है। ये सभी देश पश्चिमी ढांचे से अलग आर्थिक और व्यापारिक तंत्र बना रहे हैं जो अब दूसरे देशों को भी बहुत पसंद आ रहा है। गत जून महीने में बीजिंग में ब्रिक्स देशों की बैठक हुई थी जिसमें आर्जेंटीना और ईरान ने भी इस संगठन में शामिल होने के लिए अप्लाइ किया है। वहीं मिस्र, अमेरिका का घनिष्ठ मित्र देश सऊदी अरब और नाटो का सदस्य देश तुर्की ने भी ब्रिक्स में शामिल होने की इच्छा जतायी है।



### ब्रिक्स शिखर बैठक में शामिल हुए 19 देश, दिखायी ताकत

**अल्जीरिया** ने भी पुष्टि की है कि उनका देश ब्रिक्स की सदस्यता के लिए आवेदन देने जा रहा है। चीन की ओर से आयोजित ब्रिक्स प्लस शिखर सम्मेलन में अल्जीरिया के राष्ट्रपति ने दलील दी कि विकासशील देशों को वैश्विक सुशासन के विभिन्न संस्थाओं लगातार अलग-थलग रखा जा रहा है। इससे अस्थिरता, असमानता बढ़ रही है और विकास प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के साल 1974 में आए प्रस्ताव के मुताबिक एक नए आर्थिक व्यवस्था के निर्माण की जरूरत है। उन्होंने सामूहिक सुरक्षा पर आधारित नयी अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को बनाने के बारे में भी बात की।

# वायुसेना प्रमुख ने लड़ाकू विमान राफेल में भरी उड़ान



**जोधपुर (एजेंसी)।** भारतीय सेना के प्रमुख मार्शल वीआर चौधरी ने मंगलवार को जोधपुर मे राफेल लड़ाकू विमान में उड़ान भरी। इस दौरान फ्रांसीसी वायु सेना प्रमुख जनरल स्टीफन मिले ने भारतीय रूसी मूल के सुखोई-30 लड़ाकू विमान में उड़ान भरी। बता दें कि द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने और आपसी सहयोग को मजबूत करने के लिए जोधपुर में पिछले 10 दिनों से भारत और फ्रांस की सेनाएं गरुड़-7 युद्धाभ्यास कर रही हैं। मिले ने सोमवार को नयी दिल्ली में भारतीय वायुसेना मुख्यालय में चौधरी से मुलाकात की। इसके बाद मिले भारतीय वायुसेना के चीफ के साथ जोधपुर पहुंचे, जहां भारतीय और फ्रांसीसी वायु सेना के बीच 18 दिवसीय सैन्य अभ्यास जारी है। इस दौरान वीआर चौधरी ने कहा कि फ्रांसीसी वायु सेना भी राफेल उड़ाती है, हम भी राफेल उड़ाते हैं, लेकिन हम राफेल के साथ कई अन्य विमान उड़ाते हैं। यह सीखना महत्वपूर्ण है कि मित्र राष्ट्रों के साथ कैसे तालमेल बिठाया जाये। चौधरी ने कहा कि भारत के लिए 4-5 पीढ़ी के विमानों को अपनी सूची में जोड़ना बहुत महत्वपूर्ण है। हमें तत्काल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 4.5 पीढ़ी के विमानों के साथ-साथ राफेल के पांच से छह स्क्वाड्रन की आवश्यकता है।

# नरक की ओर बढ़ रहे हैं हम : गुटेरेश

**मिस्र (एजेंसी)।** मिस्र के शर्म अल शेख में 27वें सालाना जलवायु सम्मेलन कॉप27 का उद्घाटन करते हुए यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेश ने चेताया कि दुनिया नरक के रास्ते पर चल रही है। शर्म अल शेख में दो दिवसीय जलवायु सम्मेलन कॉप27 की शुरुआत गंभीर चेतावनियों से हुई है। यूएन महासचिव गुटेरेश और कई अन्य विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि भविष्य अंधकारमय है और चीजें ठीक करने के लिए बहुत कम समय बचा है। गुटेरेश ने कहा कि मानवता के पास दो ही विकल्प है :- सहयोग या विनाश। या तो जलवायु के मुद्दे पर साथ आना होगा या फिर सामूहिक




आत्महत्या। उन्होंने चेतावनी दी कि फिलहाल जो दिशा है, वह बताती है कि हम जलवायु-नरक के हाईवे पर चल रहे हैं और हमारा पांव एक्सलरेटर पर है। गुटेरेश ने कहा कि जीवाश्म ईंधनों को छोड़ वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों को अपनाने की रफ्तार बढ़ाने के लिए दुनिया के सबसे धनी और सबसे गरीब देशों के बीच एक समझौते की जरूरत है।

उन्होंने कम संसाधन-सम्पन्न देशों को तुरंत धन उपलब्ध कराने का आग्रह किया ताकि वे अपना उत्सर्जन घटा सकें और जलवायु परिवर्तन के असर को झेल सकें। गुटेरेश ने कहा कि दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं अमेरिका और चीन को इस समझौते को वास्तविकता बनाने के लिए कोशिशों का हिस्सा बनने की खासतौर पर जरूरत है। उन्होंने कॉप27 में शामिल नेताओं से आह्वान किया कि स्पष्ट और समयबद्ध रास्ते पर सहमत हों और वित्त उपलब्ध कराने के लिए प्रभावशाली संस्थागत प्रबंध करें।

# दुनिया के कई देशों में नजर आया चंद्र ग्रहण का खूबसूरत नजारा

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** दुनिया में आज इस साल का आखिरी चंद्र ग्रहण नजर आ रहा है। भारत में यह ग्रहण दोपहर दो बजकर 39 मिनट पर शुरू हो चुका है। अमेरिका में स्थानीय

- चंद्रग्रहण के दौरान धरती की छाया से होकर गुजरता है चांद
- नासा ने लिखा है- ग्रहण के दौरान हल्का होने लगता है चांद

समयानुसार तीन बजकर 2 मिनट से यह ग्रहण शुरू हुआ है। यह चंद्रग्रहण आंशिक है लेकिन फिर भी इसे लेकर उत्साह बरकरार है। इसके बाद साल 2025 में चंद्रग्रहण नजर आयेगा। इस चंद्रग्रहण को ब्लड मून भी कहा जा रहा है। नॉर्थ अमेरिका से लेकर प्रशांत, ऑस्ट्रेलिया और एशिया में ग्रहण देखा जा सकेगा।

**क्यों होता है चंद्रग्रहण :** चंद्र ग्रहण के दौरान चांद धरती की छाया से होकर गुजरता है।



जबकि सूरज पीछे हो जाता है। ये चंद्रग्रहण दक्षिण अमरीका, उत्तर अमरीका, ऑस्ट्रेलिया, एशिया, उत्तर अटलांटिक महासागर तथा प्रशांत महासागर के क्षेत्रों में भी दिखाई देगा। नासा ने लिखा है ग्रहण के दौरान चांद हल्का होने लगता है, लेकिन इसके बाद भी काफी आकर्षक नजर आता है। ग्रहण चार बजकर नौ मिनट पर अपने चरम पर था और करीब एक घंटे तक ऐसा ही रहेगा। यह वह समय होता है जब चांद धरती की छाया से होकर गुजरता है।

### अब कब दिखेगा ऐसा नजारा

**यूं** भी कह सकते हैं कि चांद का अंधेरे वाला हिस्सा धरती की छाया में छिप जाता है। नासा का कहना है कि अगर आपने कभी आंशिक ग्रहण नहीं देखा है तो फिर आप इसे नंगी आंखों से देख सकते हैं। जैसे ही चांद, धरती की छाया से गुजरता है, यह बिल्कुल ऐसा नजर आता है कि किसी ने इसे डिस्क से काटकर अलग रख दिया है। चांद इस दौरान तांबे के जैसा लाल हो जायेगा। आप इसे देखने के लिए टेलीस्कोप का प्रयोग भी कर सकते हैं। जो लोग इस चंद्र ग्रहण को देखने से चूक जायेंगे, वह मार्च 2025 को इसका दीदार कर सकते हैं। हालांकि, साल 2023 और 2024 में भी आशिंक ग्रहण नजर आयेगा।

# मॉस्को में विदेश मंत्री लावरोव से मिले जयशंकर

**मॉस्को (एजेंसी)।** विदेश मंत्री जयशंकर ने रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ बैठक में कहा कि विभिन्न स्तरों पर हमारी सरकारों के मध्य मजबूत और सतत संपर्क हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि हमारी बैठक हमारे संबंधों का आकलन करने और वैश्विक परिस्थितियों पर एक-दूसरे के नजरिये को समझने के लिए है। उन्होंने कहा कि जहां तक द्विपक्षीय संबंधों की बात है, हमारा उद्देश्य एक समकालीन, संतुलित, परस्पर लाभकारी और दीर्घकालिक साझेदारी के निर्माण का है। विदेश मंत्री ने कहा कि कोविड, व्यापार संबंधी मुश्किलों ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है; अब हम यूक्रेन संघर्ष के परिणामों को इस मामले में शीर्ष पर देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन के हमेशा बने रहनेवाले मुद्दे भी हैं जिनका प्रगति तथा समृद्धि पर नकारात्मक असर होता है। उन्होंने कहा कि हमारी वार्ता में समग्र वैश्विक स्थिति और विशिष्ट क्षेत्रीय चिंताओं पर ध्यान दिया जायेगा।



# दुनिया को तबाह करने पर तुले चीन-पाकिस्तान

**रावलपिंडी (एजेंसी)।** पाकिस्तान और चीन की दोस्ती दुनियाभर के देशों से छिपी हुई नहीं है। चीन कई बार पाकिस्तान की आर्थिक मदद कर चुका है। वहीं, पाकिस्तान भी चीन के काले कारनामों का समर्थन करने से भी नहीं चूकता है। दोनों की दोस्ती अब और खतरनाक स्तर पर पहुंच गयी है। दोनों मिलकर दुनिया को तबाह करने पर तुले हुए हैं। रिपोट्र्स हैं कि चीन और पाकिस्तान मिलकर कोरोना वायरस से भी अधिक घातक वायरस बना रहे हैं। दोनों ही देश रावलपिंडी की रिसर्च लैब में इस वायरस को विकसित करने के लिए पार्टनरशिप में काम कर रहे हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई की एक



रिपोर्ट में जियो-पॉलिटिक के हवाले से कहा गया है कि वुहान इंस्टीट्यूट और डिफेंस साइंस एंड टेक्नोलॉजी ऑर्गनाइजेशन (डीएसटीओ) द्वारा इस विशेष प्रोजेक्ट को अंजाम दिया जा रहा है। बता दें कि डीटीएसओ पाकिस्तानी सेना द्वारा चलाया जाता है। हालांकि, पाकिस्तान ने साल 2020 में किसी विशेष परियोजना को अंजाम दिये जाने की खबरों का खंडन किया था। जियो-पॉलिटिक की रिपोर्ट के मुताबिक, रिपोर्ट में बताये गये पाकिस्तान की जैव सुरक्षा स्तर-3 (बीएसएल-3) प्रयोगशाला के बारे में कुछ भी रहस्य नहीं है। यह प्रयोगशाला रावलपिंडी में चाकलाला छावनी में स्थित है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि यह एक अत्यधिक सुरक्षित क्षेत्र है और इसका नेतृत्व टू स्टार जनरल करते हैं। कई मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि चीन वास्तव में ऐसे रोगजनकों को विकसित करने पर काम कर रहा है जिनमें कोविड से कहीं अधिक नुकसान करने की क्षमता है। साल 2020 से दुनियाभर में कहर बरपानेवाले कोरोना वायरस के बारे में चीन पर गंभीर आरोप लगते रहे हैं। दुनिया में अब तक कोरोना से लाखों लोगों की जान जा चुकी है।

# अपना वजूद बचाने को जूझती पाकिस्तान की हिंदू विरासत



### सिंध में विरासत के निशान

**इस** तनावपूर्ण माहौल के बीच सिंध की स्थिति थोड़ी अलग है। वहां मंदिर हैं, जिनमें से अधिकतर अब खंडहरों में तब्दील हो चुके हैं। वहां हिंदुओं द्वारा स्थापित किये गये उद्योग-धंधे हैं, शिक्षण संस्थान हैं, अस्पताल और धर्मशालाएं हैं जो 1947 के बंटवारे से पहले बनायी गयी थीं। हिंदू धर्म भले ही पाकिस्तान में संघर्षरत है, ये हिंदू प्रतीक पाकिस्तान की पहचान हैं। साधु बेला मंदिर उन्हीं में से एक है। पाकिस्तान हिंदू मंदिर प्रबंधन समिति के महासचिव और स्थानीय राजनेता दीवान चंद चावला बड़े फख्र से इस मंदिर का इतिहास बताते हैं। 2023 में इस मंदिर के 200 साल पूरे हो रहे हैं। चावला बताते हैं कि इस मंदिर को जोधपुर के कारीगरों ने बनाया था और इसके निर्माण में ताजमहल की झलक मिलती है।

**पेशावर (एजेंसी)।** पाकिस्तान में ऐसे बहुत से प्रतीक हैं जो समाज में हिंदू समुदाय की विरासत की गवाही देते हैं, लेकिन ये प्रतीक मिट रहे हैं या मिटाए जा रहे हैं। इसके साथ ही साझी विरासत भी खोती जा रही है। पाकिस्तान के शिख से नख तक बहने वाली सिंधू नदी के रेतीले तट पर दर्जनों हिंदू एक रंग-बिरंगी नाव का इंतजार कर रहे हैं। यह नाव उन्हें नदी के के बीचोबीच स्थित एक द्वीप पर ले जायेगी। उस द्वीप पर एक प्राचीन साधु बेला मंदिर है जो करीब 200 साल पुराना है। जैसे ही नाव द्वीप के किनारे पहुंचती है, जोर का जयकारा लगता है, साधु बेला की जय। संगमरमर और चंदन के बने साधु बेला मंदिर की पाकिस्तानी हिंदुओं में बहुत मान्यता है। हिंदू समुदाय को यह द्वीप दो सदी पहले सिंध प्रांत के मुस्लिम जमींदारों ने तोहफे में दिया था, जिसकी आज के पाकिस्तान में कल्पना भी मुश्किल मानी जाती है। उस पाकिस्तान में, जहां हिंदुओं जैसे अल्पसंख्यक समुदाय अपनी संस्कृति बचाने को संघर्ष कर रहे हैं। पाकिस्तान में करीब 40 लाख हिंदू रहते हैं, यानी आबादी का 1.9 प्रतिशत। उनमें से 14 लाख सिंध प्रांत में रहते हैं। देश में पूजा-अर्चना पर किसी तरह की पाबंदी नहीं है, लेकिन हिंदू कहते हैं कि अब वे खुले में पूजा-अर्चना जैसे धार्मिक प्रदर्शन से बचते हैं। हिंदू-बहुल भारत के साथ दशकों से जारी इस्लामिक देश पाकिस्तान की अदावत की इस हिंदू समुदाय ने भारी कीमत चुकाई है। जैसे, भारत में अल्पसंख्य मुसलमानों के लिए सामाजिक-आर्थिक मुश्किलों की भरमार है, वही हाल पाकिस्तान में हिंदुओं का है।

